ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 3 जून 2024
वर्ष 34, अंक 127, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



रियल मैड्रिड ने जीती चैंपियंस लीग 13

प्रीति जिंटा की लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी 14

**दिल्ली आबकारी नीति मामले में मिली थी 1 जून तक अंतरिम जमानत**

## केजरीवाल ने किया आत्मसमर्पण

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण किया। केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में 10 मई को अंतरिम जमानत दी थी। यह अवधि एक जून को समाप्त हो गई।

आत्मसमर्पण करने से पहले केजरीवाल ने राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-



● जेल जाने से पहले महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि, हनुमान मंदिर में की पूजा

अर्चना की। उन्होंने पार्टी कार्यालय में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि मैं जेल वापस जा रहा हूं, इसलिए नहीं कि मैं भ्रष्टाचार में शामिल था, बल्कि इसलिए कि मैंने तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाई। आप नेता ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान देश को बचाने के लिए प्रचार किया।

उन्होंने कहा कि मुझे सुप्रीम कोर्ट से 21 दिन की राहत मिली थी। ये 21 दिन अविस्मरणीय थे। मैंने एक मिनट भी बर्बाद नहीं किया। मैंने देश को बचाने के लिए चुनाव प्रचार किया। आम आदमी पार्टी महत्वपूर्ण नहीं है, यह गौण है। देश प्रथम है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के लिए तीसरी बार सत्ता में आने का अनुमान जताने वाले सभी एग्जिट पोल फर्जी हैं।

## गौतम अडाणी बने एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में उछाल के बाद गौतम अडाणी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। ब्लूमबर्ग बिलियनयर्स इंडेक्स के अनुसार, 111 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ अडाणी अब दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अंबानी 109 अरब डॉलर की संपत्तियों के साथ 12वें स्थान पर हैं।



● मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ा

## भुगतान न करने पर 7 वर्ष, जालसाजी पर उम्रकैद संभव

विनय सिंह, लखनऊ





**अमृत विचार :** साइबर अपराध जैसे, फिशिंग (जालसाजी), विशिंग (शब्दजाल) और हैकिंग आदि संगठित अपराधों में संलिप्त पाए जाने पर अभियुक्त को कम से कम पांच साल और अधिकतम उम्रकैद की सजा हो सकती है। इसी तरह शॉपलिफ्टिंग (दुकान अथवा मॉल से जानबूझकर भुगतान किए बगैर वस्तु ले जाना) की तो सात वर्ष की सजा हो सकती है। इसी तरह के तमाम तरह अपराधों के लिए सख्त कानून भारतीय न्याय संहिता-2023 में परिभाषित कर एक जून से लागू कर दिया गया है।

दरअसल, उप्र. में भारतीय न्याय संहिता-2023 लागू हो गई है। थानों में एफआईआर अब नए कानून के अंतर्गत ही दर्ज होंगे। इस बीच पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय से भी नागरिकों को जागरूक करने की पहल शुरू की है। पुलिस मुख्यालय ने सोशल मीडिया एवं अपने एक्स प्लेटफार्म के माध्यम से नागरिकों को विधिवत जागरूक करना शुरू किया है।

### पहले के कानून में क्या था

पहले के कानून में जालसाजी अथवा हैकिंग के लिए धारा-463 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया जाता था। इसके तहत मात्र दो वर्ष की सजा का प्रावधान था। इसी तरह शॉपलिफ्टिंग के लिए धारा 379 के अंतर्गत कार्रवाई होती थी, जिसकी सजा अधिकतम तीन वर्ष का कारावास था।

### क्या है धारा- 111, 112

पहली जून को फिशिंग (जालसाजी), विशिंग एवं हैकिंग से जुड़े अपराधों एवं सजा पर विस्तृत रूप से बताया गया। नए कानून के तहत अब इस तरह के अपराध पर धारा 111 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत होगा। जबकि 02 जून को शॉपलिफ्टिंग के बारे में बताया गया। शॉपलिफ्टिंग अर्थात दुकान अथवा मॉल से जानबूझकर भुगतान किए बगैर सामान ले जाने की सजा अब सात साल निर्धारित की गई है। इस आरोप में धारा 112 का प्रयोग किया जाएगा।





## जयराम के बयान पर चुनाव आयोग गंभीर, नोटिस भेजकर मांगा जवाब

**केंद्रीय गृहमंत्री शाह पर 150 डीएम को फोन कर धमकाने का लगाया था आरोप**

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने रविवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश से उनके उस दावे को लेकर तथ्यात्मक विवरण मांगा जिसमें उन्होंने कहा था कि चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 150 जिला अधिकारियों और कलेक्टरों से फोन करके बात की है। रमेश को भेजे गए पत्र में आयोग ने कहा है कि वह रविवार शाम 7 बजे तक अपने दावों का विवरण साझा करें।

निर्वाचन आयोग ने 1 जून को 'एक्स' पर किए गए जयराम रमेश के पोस्ट का हवाला दिया जिसमें उन्होंने दावा किया था कि निवर्तमान गृह मंत्री जिला अधिकारियों/कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं। अब तक उन्होंने 150 से बात की है। यह खुलेआम और निर्लज्ज तरीके से धमकी देना है। निर्वाचन आयोग ने रमेश से कहा कि मतों की गिनती की प्रक्रिया प्रत्येक चुनाव अधिकारी का एक पवित्र कर्तव्य है और ऐसे सार्वजनिक बयान संदेह पैदा करते हैं तथा इसलिए बयान व्यापक सार्वजनिक हित में दिए जाने चाहिए। आयोग ने कांग्रेस नेता से यह भी कहा कि जब आदर्श आचार संहिता लागू होती है तो सभी अधिकारी आयोग की प्रतिनियुक्ति के अधीन होते हैं और वे किसी भी निर्देश के लिए सीधे निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट करते हैं। हालांकि, किसी जिलाधिकारी ने ऐसे किसी अनुचित प्रभाव की सूचना नहीं दी है जैसा कि आपने आरोप लगाया है...।



● आयोग ने आरोपों का आधार बताते हुए कांग्रेस नेता से स्पष्टीकरण देने को कहा

### यह भाजपाई एक्जिट पोल कई महीने से तैयार था



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इंडी गठबंधन के जीतने का दावा करते हुए एक्जिट पोल को जनमत के साथ धोखा बताया है। रविवार को अपने एक्स हैंडल पर सपा प्रमुख ने लिखा कि एक्जिट पोल वास्तव में कई महीने पहले ही तैयार कर लिए गए थे। बस टीवी चैनलों में इन्हें अब चलाया गया है। अखिलेश यादव के मुताबिक, भाजपा को 300 पार इसलिए दिखाया जा रहा है जिससे कि घपला करने की गुंजाइश बनी रहे।

### यह एग्जिट पोल नहीं, मोदी मीडिया पोल है : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एग्जिट पोल को रविवार को फर्जी बताते हुए कहा कि यह चुनावों में धांधली को सही ठहराने के लिए जानबूझकर किया गया प्रयास और इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं का मनोबल कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खेले जा रहे मनोवैज्ञानिक खेल का हिस्सा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एग्जिट पोल को मोदी मीडिया पोल बताया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पार्टी के लोकसभा सांसदों के साथ एक बैठक के बाद एआईसीसी मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि इसे एग्जिट पोल नहीं कहा जाता बल्कि इसका नाम मोदी मीडिया पोल है। यह मोदी जी का पोल है, यह उनका काल्पनिक पोल है। यह पूछने पर कि 'इंडिया' गठबंधन को कितनी सीट मिलेंगी, इस पर गांधी ने कहा कि आपने सिद्धू मूसेवाला का '295' गीत सुना है? इसलिए 295 सीट।

## खीरी में हुए हादसे में लखनऊ निवासी मां, बेटों समेत चार लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** लखीमपुर खीरी जिले में रविवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में 6 लोगों की जान चली गई। पहली दुर्घटना में कार डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ खड़े कंटेनर से जा भिड़ी। हादसे में लखनऊ के कूर्मांचल नगर निवासी मां, उसके दो बेटों और भाभी की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल परिवार के मुखिया को लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

दूसरी दुर्घटना में कार चालक की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल हो गए। तीसरी दुर्घटना में लखीमपुर-पलिया मार्ग पर सुंदरवल के पास दो बाइकों की भिड़ंत में 14 वर्षीय किशोरी की जान चली गई।

लखनऊ के थाना गाजीपुर के कूर्मांचल नगर (इंदिरानगर) निवासी दिनेश चंद्र उपाध्याय पत्नी, भाभी और दो बेटों के साथ रुद्रपुर जा रहे थे। उचौलिया थाना क्षेत्र में जेबीगंज से शाहजहांपुर की ओर एक पेट्रोल पंप के पास ई रिक्शा को बचाने में उनकी ब्रेजा कार डिवाइडर तोड़कर दूसरी साइड में कंटेनर से टकरा गई। कार सवार सभी लोग घायल हो गए। सीएचसी पसगवां में दिनेश चंद्र उपाध्याय की पत्नी विमला उपाध्याय (60), बेटे दीपक उपाध्याय (40), राजीव उपाध्याय (35), भाभी विमला देवी (60) पत्नी बुद्धि वल्लभ उपाध्याय को मृत घोषित कर दिया गया। दिनेश चंद्र उपाध्याय को लखनऊ रेफर कर दिया गया है।



लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर क्षतिग्रस्त कार।

● लखीमपुर खीरी में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसे में दो अन्य की भी मौत

दूसरे हादसे में शाहजहांपुर से मोहम्मदी की तरफ जा रही रोडवेज बस और कार की गांव गोकन के निकट भीषण टक्कर हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल कार चालक प्रदीप सिंह की जिला अस्पताल शाहजहांपुर में मौत हो गई। 21 अन्य घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

तीसरा हादसा लखीमपुर पलिया मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में थाना नीमगांव क्षेत्र के सिकंदराबाद निवासी रफीक की 14 वर्षीय पुत्री अलीना की मौत हो गई।

### मेरठः कार में लगी आग, चार लोगों की जलकर मौत



**मेरठ :** जिले के जानी थाना क्षेत्र में रविवार को कांवड़ मार्ग पर एक कार में आग लग जाने से कार सवार चार लोगों की जलकर मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कमलेश बहादुर ने बताया कि रविवार रात करीब नौ बजे मेरठ के जानी थाना क्षेत्र के कांवड़ मार्ग पर भोलाझाल पर यह दर्दनाक हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि हादसे में कार में सवार चार लोगों की जलकर मौत हो गई। पुलिस मौके पर है और घटना की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि कार में सीएनजी गैस किट लगी थी, अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है, पुलिस शवों की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।

### एक नजर

#### आठ नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को आठ नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से चार के सिर पर कुल पांच लाख रुपये का इनाम था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने आदिवासियों पर माओवादियों द्वारा किए गए अत्याचारों और अमानवीय तथा खोखली माओवादी विचारधारा के प्रति निराशा व्यक्त की।

#### सूरत में 42.50 लाख का एलएसडी ड्रग्स बरामद

**सूरत।** गुजरात में सूरत शहर के अडाजण क्षेत्र में विशेष अभियान समूह (एसओजी) और पीसीबी की टीम ने 42 .50 लाख रुपये मूल्य का एलएसडी ड्रग्स और 65,460 रुपये कीमत का हाइब्रिड गांजा बरामद किया है। एसओजी सूत्रों ने रविववार को बताया कि सूचना मिली थी कि पार्थ केतनकुमार मंदिर वाला डार्कवेब नामकी ऑन लाइन वेबसाइट से बेंगकोक से कुरियर के द्वारा ड्रग्स मगाकर बेचता है।

#### मुंबई की बहुमंजिला इमारत में लगी आग

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के भायखला इलाके में 62 मंजिला एक आवासीय इमारत में शनिवार आधी रात को आग लग जाने से एक व्यक्ति पांडुरंग शिंदे (57) घायल हो गया, लेकिन 25 से 30 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला लिया गया। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि भायखला के 'खटाऊ मिल कम्पाउंड' में 'मोंटे साउथ' इमारत के 'ए विंग' की 10वीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में रात लगभग 11 बजकर 42 मिनट पर आग लग गई जिसके कारण पूरी मंजिल पर धुआं भर गया और कुछ लोग इमारत की ऊपरी मंजिलों पर फंस गए। 25 से 30 लोगों को सीढ़ियों के जरिए बाहर निकाला गया।

## गुवाहाटी में आईआईएम की स्थापना को केंद्र की मंजूरी

गुवाहाटी, एजेंसी

केंद्र ने असम में गुवाहाटी के पास भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा ने रविवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही गुवाहाटी देश के उन कुछ शहरों में शामिल हो जाएगा, जहां शीर्ष शैक्षणिक संस्थान हैं।

● राज्य में उच्च शिक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम : हिमंत

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पिछले 18 महीनों से केंद्र के साथ इस मामले को आगे बढ़ा रही थी, और नया संस्थान राज्य में उच्च शिक्षा के लिए 'क्रांतिकारी कदम' होगा। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि एक बड़ी खबर साझा कर रहा हूं! 2023 में हमारे अनुरोध के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुवाहाटी के पास एक भारतीय प्रबंध संस्थान को मंजूरी देकर असम के लोगों को एक विशेष उपहार दिया है। इससे यह उन कुछ शहरों में शामिल हो गया है जहां आईआईटी, एम्स, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और अब आईआईएम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और उनके मंत्रालय के समक्ष अपना मामला पेश किया था, साथ ही प्रधानमंत्री मोदी को भी पत्र लिखा था।

## प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी की तलाश में जुटी एसआईटी

**बेंगलुरु।** एसआईटी ने महिला के अपहरण के मामले में जद (एस) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना की तलाश में 24 घंटे में विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली। भवानी हासन जिले के होलेनरसीपुरा में अपने आवास पर मौजूद नहीं थीं, जिसके बाद उनकी तलाश की जा रही है। इस बीच, कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि भवानी को गिरफ्तार करने के लिए तलाश की जा रही है जो फरार हैं। उन्होंने कहा कि भवानी कहीं छिपी हुई हैं और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

● महिला के अपहरण का मामला

## अरुणाचल में भाजपा को फिर मिली सत्ता

ईटानगर, एजेंसी

भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करते हुए रविवार को 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट जीतकर बहुमत हासिल कर लिया। राज्य में 60 में से 50 विधानसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के साथ मतदान हुआ था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 10 सीट पहले ही निर्विरोध जीत ली थीं। अधिकारियों के अनुसार, जिन 50 सीट पर मतदान हुआ, उनमें से भाजपा ने 36 सीट पर जीत दर्ज की और मुख्यमंत्री पेमा खांडू निर्विरोध जीतने वाले 10 उम्मीदवारों में से एक हैं।

नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) को पांच सीट मिलीं, जबकि पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ने दो और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने तीन सीट पर जीत दर्ज की। कांग्रेस ने एक सीट जीती और तीन सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार विजयी हुए हैं।



● 60 सदस्यीय अरुणाचल विस में 46 सीटें हासिल कीं

### मोदी ने कहा- धन्यवाद अरुणाचल!



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा की जीत पर राज्य के लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि धन्यवाद अरुणाचल प्रदेश! इस अद्भुत राज्य की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है। अरुणाचल में भाजपा पर एक बार फिर अपना विश्वास जताने के लिए उन्हें मेरा आभार। हमारी पार्टी राज्य के विकास के लिए और भी अधिक उमंग के साथ काम करेगी।

### सिक्किम में एसकेएम को प्रचंड बहुमत, विधानसभा की 32 में से 31 सीटें जीतीं

**गंगटोक।** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) 32 सदस्यीय विधानसभा में 31 सीट पर जीत दर्ज करके रविवार को लगातार दूसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ सिक्किम में अपनी सत्ता बरकरार रखी। वर्ष 2019 तक लगातार 25 साल राज्य पर शासन करने वाला सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) महज एक सीट जीत पाया है। एसडीएफ अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग दोनों सीट पर हार गए हैं। उन्होंने दो सीट पर चुनाव लड़ा था। एसकेएम अध्यक्ष और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग भी दो सीट पर चुनाव लड़े थे और उन्होंने दोनों सीट पर जीत दर्ज की। सिक्किम में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के साथ ही विधानसभा का चुनाव हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीत के लिए सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा और तमांग को बधाई दी।

### बम की धमकी, आपात स्थिति में उतारा विमान

**मुंबई, एजेंसी:** पेरिस से 306 यात्रियों को लेकर मुंबई आ रही विस्तारा की एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिती में उतारा गया। सूत्रों के अनुसार पूर्वाह्न 10 :08 बजे पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया और विमान 10:19 बजे हवाई अड्डे पर उतरा। सूत्र ने बताया कि पेरिस से मुंबई आने वाली इस उड़ान में 294 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे। विस्तारा ने एक बयान में पुष्टि की कि दो जून 2024 को पेरिस से मुंबई के लिए संचालित होने वाली एयरलाइन की उड़ान यूके 024 में सवार हमारे कर्मचारियों ने सुरक्षा संबंधी खामी के बारे में जानकारी दी जिसके बाद एयरलाइन ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया।

## हल्की बौछारों से जल्द मिलेगी भीषण गर्मी से राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी तथा हीट वेव के बीच प्रदेशवासियों के लिए मौसम विज्ञान विभाग ने राहत भरी खबर दी। विभाग के मुताबिक दो से चार जून तक कई जिलों में तेज हवा चलने का अनुमान है।

इससे तापमान में गिरावट आएगी। लेकिन, मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान है कि बुंदेलखंड में अगले तीन दिन तक लू जारी रहेगी। रविवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 42.2 दर्ज किया गया। फतेहपुर, झांसी और कानपुर जिले सबसे गर्म रहे। मौसम विज्ञान विभाग वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि 5 जून तक पूरे प्रदेश में प्री-मानसून का असर दिखेगा। लगभग सभी जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान तेज हवा चलेगी। गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में लू चलेगी। हालाकि दिन के वक्त यहां भी हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। इसके अलावा पश्चिमी जिलों में बारिश के साथ 40-50 प्रति किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। पूर्वी जिलों में भी बारिश के मध्यम गति से हवाएं चलेंगी। अगले तीन दिन में तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी।





### ये जिले सबसे गर्म

| | | |
|---|---|---|
| फतेहपुर | - | 46.2 डिग्री |
| कानपुर | - | 45.2 डिग्री |
| झांसी | - | 45.2 डिग्री |
| उरई | - | 44.8 डिग्री |

### राजधानी को मिली राहत

राजधानी में रविवार सुबह ही बादल छाने लगे। इसी के साथ कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हुई। 10 से 15 मिनट की बूंदाबांदी के बाद आसमान साफ हो गया। दोपहर में फिर से घने बादल दिखे। इससे गर्मी से थोड़ी राहत रही। लखनऊ का अधिकतम तापमान 42 .2 डिग्री दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 30 .2 डिग्री रहा।

## डाक मत पत्रों की गिनती पहले हो

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडी गठबंधन के नेताओं ने रविवार को निर्वाचन आयोग से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि 4 जून को ईवीएम के नतीजों से पहले डाक मत पत्रों की गिनती कर उनके परिणाम घोषित किये जाएं। मंगलवार को होने वाली मतगणना से पहले, गठबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ से मुलाकात की। मुलाकात के बाद, कांग्रेस नेता अभिषेक सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा कि यह तीसरा मौका है जब विपक्षी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने आम चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग का दौरा किया। सिंघवी ने बताया कि प्रतिनिधमंडल ने अन्य चीजों सहित अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ईवीएम के नतीजे घोषित किये जाने से पहले डाक मत पत्रों की गिनती हो और उनके परिणाम घोषित किये जाए।

● इंडी गठबंधन के नेताओं ने चुनाव आयोग से किया अनुरोध

कांग्रेस नेता ने कहा, हमारी यह शिकायत है कि डाक मतपत्रों के संबंध में दिशानिर्देश को दरकिनार कर दिया गया है। आयोग को सौंपे गए एक पत्र में नेताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव में डाक मत पत्रों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है क्योंकि वरिष्ठ नागरिकों (85 वर्ष और इससे अधिक आयु के) और दिव्यांगजनों को इस प्रक्रिया के जरिये मतदान करने की अनुमति दी गई थी। पत्रों की गिनती पहले की जाएगी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार, माकपा महासचिव सीताराम येचुरी सहित 13 विपक्षी नेताओं के हस्ताक्षर वाले दूसरे पत्र में कहा गया है कि हालांकि राजनीतिक दलों ने अपने मतगणना एजेंटों को प्रशिक्षित करने के लिए काफी प्रयास किये हैं, फिर भी मतगणना अधिकारी अक्सर मतगणना प्रक्रिया के सभी पहलुओं को समझ पाने में नाकाम हो जाते हैं। येचुरी ने कहा कि नेताओं ने निर्वाचन आयोग से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि उसके खुद के दिशानिर्देशों को लागू किया जाए।

## एक नजर

### हीटवेव को लेकर डीजीपी ने जारी की गाइडलाइन

अमृत विचार, लखनऊ : हीटवेव से परेशान होते पुलिस कर्मियों को लेकर डीजीपी प्रशान्त कुमार ने गाइडलाइन जारी की है। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी नींबू, इलेक्ट्राल, ग्लूकोज एवं ओआरएस घोल आदि प्रयोग करते रहे एवं अधिक प्रोटीन तथा वसायुक्त भोजन से परहेज करें। उन्होंने उच्चाधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने स्तर से पुलिस कर्मियों को सत्तू, छाछ, दही आदि के सेवन के लिए प्रेरित करें। डीजीपी ने कहा कि यातायात कर्मी दोपहर में चौराहों पर ड्यूटी करते हैं। अत: उनके बूथ और शेड को ठीक करा लिया जाए। साथ ही वहां पर पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए।

### स्ट्रांग रूम की कर रहे निगरानी : रविदास

अमृत विचार,लखनऊ : सपा कार्यकर्ता दिन रात ईवीएम स्ट्रांग रूम की निगरानी कर रहे हैं, यह जानकारी लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा ने जारी एक बयान में कहा है। उन्होंने कहा कि 4 जून को बहुमत के साथ इंडी गठबंधन सरकार बनाने जा रही है। लखनऊ और मोहनलाल गंज की दोनों सीट से भाजपा प्रत्याशी हार रहे है। एग्जिट पोल पूर्ण रूप से फर्जी है। भाजपा ने जनता के सामने जीत का भ्रम फैलाने के लिए यह एग्जिट पोल तैयार कराया है।

# 179 विशेष प्रेक्षक रखेंगे मतगणना पर पैनी नजर

**75** जिलों में बनाए गए 81 केंद्र, लोकसभा व विधानसभा के लिए अलग-अलग होगी मतगणना

**18** वर्ष से ऊपर के व्यक्ति बन सकेंगे मतगणना एजेंट सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतों की गिनती

**37** लोकसभा क्षेत्रों की दो जिलों में और 35 की एक जिले में होगी मतगणना

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में स्वतंत्र व निष्पक्ष मतगणना के लिए 179 विशेष प्रेक्षक तैनात किये हैं। विशेष प्रेक्षक मतगणना पर सतर्क नजर रखेंगे। 75 जिलों में 81 मतगणना केंद्र बनाएं जाएंगे। लोकसभा व विधानसभा सीटों के लिए अलग-अलग हाल में मतगणना होगी। सभी मतगणना व सीलिंग की कार्रवाई सीसीटीवी की निगरानी में की जाएगी। मतगणना चार जून को सुबह आठ बजे से शुरू होगी। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व त्रुटिरहित मतगणना के लिए तैयारी पूरी हो गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 15 प्रेक्षक को एक-एक विधानसभा क्षेत्र, 104 प्रेक्षक को दो-दो विधानसभा क्षेत्र और 60 को तीन-तीन विधानसभा क्षेत्र आवंटित किये गये हैं। 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 80 रिटर्निंग अफसर और 1581 सहायक रिटर्निंग आफिसर के जरिये सम्पन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि आगरा, मेरठ, आजमगढ, देवरिया, सीतापुर व कुशीनगर जिलों में मतगणना दो-दो केंद्रों पर होगी। आठ लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना तीन जिलों में, 37 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना दो जिलों में और 35 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना एक जिले में होगी। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की मतगणना जिला निर्वाचन कार्यालयों के मतगणना स्थल में होगी। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार होगी। इसके बाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम का योग कर लोकसभा क्षेत्र का परिणाम घोषित किया जायेगा। गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 1127 मतदेय स्थल होने के कारण सबसे अधिक 41 राउंड में मतगणना सम्पन्न होगी।



मतगणना संबंधी जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा। अमृत विचार

### 851 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

मतगणना के जरिये कुल लोकसभा सीटों पर 851 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। चुनाव मैदान में रहे इन प्रत्याशियों में 771 पुरुष व 80 महिला हैं। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोकसभा क्षेत्र में व सबसे कम चार प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में हैं। प्रत्याशियों को मतगणना केंद्र में प्रवेश के लिए निधारित मानक का पालन करना होगा।

### विस सीटों के लिए अलग रिटर्निंग अफसर तैनात

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा उप चुनाव वाली सीटों शाहजहांपुर की ददरौल, लखनऊ पूर्व, बलरामपुर की गैंसड़ी व सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) पर मतगणना के लिए अलग-अलग रिटर्निंग अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना के लिए चार रिटर्निंग अफसर व 26 सहायक रिटर्निंग अफसर तैनात किये गये हैं।

### इन नंबरों पर करें शिकायत

प्रत्याशी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता के जरिये मतगणना शुरू होने की तारीख से तीन दिन पूर्व शाम पांच बजे तक मतगणना एजेंट बनाये जाने के लिए प्रारूप-18 पर रिटर्निंग अफसर के समक्ष आवेदन किया गया है। मतगणना एजेंट नियुक्त करने के लिए कोई योग्यता निर्धारित नहीं है। केवल 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को मतगणना एजेंट बनाया जा सकता है। केंद्र व राज्य सरकार के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, मेयर, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के अध्यक्ष को मतगणना एजेंट बनाये जाने पर प्रतिबंध है। केन्द्र व राज्य सरकार से सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को मतगणना एजेंट बनाये जाने पर भी प्रतिबंध है। ग्राम प्रधान, सरपंच, पंचायत सदस्यों, सभासद आदि को एजेंट बनाये जाने के संबंध में कोई प्रतिबंध नहीं है।

### 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 01 जून तक पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4768 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 28,44,490 लोगों को पाबंद किए जाने के लिए नोटिस भेजे गए है, जिनमें से 27,05,146 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5423 केन्द्रों पर छापा मारा गया और 188 केन्द्रों को सील किया गया है।

# दुबई और ओमान से शुरू होगा दशहरी के निर्यात का सफर

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** फलों का राजा दशहरी के निर्यात की तैयारी शुरू हो गई है। दशहरी के इस सफर की शुरुआत दुबई और ओमान के निर्यात के साथ शुरू हो जाएगी। आगामी 10 जून के बाद आम की यह पहली खेप रवाना हो जाएगी। इन दोनों स्थानों पर 18-18 एमटी आम भेजा जा रहा है। मैंगो पैक हाउस में इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं।

**छह देशों से आर्डर:** बागवानों के मुताबिक दुबई, ओमान के साथ ही कुवैत, सऊदी अरब, इंग्लैंड और रूस आदि से बडे.आर्डर आ रहे हैं। फिलहाल दुबई और ओमान आम निर्यात किए जाने की तैयारी है। मैंगो पैक हाउस तैयार है। आम के टूटने का क्रम दस से शुरू हो जाएगा।

**निर्यात वाले प्रति आम का वजन करीब 400 ग्राम होना जरूरी:** रहमान खेड़ा स्थित मैंगो पैक हाउस के जीएम अकरम बेग बताते हैं कि निर्यात के लिए विशेष तरह के आम का चयन होता है। इसका वजन करीब 400 ग्राम होता है। आम बिल्कुल दाग रहित और साफ होता है। टूटने के बाद विशेष तरह से प्रोसेस कर उसे पैक किया जाता है। उसके बाद तय देशों से आए आर्डर के मुताबिक भेजा जाता है।



▸▸ दोनों जगहों पर भेजा जाएगा 18-18 एमटी आम

### बीते वर्षों का आंकड़ा

| वर्ष | निर्यात एमटी |
|---|---|
| 2020 | 388 |
| 2021 | 437 |
| 2022 | 46 |
| 2023 | 18 |

### अब तक ये देश ले चुके हैं दशहरी का जायका

बीते वर्षों में दुबई, ओमान, लंदन, जर्मनी, दोहा, यूके, नेपाल, इटली, ईरान, जेद्दा, भूटान, बहरीन, रसिया, माले, स्वीटजजरलैंड आदि देशों के लोग आम की विभिन्न किस्मों का स्वाद चख चुके हैं।

# टोल टैक्स बढ़ाने का आदेश प्रभावी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कारों पर नहीं बढ़ाया गया है टोल टैक्स

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को देखते हुए टोल टैक्स बढ़ाने का रूका हुआ आदेश अब प्रभावी हो गया है। टोल टैक्स में लगभग 5 से 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो मासिक पास पर भी लागू होगी। ऐसे में उत्तर प्रदेश में हाइवे पर रविवार रात से टोल टैक्स बढ़ जाएगा।

राज्य में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। इसके साथ ही कई ऐसे हाईवे भी हैं जो कहीं न कहीं इन एक्सप्रेस वे से जुड़ते हैं। इन सभी पर पड़ने वाले टोल प्लाजा पर बढ़ा हुआ टोल वसूला जाने लगा है।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने कार, बस और ट्रक के लिए टोल टैक्स बढ़ा दिया है। टैक्स में 5 से 25 रुपये बढ़ाए जा रहे हैं। 2 जून की रात से ये टैक्स बढ़ जाएगा। टोल प्लाजा पर नए दरों की सूची भी चस्पा कर दी गई है। दरअसल, एनएचएआई ने 1 अप्रैल से टोल टैक्स की दरें बढ़ा दी थीं, लेकिन इसे चुनाव के कारण स्थगित कर दिया गया था। 1 जून को वोटिंग खत्म होने के 02 जून की रात 12 बजे से इसे लागू करने के आदेश जारी हो गए हैं। एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि कारों पर कोई टोल नहीं बढ़ाया गया है।

# महिला समूहों को सात दिनों में मिलेंगे तीन हजार रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार की योजना के तहत प्रदेश की महिला समूहों को अब सात दिन में तीन हजार रुपये मिलेंगे। नगर विकास विभाग ने इस सिलसिले में नगर निकायों को निर्देश जारी किया है।

प्रदेश में छोटे निकायों में लोगों को स्वच्छ जल के बारे में जागरूक करने के लिए अमृत-दो योजना में महिला मित्रों को रखा गया है। महिला मित्रों का कार्य पानी की गुणवत्ता के बारे में जानकारी देना है। शासन की ओर से कहा गया है कि इन महिलाओं को पारिश्रमिक व स्थानीय यात्रा भत्ता सदस्यों के खाते में सीधे जल संस्थान के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। सूडा इस पैसे को जल संस्थान को देगा।

# आवक कम, मौरंग-बालू हुई महंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मौरंग का ट्रक 60 से 70 हजार रुपये में हुआ

**अमृत विचार:** कुछ खदानों पर खनन रोके जाने के साथ ही मौरंग की कीमतों ने तेजी पकड़ ली है। इससे लाल मोटी बालू कहा जाने वाला मौरंग का ट्रक 60 से 70 हजार रुपये में पहुंच गया है। वहीं बालू की कीमतों में भी तेजी दर्ज की गई है।

25 हजार रुपये वाले बालू के ट्रक की कीमत अब 25 से बढ़कर 30 हजार रुपये हो गई है। भवन सामग्री विक्रेताओं का मानना है कि 15 जून के बाद एक बार कुछ दिनों के लिए पट्टा जरूर दिया जाएगा जिससे बरसात के वक्त किसी भी तरह की दिक्कतें न हों।

### भवन सामग्री

| | मई (आखिरी सप्ताह) | जून (प्रथम सप्ताह) |
|---|---|---|
| मौरंग- | 60,000 | 70,000 |
| बालू- | 25,000 | 30,000 |

नोट : रुपये प्रति ट्रक (एक हजार घनफीट)

भवन निर्माण सामग्री में अचानक बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। इसमें मौरंग और बालू खासतौर पर महंगी है। खनन कम होने से इनकी कीमतों में बड़ा अंतर आया है। उम्मीद है सरकार 15 जून तक कुछ दिनों के लिए पट्टा जारी करेगी जिससे बरसात में होने वाली भवन सामग्री की कमी से बचा जा सके। यहीं नहीं सरिया के दाम में भी मामूली अंतर आया है। प्रति टन जो सरिया 60 से 62 हजार रुपये थी वह बढ़कर 64 हजार रुपये हो गई है।- **श्याममूर्ति गुप्ता, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सीमेंट व्यापार संघ**

# सिलेंडर से आग बुझाना तो दूर, उसे चला भी नहीं पाते कर्मी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ चिकित्सा शिक्षा विभाग में संपन्न बैठक में जताई गई चिंता दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

▸▸ कर्मचारियों को किया जाए प्रशिक्षित : अविनाश चंद्र

**अमृत विचार:** चिकित्सा संस्थान हो या सरकारी अस्पताल, सभी में अग्निशमन सुरक्षा संबन्धी सिस्टम तो उपलब्ध होते हैं, मगर आग लगने की स्थिति में संस्थान के कर्मचारी सिलेंडर से आग बुझाना तो दूर, उसे चला भी नहीं पाते हैं। क्योंकि उन्हें प्रशिक्षण नहीं मिला होता है। इसलिए संस्थान से अपेक्षा है कि आग बुझाने वाले सिलेंडर निर्धारित तिथि के बाद दुबारा रिफिंग को भेजने के पहले, अधिकारियों व कर्मचारियों को सही प्रशिक्षण दिया जाये, हर एक को सिलेंडर प्रयोग करने का अवसर दिया जाये, जब तक सिलेंडर पूरी तरह से खाली न हो जाये।

यह महत्वपूर्ण सलाह रविवार को एनेक्सी भवन में चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा बुलाई गई बैठक में उप्र.अग्निशमन महानिदेशक अविनाश चंद्र ने दी। उन्होंने बताया कि सिलेंडर खाली न होने की दशा में, गैस भरने वाली कंपनी भी सिलेंडर को साफ कर तारीख बदलकर भेज दे देती हैं, क्योंकि उन्हें भी पता है हर सिलेंडर उपयोग नहीं होता है। इससे सरकारी धन का व्यर्थ खर्च भी होता है और सुरक्षा के मानक भी टूटते हैं। इसलिए सिलेंडर खाली करके ही रिफिल के लिए भेजना चाहिये।

अविनाश चंद्र ने आगे बताया कि हॉस्पिटल भवन का इलेक्ट्रिकल ऑडिट कराना चाहिये। समय समय पर इलेक्ट्रिक वायरिंग के साथ ही वर्तमान इलेक्ट्रिक लोड और तारों की क्षमता चेक करानी चाहिये। इसके अलावा उन्होंने बताया कि एयर कंडीशनर और विद्युत चालित जीवन रक्षक उपकरण लगातार न चलायें, वैकल्पिक व्यवस्था जरूर रखें। ऑक्सीजन टैंकों का भंडारण के मानक जरूर पूरे करने चाहिये, क्योंकि आमजन द्वारा लापरवाही के साथ धूम्रपान करना कभी भी घातक हो सकता है।


### गठित हो चार टीम

प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि फायर अलार्म या पब्लिक एड्रेस सिस्टम दुरुस्त होना चाहिये, आग लगने की स्तिथि में जानमाल की सुरक्षा में उपयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल्स में इवैक्यूएशन टीम, फायर फाइटिंग टीम, सर्च एंड रेस्क्यू टीम और को-ऑर्डिनेशन एंड मेडिकल टीम जरूर गठित की जाये।

# बाघ से बोले मुख्यमंत्री क्या रे.. कैसा है तू

**अमृत विचार, गोरखपुर :** चुनाव प्रचार से फुर्सत पाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर स्थित शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान में कुछ समय बिताया। यहां उन्होंने करीब एक सप्ताह पूर्व इटावा लॉयन सफारी से लाए गए पांच साल के बब्बर शेर भरत और सात साल की शेरनी गौरी को भी देखा।

योगी को देख बाघ अमर एक पैर उठाकर यूं दहाड़ मारने लगा जैसे मानो उन्हें सलामी दे रहा हो। उसकी दहाड़ पर योगी भी हंस पड़े और कहने लगे, क्या रे.. कैसा है तूं। इस दौरान एक कर्मचारी को उन्होंने समझाया कि बाड़े की जाल को मत छुओ, इससे बाघ नाराज हो रहा है। बब्बर शेर पटौदी ने भी अपने बाड़े के सामने योगी को देख दहाड़ लगायी।



गोरखपुर स्थित शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान में निरीक्षण के दौरान बाघ से मुखातिब मुख्यमंत्री योगी।अमृत विचार

# खुद पर उठे सवालों के बीच मोदी के साथ सारथी की तरह रहे योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ चुनाव प्रचार के दौरान मोदी-योगी के बीच दिखा बेहतर समन्वय

▸▸ मेरठ से मिर्जापुर तक प्रधानमंत्री के साथ 21 कार्यक्रमों में साथ रहे मुख्यमंत्री योगी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष की ओर से खुद पर उठे सवालों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सारथी की तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रहे। प्रचार के दौरान दोनों जहां भी साथ रहे बेहतर समन्वय देखने को मिला। शनिवार को सर्वे एजेंसियों की रिपोर्ट में एग्जिट पोल के नतीजों ने भाजपा और एनडीए को जोश से भर दिया है। ऐसे में चर्चा हो रही है कि उप्र. में मोदी और योगी की जोड़ी एक बार फिर प्रभावी साबित हुई है।

दरअसल, पिछले दिनों दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा योगी आदित्यनाथ को उनके पद से हटाए जाने को लेकर दिए गए विवादित बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी कहा कि वह सबसे योग्य मुख्यमंत्री हैं। उनकी काबिलियत पर हर किसी को भरोसा है। उन्हें हटाने के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता है।

चुनाव के दौरान मेरठ से लेकर मिर्जापुर तक मोदी और योगी तकरीबन 21 कार्यक्रमों में एक दूसरे के साथ रहे। इस दौरान 13 जनसभाएं, 5 रोड शो, वाराणसी में नामांकन और काशी विश्वनाथ मंदिर व काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन के दौरान दोनों नेताओं का एक दूसरे के प्रति आपसी विश्वास को बढ़ाने वाले संवादों की चर्चाएं हर जगह हुईं। इस दौरान कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए, जिसने जनता के बीच प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के बीच भरोसे को मजबूत किया।

### हाथ पकड़ने वाला वीडियो वायरल

पीलीभीत में आयोजित जनसभा के दौरान जब मुख्यमंत्री उद्बोधन के लिए प्रधानमंत्री के पीछे से डायस की ओर जाना चाहते थे, तभी प्रधानमंत्री द्वारा उनका हाथ पकड़कर सामने से जाने के लिए आग्रह करना सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ। विश्वनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री को त्रिशूल भेंट करने वाला वीडियो भी लंबे समय तक ट्रेंडिंग बना रहा।

# बिजली अभियंताओं का महाधिवेशन 27 को


**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ का 39वां वार्षिक महाधिवेशन 27 जून को राजधानी में आयोजित होगा। वार्षिक महाधिवेशन में बेहतर उपभोक्ता सेवा सुनिश्चित करने, राजस्व वसूली में वृद्धि करने, बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने व बिजली उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ ऊर्जा क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों, विकास की अन्य संभावनाओं, अभियंताओं के अपेक्षित योगदान और अभियंताओं की विभिन्न लम्बित समस्याओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किये जायेंगे।

अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभियंता संघ के महाधिवेशन के सफल आयोजन के लिए शुभकामना संदेश दिया है। शुभकामना संदेश में कहा गया कि राज्य की जनता को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में ऊर्जा निगमों में कार्यरत अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्य सरकार अभियंताओं के हितों के प्रति संवेदनशील है। उनसे अपने कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति तत्परता की अपेक्षा करती है। अभियंता संघ ने शुभकामना संदेश के लिए आभार व्यक्त किया है।

# समस्याओं के निदान के लिए 1912 को और प्रभावी बनाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ उपभोक्ताओं की हल कॉल का जवाब देने के निर्देश



**अमृत विचार, लखनऊ :** भीषण गर्मी में बिजली समस्याओं के निदान के लिए टोल फ्री नंबर 1912 को और बेहतर बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने संबंधित अफसरों को उपभोक्ताओं की हर कॉल का जवाब सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

अप्रैल 2017 में इस टोल फ्री नंबर की शुरुआत की गई थी। कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने इस सेवा को और प्रभावी व क्रियाशील बनाने के लिए समुचित कदम उठाने के निर्देश दिये हैं।

कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि एक अप्रैल 2017 से टोल फ्री नंबर 1912 पर पूरे प्रदेश से बिल, मीटर, कनेक्शन, बिजली आपूर्ति, बिजली चोरी व सुझाव संबंधी 1,89,12,690 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 99.72 प्रतिशत (1,88,59,860) शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया गया। दक्षिणांचल डिस्कॉम में 32,10,816, मध्यांचल में 83,79,434, पश्मिांचल में 45,36,535, पूर्वांचल में 27,25,922 व केस्को से 59,983 शिकायतें प्राप्त हुईं। 1912 पर बिल संबंधी 10,51,466 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 99.75 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण किया गया। मीटर से संबंधित 20,38,117 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 20,17,677 का निस्तारण किया गया। स्मार्ट मीटर संबंधी 2,34,834 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 2,34,232 का समयबद्ध निस्तारण किया गया। कनेक्शन संबंधी 4,07,523 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें 4,06,475 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इसके अलावा बिजली आपूर्ति संबंधी 1,31,00,458 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 1,30,94,391 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इसमें ट्रांसफ़ार्मर क्षतिग्रस्त संबंधी 2,03,698 शिकायते प्राप्त हुई जिसमें 2,03,481 शिकायतों का निस्तारण किया गया। बिजली चोरी संबंधी 1,41,785 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिसमें 1,39,526 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

### बंद इकाइयां चालू नहीं, बिजली संकट बरकरार

एनटीपीसी की ऊंचाहार व सिंगरौली की पांच-पांच सौ मेगावाट व ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की बंद चल रही एक-एक इकाइयां अभी चालू नहीं हो सकीं। इससे प्रदेश में बिजली संकट बना हुआ है। एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति काबू में रखी गई है। प्रदेश में रविवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,322 मेगावाट दर्ज हुई। बीते दिन की तुलना में बिजली की अधिकतम मांग में 405 मेगावाट की गिरावट रही। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि स्थानीय खराबी के कारण पूरे प्रदेश में बिजली संकट बना हुआ है।

# सूखे से बचने के लिए जागरूकता जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** भूमि संरक्षण को बढ़ावा देने, सूखे की स्थिति से बचने और भू-क्षरण की रोकथाम के लिए सेंटर फॉर एनवायरमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट(सीड) द्वारा 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) तक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

सीड के सीईओ रमापति कुमार ने रविवार को बताया कि इस साल अभियान की थीम 'हमारी भूमि, हमारा भविष्य और हम है' है। इसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश जलवायु परिवर्तन के लिहाज से देश में सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में मुख्य है। पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करने के लिए वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ जनजागरूकता बढ़ानी चाहिये।

# निजी मेडिकल कॉलेज नहीं हजम कर सकेंगे एमडी-एमएस करने वालों का मानदेय

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

▸▸ एनएमसी द्वारा कड़ाई करने पर मजबूर हुए निजी मेडिकल कॉलेज

▸▸ हर माह एनएमसी को भेजना होगा मानदेय का रिकॉर्ड

**अमृत विचार :** राज्य के निजी मेडिकल कॉलेजों में पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) करने वाले चिकित्सकों को मिलने वाले मानदेय के साथ कॉलेज प्रशासन खिलवाड़ नहीं कर सकेंगे। एमडी-एमएस करने वाले चिकित्सकों को नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) द्वारा निर्धारित मानदेय हर माह देना पड़ेगा। मानदेय देने के बाद इस विवरण एनएमसी को हर माह की पांच तारीख तक मेल करना पड़ेगा। यह निर्देश एनएमसी द्वारा कॉलेजों को दिये गए हैं।

एनएससी ने सभी मानदेय न अपलोड करने वाले मेडिकल कॉलेजों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्नातक इंटर्न, पोस्ट ग्रेजुएट रेजिडेंट डॉक्टरों और सुपर स्पेशियलिटी विभागों में सीनियर रेजिडेंट या पीजी को दिए जाने वाले मानदेय के आंकड़े जमा करने का निर्देश दिये हैं। साथ ही आगामी 2024-25 के मानदेय का व्यौरा मासिक आधार पर कॉलेज या संस्थानों को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। रिकार्ड न जमा करने वाले कॉलेजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिसके बाद मेडिकल कॉलेजों के प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मचा है।

मालूम हो कि हर माह मानदेय मिलने से गैर प्रांत व जिलों से आकर पढ़ाई करने वाले चिकित्सकों को बड़ी राहत मिलेगी। कुछ यही स्थिति बतौर सीनियर रेजीडेंट्स सेवाएं देने वाले चिकित्सकों की भी हैं, उन्हें मानदेय मिलता हैं मगर विभिन्न मदों में भारी कटौती का सामना करना पड़ता है। प्रदेश में 30 निजी मेडिकल कॉलेजों में पीजी पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

### इस तरह की जाती है हेरा-फेरी

नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर अभ्यर्थी ने बताया कि मामूली कमी बताकर हजारों रूपये का अर्थदंड लगा दिया जाता है। कई बार तो हम लोगों को पता ही नहीं चलता है कि किस मद में जुर्माना लगाया गया है। राजधानी के मेडिकल कॉलेज में एमएस करने वाली महिला चिकित्सक ने बताया उसे कुछ नहीं मिलता है, हस्ताक्षर करा लिये जाते हैं, विरोध करने का मतलब अपने कॅरियर से खिलवाड़ करना होता है।

### क्या है मामला

सरकारी मेडिकल कॉलेज की तरह ही प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में भी सीनियर रेजीडेंट्स और पीजी करने वाले चिकित्सकों को हर माह मानदेय देना होता है, नियमानुसार एमडी व एमएस करने वाले अभ्यर्थियों में प्रथम वर्ष में 60 हजार, दितीय में 70 व तृतीय में 80 हजार रूपए प्रतिमाह निर्धारित है। मगर, अधिकतर मेडिकल कॉलेज मानदेय देने से कतराते हैं। इस मानदेय को लेकर अथ्यर्थियों से बायोमेट्रिक उपस्थिति से लेकर, ट्यूशन फी, सिक्यूरिटी मनी, हॉस्टल किराया, मेस खर्च आदि विभिन्न मदों में खपा कर हस्ताक्षर भी ले लिये जाते हैं।

## कई नेताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

अमृत विचार, लखनऊ : कई नेताओं ने रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इनमें हंसराज यादव, डॉ. हरीश चन्द्र यादव, रामकेश यादव, राम लखन यादव, तारा यादव, किशन कुमार, सोनू कुमार, ओंमकार कुशवाहा, वेद प्रकाश, राम लखन, विजय कुमार, अशोक कुमार आदि शामिल रहे। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष (प्रभारी प्रशासन) दिनेश कुमार सिंह के समक्ष नेताओं ने सदस्यता ग्रहण की। नेताओं को गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर पार्टी का सदस्यता कार्ड दिया गया।

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## शहर में आज

- एसडीएस अकादमी लामार्टीनियर कॉलेज में आइटा सीएस सेवन अंडर-12 टेनिस टूर्नामेंट- 8:00 बजे।
- विकास भवन स्थित जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में मॉडल गांव के दूसरे चरण का प्रशिक्षण- 11:00 बजे।
- गोमतीनगर स्थित होटल हयात में जश्न-ए-अदब के दूसरे दिन बैतबाजी, शास्त्रीय संगीत और गजल गायन- 2:00 बजे।








### मित्र पुलिस

यह लखनऊ पुलिस का मानवीय चेहरा है। तपती दोपहर में वे दिव्यांग को छांव और सहारा देते हैं तो दूसरी तरह भूख से व्याकुल बच्चों को खाना भी खिलाते हैं।

● प्रमोद

# आयुष्मान कार्डधारक से वसूले 1.80 लाख रुपये, सीएमओ से शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ परिजन की शिकायत पर आयुष्मान के नोडल ने शुरू की जांच, नोटिस देने की तैयारी

**अमृत विचार :** आयुष्मान योजना से इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराए गए मरीज के तीमारदार ने अस्पताल पर 1.80 लाख रुपये वसूलने का आरोप लगाया है। परिजन की शिकायत पर नोडल ने जांच शुरू करा दी है।

अयोध्या निवासी जितेंद्र ने बताया कि भाई योगेंद्र किडनी रोग से पीड़ित है। 16 मई को उसे शहीद पथ किनारे वृदांवन स्थित वेलसेन हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। भर्ती करते समय आयुष्मान कार्ड धारक होने की जानकारी दी गई थी लेकिन अस्पताल के स्टाफ ने कार्ड लेने से मना कर दिया था। इलाज के लिए पहले दिन करीब 80 हजार रुपये जमा कराए गए। 17 मई को आयुष्मान कार्ड इलाज मुहैया कराने की बात हुई। दो जून को मरीज की छुट्टी करते समय एक लाख से अधिक मूल्य की दवाएं खरीदवाई गईं। इसमें 50 हजार का भुगतान ऑन लाइन और बाकी नकद लिया गया। आरोप है नकद भुगतान की कोई रसीद नहीं दी गई।

आयुष्मान के नोडल डॉ. विनय मिश्रा ने कहा कि आयुष्मान कार्ड धारक से इलाज के रुपये लेना गलत है। तीमारदार से साक्ष्य लेकर अस्पताल को नोटिस जारी किया जाएगा। बिल वापस न करने पर अस्पताल को आयुष्मान योजना से बाहर करके रिकवरी की जाएगी।

## एक नजर

### आज नहीं बनेंगे आरटीओ में ड्राइविंग लाइसेंस

**अमृत विचार, लखनऊ :** आरटीओ कार्यालय में सोमवार को भी ड्राइविंग लाइसेंस बनाने और उससे जुड़े काम नहीं होंगे। एनआईसी ने परिवहन विभाग के सारथी पोर्टल को अपग्रेड करने के लिए दो और तीन जून का समय लिया था। कल रात तक अपग्रेडेशन का काम पूरा होने के बाद मंगलवार से स्थिति सामान्य हो जाएगी। अपर परिवहन आयुक्त पुष्पसेन सत्यार्थी ने बताया कि जिन आवेदकों को डीएल के अप्रूवल और केएमएस के लिए सोमवार को बुलाया गया था, उन्हें नई तिथि दे दी गई है। एआरटीओ में दर्ज मोबाइल पर मैसेज भेजा गया है।

### जांच पूरी, तैयार नहीं हो पाई अपार्टमेंट की रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** आवंटियों की शिकायत पर लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने पिछले महीने आद्रा, रतन लोक, मृगशिरा और रश्मिलोक अपार्टमेंटों की जांच कराई गई थी। पांच सदस्यीय जांच कमेटी को इन अपार्टमेंट में तमाम कमियां मिली थीं। जांच रिपोर्ट के आधार पर बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई की जानी है, लेकिन रिपोर्ट अभी तैयार नहीं हो पाई है। 4 जून के बाद ही रिपोर्ट तैयार कर उपाध्यक्ष को दी जाएगी। कमेटी को अपार्टमेंट में ज्यादातर कार्य अधूरे मिले थे। कहीं खिड़की, दरवाजे व शीशे लगे नहीं थे, तो कहीं टूटे थे। निर्माण की गुणवत्ता भी बेहद खराब मिली थी। अपार्टमेंट का निर्माण पूर्व उपाध्यक्ष के करीबी बिल्डर प्रताप हाइट्स ने 2014-18 के बीच बनाए थे।

# वीआईपी इलाकों में सिर्फ 30 मिनट, बाकी शहर में 6 से 8 घंटे हो रही बिजली कटौती

## गलियों-सड़कों पर टहलते हुए रात गुजारने को मजबूर हैं लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** विद्युत वितरण निगम शहर में बिजली आपूर्ति करने में सौतेला व्यवहार कर रहा है। वीवीआईपी क्षेत्रों में केवल 30 मिनट और सामान्य आबादी वाले मोहल्लों में छह से आठ घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। गर्मी में घंटों कटौती से परेशान लोग धरना प्रदर्शन तक कर रहे हैं। हालात बदतर होने पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक तक मैदान में उतर आए हैं, इसके बावजूद आपूर्ति में सुधार नहीं हो रहा है।

शहर में पार्क रोड, हजरतगंज, गोमती नगर, इंदिरा नगर, महानगर, अलीगंज, लक्ष्मणपुरी, रवीन्द्र पल्ली जैसे वीआईपी क्षेत्र में लगभग 30 मिनट तक ही बिजली कटौती हो रही है। दूसरी ओर नादरगंज, सरोजनीनगर, बंगला बाजार, चौक, अमीनाबाद, यहियागंज, रकाबगंज, चिनहट, जानकीपुरम, मड़ियांव, विकास नगर, फैजुल्लागंज समेत ज्यादातर क्षेत्रों में 6 से 8 घंटे तक बिजली गुल रहती है।

इन इलाकों में ट्रांसफार्मर और केबल फुंकने से आपूर्ति बाधित हो रही है। सुधार के नाम पर बिजली गुल रहती है। रात में बिजली गुल होने पर लोग गलियों और सड़कों पर टहलने को मजबूर हैं। नौकरी पेशा लोगों की नींद पूरी नहीं हो रही है। इससे वह तनावग्रस्त हो रहे हैं। नींद पूरी न होने के कारण तनावग्रस्त होने के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सबसे ज्यादा दिक्कत छोटे बच्चों और चलने फिरने में असमर्थ बुजुर्गों को हो रही है। बिजली न होने पर वह गर्मी में ज्यादा बेहाल हो रहे हैं।

### 18 घंटे ठप रही साकेतपुरी की आपूर्ति

आलमबाग क्षेत्र के साकेतपुरी की बिजली आपूर्ति को शनिवार करीब एक बजे ट्राली ट्रांसफार्मर से हटाकर दूसरे ट्रांसफार्मर से चालू किया गया। एक घंटे बाद ही ट्रांसफार्मर फुंक गया। फॉल्ट ठीक करने में करीब 18 घंटे लग गए। करीब 10 हजार की आबादी बिजली के लिए परेशान रही। रविवार सुबह 8 बजे आपूर्ति सामान्य हुई। राजाजीपुरम के पाल तिराहा और उसके आसपास भी बिजली की आवाजाही बनी रही। सरोजनीनगर, नादरगंज, चौक, अमीनाबाद, यहियागंज, आलमबाग, चिनहट, जानकीपुरम, फैजुल्लागंज, मडियांव और बीकेटी के कई इलाकों में 3 घंटे से ज्यादा समय तक बिजली गुल रही।

> विभाग की ओर से ऐसी कोई कैटगरी नहीं है। हर उपभोक्ता को फॉल्ट होने पर कम से कम समय में सप्लाई को सामन्य किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> -सुनील कपूर, मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती



उतरेठिया उपकेंद्र पर सोते कल्ली गांव के लोग। अमृत विचार

## कल्ली गांव की बिजली कटी तो परिवार ने उपकेंद्र पर गुजारी रात

**अमृत विचार, लखनऊ :** उतरेठिया क्षेत्र के कल्ली गांव की आबादी करीब 10 हजार है। शनिवार रात करीब 11 बजे इस गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। काफी देर बाद ग्रामीणों ने उपकेंद्र और अधिकारियों को फोन लगाया लेकिन किसी का फोन नही उठाया। बिजली न आने गांव के एक परिवार के चार सदस्य रात करीब 2 बजे उपकेंद्र पहुंच गया। परिवार के चारों सदस्य उपकेंद्र पर ही जमीन पर सो गए। इसके बाद कर्मचारी फाल्ट ढूंढने क्षेत्र में निकले। फाल्ट ठीक कर सुबह 8 बजे आपूर्ति शुरू की गई। इसके बाद परिवार के लोग अपने घर को लौटे।

# कल बदले रहेंगे रमाबाई रैली स्थल जाने वाले मार्ग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मतगणना कार्य के चलते किया गया यातायात व्यवस्था में बदलाव

**अमृत विचारः** लखनऊ, मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्रों के चुनाव और लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव की मतगणना के कारण चार जून मंगलवार को रमाबाई रैली स्थल की ओर जाने वाले मार्गों पर यातायात बदला रहेगा। मतगणना सुबह 8 बजे शुरू होगी। इसके पहले सुबह 4 बजे से रूट डायवर्जन लागू कर दिया जाएगा। वाहन औरंगाबाद से शहीद पथ, बिजनौर रोड, ओमेक्स सिटी या न्यू गडौरा होकर जा सकेंगे।

**आकस्मिक सेवाओं के लिये खुले रहेंगे रास्ते :** डीसीपी ट्रैफिक ने बताया मतगणना स्थल के आसपास के प्रमुख रास्तों पर डायवर्जन लागू किया गया है। इस दौरान सामान्य यातायात पूरी तरह बंद रहेगा।

फिलहाल आकस्मिक सेवाओं एंबुलेंस, शव वाहन दमकल की गाड़ियों व स्कूली वाहनों के वैकल्पिक रास्तों पर समस्या होने पर प्रतिबंधित मार्गों से भी आवाजाही कर सकेंगे। किसी तरह की समस्या होने पर संबंधित व्यक्ति ट्रैफिक कंट्रोल रूम नंम्बर-9454405155 पर संपर्क कर मदद ले सकता है।

### इन रास्तों पर रहेगी रोक

- उतरेठिया अंडरपास चौराहा से रमाबाई अंबेडकर रैली स्थल की ओर उल्टी दिशा में सभी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- रमाबाई पुलिस चौकी रैली स्थल तिराहे से ख्वाजापुर तिराहा, औरंगाबाद शहीद पथ अंडर पास सर्विस रोड पर वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी।
- औरंगाबाद शहीद पथ अंडरपास चौराहे से सर्विस रोड होकर रमाबाई पुलिस चौकी की तरफ जाने पर रोक रहेगी।
- ख्वाजापुर तिराहा से मतगणना केन्द्र की तरफ सभी वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह से रोक रहेगी।
- अम्बेडकर विश्वविद्यालय अंडरपास से कोई भी वाहन उलटी दिशा से रमाबाई रैली स्थल की ओर नहीं जा सकेगा।

# आईआरसीटीसी कराएगा शिमला-चंडीगढ़ की सैर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पांच रात और छह दिन की यात्रा वातानुकूलित श्रेणी में कराई जाएगी

▸▸ मोहाली, शिमला में तीन सितारा होटल में ठहराए जाएंगे पर्यटक

**अमृत विचार :** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) गर्मी की छुट्टियों में चंडीगढ़, शिमला और कुफरी की सैर कराएगा। इसके लिए प्रत्येक शुक्रवार को ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। पांच रात और छह दिन की यात्रा तृतीय वातानुकूलित श्रेणी में कराई जाएगी। पर्यटकों को मोहाली और शिमला में तीन सितारा होटल में ठहराया जाएगा।

चंडीगढ़, शिमला और कुफरी में भ्रमण के लिए भी वातानुकूलित वाहन की सुविधा दी जाएगी। मोहाली और शिमला के तीन सितारा होटलों में ठहरने, नाश्ता और रात का भोजन भी पैकेज में ही उपलब्ध कराया जाएगा। पर्यटकों को चंडीगढ़, रॉक गार्डन, रोज गार्डन एवं मनसा देवी मंदिर, शिमला और कुफरी में स्थानीय बाजार की सैर कराई जाएगी। पर्यटक को अकेले ठहरने पर 43790 रुपए, दो लोगों के एक साथ ठहरने पर 23915 रुपये प्रति व्यक्ति और तीन लोगों के साथ ठहरने पर 18780 रुपए प्रति व्यक्ति शुल्क तय किया गया है। पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है।

## कमरे में मिला सुरक्षा गार्ड का शव, हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका

**अमृत विचार, सरोजनीनगरः** बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार को एक सुरक्षा गार्ड का शव कमरे में मिला। उसकी हीट स्ट्रोक से मौत होने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक दादूपुर स्थित नई कॉलोनी में रहने वाले मनीष मिश्रा (48) निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड था। शनिवार को पत्नी अर्चना ने फोन किया तो रिसीव हुआ। अनहोनी की आशंका होने पर अर्चना ने आशियाना के रुचि खंड में रहने वाले ससुर हरगोविंद मिश्रा को मामला बताया। गोविंद घर पहुंचे तो जहां मनीष का कमरा अंदर से बंद मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो मनीष का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



हजरतगंज स्थित पार्क में गर्मी से राहत पाने के लिए अपने ऊपर पानी के बौछार करता युवक। अमृत विचार

# चोरी में क्लीनर निलंबित कंपनी पर एक लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कार्यदायी संस्था के ड्राइवर को भी हटाया, मुख्य अभियंता ने की थी जांच

**अमृत विचार :** नगर निगम की गोमती नगर स्थित केंद्रीय कार्यशाला से वाहनों के पार्ट चोरी करने के आरोप में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के निर्देश पर क्लीनर को निलंबित कर दिया गया है। कार्यदायी संस्था प्रिया इंटरप्राइजेज पर एक लाख जुर्माना रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। कार्यदायी संस्था के ड्राइवर रंजीत को भी हटा दिया है।

नगर निगम की केंद्रीय कार्यशाला के गैराज नंबर सात में कार्यरत क्लीनर रिजवान ट्रैक्टर, एंटी स्मोक गन एवं वाहनों की मरम्मत का कार्य करता है। कार्यदायी संस्था प्रिया इंटरप्राइजेज की टाटा-एस के चालक रंजीत के साथ मिलकर क्लीनर केन्द्रीय कार्यशाला से स्वराज वाहनों का नया सामान चोरी कर रहा था। ब्रेक डिस्क, ब्रेक प्लेट, डीजल फिल्टर आदि मुख्य द्वार से निकाला जा रहा था। चेकिंग के दौरान सिक्योरिटी गार्ड ने माल पकड़ लिया।

इस मामले की जांच विभागीय स्तर से भी की गई। मुख्य अभियंता आरआर मनोज प्रभात ने जांच और अपर नगर आयुक्त आरआर पंकज श्रीवास्तव ने परीक्षण किया। अधिकारियों की रिपोर्ट पर कार्रवाई की गई है।

## हीट वेव से बचाव के लिए लगाएं प्याऊ

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पड़ रही प्रचंड गर्मी और आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मंडल के समस्त जिलाधिकारी, नगर आयुक्त और अधिशासी अधिकारियों को पत्र जारी किया है। उन्होंने हीट वेव से बचाव के लिए जगह-जगह प्याऊ और पानी के टैंकर से पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिले स्तर पर हीट वेव से बचाव के लिए नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि बारिश के दौरान जलभराव से संक्रामक रोगों की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। जनता को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति और नाले-नालियों की नगर निकाय सफाई सुनिश्चित कराएं।

**अच्छी पहल** | लखनऊ विकास प्राधिकरण डिवाइडर और सड़कों के किनारे लगाएगा 10 हजार पौधे

# वृक्षों से पहचाने जाएंगे बसंतकुंज योजना के सेक्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सड़क के दोनों तरफ और डिवाइडर पर बसंतकुंज में किया जाएगा पौधारोपण

**अमृत विचार :** हरदोई रोड स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की बसंतकुंज योजना के सेक्टरों की पहचान वृक्षों से की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक सेक्टर में अलग-अलग प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे। डिवाइडर पर और सड़क के दोनों तरफ 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है।

सहायक उद्यान अधिकारी करण सिंह ने बताया कि आवासीय परिसर में सड़क के दोनों तरफ और डिवाइडर पर 19 किलोमीटर में थीम बनाकर पौधे लगाए जाएंगे। अलग-अलग प्रजाति के वृक्ष तैयार होने के बाद सेक्टर अलग दिखेंगे। सहायक उद्यान अधिकारी ने बताया कि पार्क और अन्य स्थानों पर भी पौधे लगाएंगे। इस योजना से पर्यावरण को बढ़ावा मिलेगा और आवासीय योजना की सुंदरता भी बढ़ेगी।



बसंतकुंज योजना में डिवाइडर पर पौधे लगाते मजदूर। अमृत विचार

### इन प्रजाति के लगेंगे पौधे

तबेबुइया, तोता, डेंड्रोलोबियम, यूगेनिया, पेल्टोफ़ोरम, नीलमोहर, सीता अशोक, लार्जेस्ट्रोमिया, रॉयल पाम, चंपा, क्रोशिया, केसिया ग्लूका, अमलतास, पीपल, अशोक और नीम।

### चार सेक्टर से पौधरोपण की शुरुआत

बसंतकुंज योजना में 19 सेक्टर हैं। इसमें आवासीय के अलावा, व्यवसायिक क्षेत्र, राष्ट्र प्रेरणा स्थल, प्रधानमंत्री शहरी आवास भी आसपास हैं। पहले चरण में चार सेक्टर में पौधे लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। इस महीने चार सेक्टरों में काम पूरा कर अन्य सेक्टरों में पौधे लगाए जाएंगे। पौधों की सुरक्षा के लिए जाली व ट्री गार्ड लगाए जाएंगे। पौधों की सिंचाई, निराई, गुड़ाई उद्यान विभाग करेगा।

## हुसैनाबाद में 15 तक तैयार हो जाएगा फूड कोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊः** हुसैनाबाद के हेरिटेज जोन में 15 जून तक फूड कोर्ट तैयार हो जाएगा। इसके बाद दुकानें आवंटन की जाएंगी। उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने गुरुवार को हेरिटेज जोन के कार्यों की समीक्षा की थी। बाउंड्रीवाल व बिजली संबंधित कार्य हर हाल में पूर्ण कर 15 जून तक फूड कोर्ट तैयार करने के निर्देश थे।

परिसर में 30 जून तक म्यूजियम ब्लॉक भी तैयार हो जाएगा। फूड कोर्ट की दुकानों पर हर तरह के व्यंजन की बिक्री की जाएगी। इससे लोगों को खाने के लिए अलग-अलग स्थान व दुकानों पर नहीं जाना पड़ेगा।

# तपती दोपहर में हो रही नाले की सफाई

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** गर्मी को देखते हुए नगर आयुक्त ने नगर निगम के सफाईकर्मियों से दोपहर में काम न लेने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद नाला सफाई में लगे सफाईकर्मियों से दोपहर में काम कराया जा रहा है। रविवार को जोन छह के गऊघाट में दोपहर 2:30 बजे सफाईकर्मी नाले की सफाई करते दिखे।

नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने हीट वेव को देखते हुए सफाईकर्मियों से दोपहर एक से चार बजे तक काम न लेने के मौखिक निर्देश दिए थे। बिल्डर्स से भी निर्माण साइट पर दोपहर में काम बंद रखने की अपील की थी। अधिकारी नगर आयुक्त के निर्देश का पालन नहीं कर रहे हैं। तर्क दिया जा रहा है कि उनके पास इसका लिखित आदेश नहीं है। शहर में इस समय नाला सफाई का काम चल रहा है। ये काम 30 जून तक पूरा होना है। बताया जा रहा है कि रविवार को जोन छह के नगर अभियंता पीके सिंह के निर्देश पर अभियंत्रण विभाग के अभियंताओं सफाई कर्मियों से दोपहर में नाले की सफाई करा रहे थे।



गऊघाट के पास दोपहर में नाले की सफाई करते सफाईकर्मी। अमृत विचार

▸▸ नगर आयुक्त ने दे रखा है दोपहर में काम न लेने का निर्देश

# मॉर्निंग वॉक पर जा रहे हैं तो कुत्तों से बचने के लिए डंडा साथ रखें

## गर्मी में हिंसक हो रहे कुत्ते, आपकी आहट उन्हें कर रही विचलित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मॉर्निंग वॉक पर जा रहे हैं तो डंडा ले कर निकलें। ऐसा न हो कि रास्ते में कुत्ते हमला कर दें और बचने के लिए आप वैसा कदम उठा लें जैसा शनिवार को आशियाना के औरंगाबाद क्षेत्र में कासिम ने उठाया और जान गंवा बैठा।

पशु चिकित्सक प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जून महीना गर्मी के साथ उनकी ब्रीडिंग सीजन का भी होता है। इन दिनों कुत्तों में कोर्टिसोल हार्मोन (तनाव वाला हार्मोन) तेज़ी से बढ़ जाता है, जिससे वे असामान्य व्यवहार करने लगते हैं। इस वजह से वे ज़्यादा आक्रामक हो जाते हैं। इसके अलावा कुत्तों को पसीना नहीं आता । यही कारण है कि गर्मी में उनकी बौखलाहट बढ़ जाती है। साथ ही इंसानों की तरह ही कुत्तों में भी थायराइड हार्मोन बढ़ने लगता है । वे चलना-फिरना कम कर देते हैं। इस कारण भी वह चिड़चिड़े हो जाते हैं।

डॉ. प्रमोद बताते हैं कि कई बार आप अपनी बाइक, स्कूटी या कार से सड़क पर बहुत आराम से जा रहे होते हैं, तभी अचानक कुत्ते आपके साथ-साथ दौड़ना शुरू कर देते हैं। इस दौरान वाहन भगाने के प्रयास में दुर्घटनाएं होती हैं। असल में वे आपके वाहन के टायर से आने वाली दूसरे कुत्तों की गंध से आक्रामक हो जाते हैं। दरअसल, कुत्तों की सूंघने की क्षमता बहुत ज्यादा होती है। कुत्ते दूसरे कुत्ते की गंध बहुत जल्द पकड़ लेते हैं। इसके अलावा किसी वाहन से कुत्ते को टक्कर लगने या मौत होने पर भी वह वैसे ही वाहनों को अपना निशाना बनाने लगते हैं।

### बरतें एहतियात

- डंडे से सिर्फ कुत्तों को डराएं, मारे नहीं वरना वे और हिंसक हो जाएंगे।
- कुत्ते के दौड़ाने पर भागे नहीं, भागने से कुत्ते और आक्रामक हो जाते हैं।
- बच्चों को अकेले घर से बाहर न निकलने दें। साथ में एक वयस्क जरूर रहे।

### ख्याल भी जरूरी

- आसपास रहने वाले कुत्तों के लिए खाना-पानी की व्यवस्था करें।
- उनके बैठने के स्थान पर छांव और पानी का छिड़काव करें।



### वाहन पर सवार हों तो...

- गाड़ी के पीछे कुत्ते दौड़ें तो वाहन धीमा कर दें। वह अपने आप शांत हो जाएंगे।
- हेडलाइट बंद या डिम कर दें। चौंधियाहट कम होने पर कुत्ते शांत हो जाएंगे।

### अगर पाला है कुत्ता तो....

- प्रतिवर्ष नाइन इन वन टीका लगवाएं।
- उसे धूप से बचाएं। मांसाहार नहीं दें।
- ठंडे स्थान पर रखने का इंतजाम करें।

## तीन प्रमुख अस्पतालों में रोज पहुंच रहे कुत्तों के काटने से पीड़ित 100 से अधिक लोग

तीन प्रमुख अस्पताल बलरामपुर, सिविल और लोकबंधु में ही रोज 100 से अधिक लोग कुत्ते के काटने के कारण एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। साथ ही करीब 300 लोग इंजेक्शन का कोर्स पूरा करने के लिए पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है करीब एक महीने से कुत्ते काटने के मामले 10 फीसदी बढ़े हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े के मुताबिक एक महीने में एंटी रैबीज के 10 हजार से भी अधिक इंजेक्शन लगाए गए। विभाग का दावा है कि हर सीएचसी पर पर्याप्त मात्रा में एंटी रैबीज इंजेक्शन उपलब्ध हैं। बलरामपुर अस्पताल के सीएमएस डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि इस समय 50 से 60 नए केस आ रहे हैं। पुराने केस मिलाकर रोजाना संख्या 200 से भी अधिक हो जा रही है। सिविल अस्पताल 20 से 25 और लोकबंधु में भी 8-10 नए मरीज रोज आ रहे हैं।

**पुराने लखनऊ में मिले सबसे ज्यादा मामले**

बलरामपुर अस्पताल में एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने वालों की संख्या पर गौर करें तो ज्यादातर लोग पुराने लखनऊ से हैं। इसमें भी चौक, चौपटिया, मौलवीगंज, वजीरगंज, रकाबगंज, और सआदतगंज क्षेत्र के लोग अधिक पीड़ित पाए गए हैं।

## टेनिस टूर्नामेंट आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** आइटा सीएस सेवन टेनिस टूर्नामेंट अंडर-12 सोमवार को खेला जाएगा। इसमें बालक और बालिका दोनों वर्गों के मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट के मुकाबले ला मार्टीनियर कॉलेज स्थित एसडीएस अकादमी में खेले जाएंगे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र प्रांशू शर्मा पुत्र **सन्तोष कुमार शर्मा, निवासी- ग्राम- कुतुबनगर, पो0- कुतुबनगर थाना- पिसावां, तहसील- मिश्रित, जिला- सीतापुर** एवं पुत्र वधू डाली शर्मा का चाल-चलन अच्छा नही है और यह मुझे कई बार जान से मारने की धमकी दे चुके है और मुझे मजबूर कर पैत्रक सम्पत्ति हड़पना चाहते है । मुझे व मेरे दूसरे पुत्र प्रशान्त को उनसे जान माल का भय बना हुआ है। अतः मै अपने पुत्र प्रांसू शर्मा व उसकी पत्नी डाली शर्मा से सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। आज से प्रांशू शर्मा व उसकी पत्नी डाली शर्मा द्वारा कोई भी अच्छा या बुरा काम किया जाता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगे मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। यह लोग हमारे परिवार से अलग लखनऊ में रहते है।

**सूचना**

मैं पार्वती उर्फ शिवपता पत्नी शिवराम, निवासी ग्राम- तिलका कटरा बाजार गोंडा की निवासिनी हूं। यह घोषणा करती हूं कि मेरा नाम पार्वती और शिवपता दोनों है मैं दोनों नाम से जानी जाती हूं। **-पार्वती उर्फ शिवपता पत्नी शिवराम निवासी ग्राम तिलका कटरा बाजार गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रहतुनन्निषा पत्नी स्व0 जमीर खान निवासिनी-मकान सं0- 541/आर/325 रिफा कालोनी न्यू हैदरगंज, चौक, लखनऊ, उ0 प्र0-226003,** मैने अपने पुत्र मुस्तकीम व पुत्रवधू रूखसार का चाल-चलन ठीक न होने, गलत आदतों व उद्दण्डता का व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और पूर्णतया परिवारिक सम्बंध विच्छेद कर लिया है। मेरे पुत्र मुस्तकीम व पुत्रवधू रुखसार के द्वारा किए गए कृत्यों व लेन-देन की पूरी जिम्मेदारी मुस्तकीम व पुत्रवधू रूखसार की होगी मेरी व मेरे परिवार के अन्य किसी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नही होगा।

**केन ग्रोअर्स नेहरू पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज गोला गोकर्णनाथ-खीरी**

**आवश्यकता है**

यूजीसी / लखनऊ विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से स्ववित्तपोषित योजना [एम.ए. (राजनीति विज्ञान)] के अन्तर्गत सहायक आचार्य के 02 पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। रिक्तियों की सख्या घट या बढ़ सकती है। महाविद्यालय प्रशासन को किसी भी स्तर पर इस विज्ञापन को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द करने या रोकने का अधिकार है। **आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून, 2024 शुल्क रु0 : 500/-**

**अधिक जानकारी महाविद्यालय की बेवसाइट: www.cgncollege.com पर उपलब्ध है।**

**प्रबन्धक/प्राचार्य**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे समस्त अभिलेखों में सईद खान पुत्र मैंनुदीन खान अंकित है जबकि मेरे बैंक ऑफ बडौदा खाता संख्या 38170100004284 में सईद अहमद हो गया है जो गलत है मुझे सईद खान के नाम से जाना जाय। – **सईद खान पुत्र मैंनुदीन खान, निवासी- गेधरिया, थाना- विशेश्वरगंज, जिला- बहराइच**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पहले अभिलेख में मेरा नाम असलम था जो गलत था अब मेरे सारे अभिलेख में मेरा नाम असलम अहमद है जो सही है मुझे इसी नाम से जाना जाए । – **असलम अहमद पुत्र मुबीन अहमद, निवासी- सचौली, थाना- पयागपुर, जिला बहराइच**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै प्रेम कुमार सुनार पुत्र टेक बहादुर सुनार, ग्राम - न्यू खामोडू, पोस्ट -जयरामपुर, थाना -जयरामपुर, जिला -चांगलांग, पिन कोड-792121, अरुणाचल प्रदेश का मूल निवासी हूं। लेकिन अब मैं परिवार सहित नए स्थाई निवास स्थान ग्राम -बलई गांव, पोस्ट- मोतीपुर, थाना- मोतीपुर, तहसील- मिहींपुरवा, एन. आर.एस. - मुर्तिहा, जिला- बहराइच, पिन कोड 271855 पर निवास करेंगे। अब पुराने जन्म स्थान को छोड़कर नए स्थान पर ही परिवार समेत रहना है। अत:किसी प्रकार की सूचना एवं कार्य के लिए हमारे नए पते पर ही सम्पर्क करें।- **प्रेम कुमार सुनार पुत्र टेक बहादुर सुनार, निवासी ग्राम -बलई गांव, पोस्ट- मोतीपुर, थाना -मोतीपुर, तहसील- मिहींपुरवा, जिला- बहराइच, उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**

सभी सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै टेक बहादुर सुनार पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर सुनार, ग्राम -टिकरी बस्ती, पोस्ट --जुन्हेबोतो, थाना- जुन्हेबोतो, जिला- जुन्हेबोतो, एन. आर. एस.- दिमापुर, पिन कोड- 798620, नागालैंड का मूल निवासी हूं। लेकिन अब मैं परिवार सहित नए स्थाई निवास स्थान ग्राम - बलई गांव पोस्ट- मोतीपुर, थाना -मोतीपुर, तहसील -मिहींपुरवा, एन.आर.एस.- मुर्तिहा, जिला बहराइच, पिन कोड- 271855 पर निवास करेंगे। अब पुराने जन्म स्थान को छोड़कर नए स्थान पर ही परिवार समेत रहना है। अत:किसी प्रकार की सूचना एवं कार्य के लिए हमारे नए पते पर ही सम्पर्क करें। – **टेक बहादुर सुनार पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर सुनार, निवासी ग्राम - बलई गांव पोस्ट- मोतीपुर, थाना -मोतीपुर, तहसील- मिहींपुरवा, जिला- बहराइच, उत्तर प्रदेश।**


### एक नजर

#### लोकतंत्र सेनानियों का दर्जा बढ़ाने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकतंत्र सेनानी कल्याण मंच के अध्यक्ष डॉ. अजय शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भेजकर इमरजेंसी के दौर में जेलों में बंद किये गए सत्याग्रहियों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बराबर दर्जा देने की मांग की है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में डॉ. शर्मा ने लिखा है कि इमरजेंसी का विरोध करने की वजह से अटल बिहारी वाजपेयी, जार्ज फर्नाडीज समेत तमाम लोकतंत्र सेनानी जेल भेजे गए थे। लोकतंत्र सेनानी जीवन के उत्तरार्ध में बीमारियों और अभावों से ग्रस्त हैं। उनके पास इलाज के भी पैसे नहीं हैं। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र सेनानियों को भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बराबर दर्जा मिल जाए तो उन्हें उनके जैसी सुविधाएं मिल जाएंगी।

#### गोमती संरक्षण के लिए सीड 5 तक चलाएगा अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेंटर फॉर एनवायरमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) ने रविवार को जन जागरूकता अभियान के तहत गोमती नदी के स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। लखनऊ सहित प्रदेश के कई इलाकों में 31 मई से शुरू हुए इस अभियान को 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस तक चलाने का निर्णय लिया। सीड के सीईओ रमापति कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य पर्यावरण दिवस के थीम के अनुरूप भूमि संरक्षण को बढ़ावा देना, सुखाड़ की स्थिति से निपटने और भू-रक्षण को रोकने के लिए जागरूकता फैलाना है। इस दौरान लोगों को नदी को स्वच्छ रखने का महत्व और तरीके बताए जाएंगे। इसके अलावा नदी में गंदा पानी छोड़ने का विरोध किया जाएगा जिससे नदी साफ रह सके।

# निगम बदलेगा नियम, हर जोन में चलेगा कुत्ते पकड़ने का अभियान

## हाईकोर्ट के स्वतः संज्ञान लेने पर एनिमल बर्थ कंट्रोल रूल 2023 में संशोधन की दरकार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में कुत्तों आक्रामक हो रहे हैं। एक सप्ताह में उनके हमलों में दो लोगों की मौत हो चुकी है लेकिन नगर निगम के पास कुत्तों के आतंक से शहरवासियों को मुक्त कराने के लिए कोई प्लान नहीं है। हाईकोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेने के बाद नगर निगम एनिमल बर्थ कंट्रोल रूल 2023 में संशोधन कराने का मसौदा तैयार कर रहा है। साथ हर हर जोन में कुत्ते पकड़ने का अभियान चलाया जाएगा।

रविवार को शासन स्तर पर हुई बैठक में नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सहमति बनी कि अब केवल कुत्तों के बधियाकरण से काम नहीं चलेगा। कुत्तों पर नियंत्रण के लिए नियमों में संशोधन किया जाए। इसके बाद नगर निगम नियमानुसार कार्रवाई करेगा। तय हुआ कि नगर निगम के सभी आठ जोन में नगर निगम कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाएगा। इसमें आक्रामक कुत्तों को चिन्हित करने के साथ उन्हें पकड़कर नगर निगम के जरहरा स्थित श्वान केंद्र में निगरानी के लिए रखा जाएगा। इस केंद्र में 350 से 400 कुत्तों को रखने की क्षमता है।

प्रतिदिन लगभग 50 से 60 कुत्तों को पकड़कर यहां लाया जाता है। एक सप्ताह तक निगरानी में रखने के बाद उन्हें छोड़ा जाता है।



**1.5** लाख है शहर में कुत्तों की अनुमानित संख्या

- नसबंदी और टीकाकरण – 78,566
- 2016 से 31 मार्च 2023 – 54,559
- अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 – 21,141
- अप्रैल 2024 से मई – 2866

**बधियाकरण -टीकाकरण पर खर्च हो चुके हैं 7.84 करोड़**

2016 से अभी तक कुल 78,566 कुत्तों के बधियाकरण पर 999 रुपये की दर से कुल 7.84 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। निगम ने दिसंबर 2019 से मार्च 2023 तक इसके लिएह्यूमन सोसाइटी इंटरनेशनल इंडिया को 999 रुपये प्रति कुत्ते की दर से भुगतान किया। मार्च 2023 के बाद से राशि को बढ़ा कर 1250 रुपये कर दिया गया। एक साल में निगम ने 22,000 से 24,000 कुत्तों का बधियाकरण किया है।

> निगम के अभियान से काफी हद तक कुत्तों की संख्या कम हुई है। अभियान न चलाया जाता तो शहर में लगभग 2.5 से तीन लाख कुत्ते होते। अभी कुत्तों की संख्या लगभग 1.05 लाख है।
>
> **-डॉ. अभिनव वर्मा,** पशु कल्याण अधिकारी, लखनऊ नगर निगम

> हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार निगम कार्रवाई करेगा। एनिमल बर्थ कंट्रोल रूल 2023 में संशोधन की आवश्यकता है। मसौदा तैयार किया जा रहा है।
>
> **-इंद्रजीत सिंह,** नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम

## ठेका कर्मियों के शोषण का आरोप नाराजगी जताई

**अमृत विचार, लखनऊ:** उप्र पावर कारपोरेशन संविदा कर्मचारी संघ ने रविवार को पावर कारपोरेशन के एमडी को आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण पर अंकुश लगाने की मांग की।

संघ ने कर्मचारियों की संख्या कार्य की तुलना में कम होने का आरोप लगाते हुए कर्मचारियों से 8 घंटे की जगह 16 घंटे कार्य लेने की बात कही। संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पांडे ने बताया कि कर्मचारियों से अनुरक्षण कार्य के साथ राजस्व वसूली, विद्युत विच्छेदन और मीटर रीडिंग का कार्य भी लिया जा रहा है। संघ ने कर्मचारियों के साथ हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ अतिरिक्त कार्य कराने पर उन्हे उसके भुगतान की मांग की।



बीकेटी की ग्राम अल्दमपुर गोशाला में धूप में खड़े गोवंश। अमृत विचार

# तप रहे गोशालाओ के टीनशेड धूप और लू से गोवंश बेहाल

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार :** गोशालाओं में गोवंश को तेज धूप और लू से बचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। गोवंश की क्षमता के अनुसार टीनशेड नहीं हैं, जो शेड हैं उनमें तिरपाल नहीं लगाए गए हैं। तेज धूप में शेड तपने से गोवंश धूप में खडे.रहते हैं। सबमर्सिबल पंप लगे होने के बावजूद ताजा पानी गोवंश को नहीं दिया जा रहा है।

बख्शी का तालाब क्षेत्र की ग्राम पंचायत पहाड़पुर, कुम्हरावां, महिंगवा, इंदारा, सुवंशीपुर, परसहिया, किशुनपुर, अल्दमपुर, उसरना, मंडौली, सहादतनगर गढ़ा, सुल्तानपुर, पालपुर, मानपुर लाला, अचरामऊ, सोनवा, भगौतीपुर में आस्थायी गोशालाएं संचालित हैं। रविवार को इन गोशालाओं की हकीकत देखी तो हीटवेव से बचाव के इंतजाम पर्याप्त नहीं मिले।

> हीटवेव से बचाव के बीडीओ को गोशालाओं में इंतजाम करने हैं। इसके लिए सीडीओ ने पत्र भी जारी किया है। कई जगह व्यवस्थाएं की गई हैं। गोशालाओं का अचानक निरीक्षण करेंगे, कहीं कमी मिली तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-डॉ. सुरेश कुमार,** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

**हरा चारा नहीं, खिला रहे सूखा भूसा :** ग्राम पंचायत अल्दमपुर, मंडौली, किशुनपुर, इंदारा, शहादतनगर गढ़ा, परसहिया, भगौतीपुर में स्थित गोशाला में गोवंश सूखा भूसा खाते नजर आए। कहीं पर हरा चरा व दाना नहीं दिखा। गोवंशों को हर दो-दो घंटे में ताजा पानी देना है, लेकिन नाद खाली दिखे। दो दिन पहले ही सीडीओ ने गोशालाओं में छाया, चारा और पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे।

## कान्हा उपवन गोशाला की सुविधाओं को सराहा

**अमृत विचार, लखनऊ :** विशेष सचिव नगर विकास राजेंद्र पैंसिया ने रविवार को नगर निगम द्वारा संचालित नादरगंज अमौसी स्थिति कान्हा उपवन गोशाला का औचक निरीक्षण किया। सभी बाड़ों के निरीक्षण में उन्हें भूसा चोकर तथा नांदों में मानक अनुसार चारा मिला। सम्पूर्ण परिसर की सफाई व्यवस्था अच्छी मिली। कुछ बाड़ों में गोवंश के लिए कूलर की व्यवस्था देखकर उन्होंने नगर निगम के प्रयास की सराहना की। विशेष सचिव ने गोशाला में कुछ स्थानों पर शेड के विस्तार के निर्देश दिए तथा गोशाला को आत्मनिर्भर बनाए जाने पर जोर देते हुए दूध तथा गोबर की बिक्री की जानकारी ली।

**सुरक्षा व्यवस्था** डीसीपी पूर्वी बनाए गए नोडल अधिकारी, दो एडीसीपी रहेंगे सहयोगी

# मतगणना की पहरेदारी करेंगे 1500 पुलिसकर्मी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

**अमृत विचारः** रमाबाई रैली स्थल पर लखनऊ, मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्रों के चुनाव और लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव की मतगणना चार जून को सुबह 8:00 बजे से की जाएगी। रैली स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए डेढ़ हजार पुलिसकर्मी लगाए जाएंगे। डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। सहयोग में दो एडीसीपी लगाए गए हैं।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल के मुताबिक स्ट्रांग रूम की सुरक्षा आईटीबीपी के एक प्लाटून कर रही है। बाकी स्थानों पर पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी लगाए गए हैं। मुख्य द्वार पर दो कंपनी अर्द्धसैनिक बल को तैनात किया गया है। जेसीपी के मुताबिक मतगणना स्थल पर पहुंचने से पहले नेताओं, एजेंटों की कई जगह चेकिंग की जाएगी। एक डीसीपी, दो एडीसीपी, 11 एसीपी सहित कुल 1551 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। मतगणना के दौरान कोई भी व्यक्ति शस्त्र, ज्वलनशील पदार्थ, मोबाइल, कैमरा व पेय पदार्थ कक्ष में न हीं ले जा सकेगा।

### गेट नंबर चार पर मीडियाकर्मी खड़े कर सकेंगे वाहन

जेसीपी के मुताबिक मतगणना स्थल के गेट नंबर चार से मीडियाकर्मियों को प्रवेश दिया जाएगा। गेट नंबर चार के पास पार्किंग बनाई गई है। वहां अधिकारी व मीडिया कर्मियों की गाड़ी खड़ी होंगी। यहां किसी भी अन्य व्यक्ति का वाहन नहीं खड़ा हो सकेगा।

## आज होगा वाहनों का अधिग्रहण

**अमृत विचार, लखनऊः** रमाबाई रैली स्थल पर मतगणना कर्मियों को लाने-लेजाने के लिए 150 वाहनों की जरूरत है। इन वाहनों को उलब्ध कराने की जिम्मेदारी आरटीओ कार्यालय को दी गई है। ऐसे में वाहनों के अधिग्रहण के लिए सोमवार को अभियान चलेगा। आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज ने बताया कि जिन वाहन मालिकों को नोटिस भेजा जा चुका है, उन्हें हर हाल में सोमवार को वाहन आरटीओ कार्यालय को सौंपना होगा। तीन जून को वाहनों को अधिग्रहण किया जाएगा व चार जून की रात को वापस भेज दिया जाएगा।


**क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?**

SINCE 2006

**जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!**

**कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं?** जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें**

VACHAK **वाचक आयुर्वेद**®

**आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश**

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अत: वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



**डॉ. ओम प्रकाश वर्मा**
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

**अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –**

**7080239313**
**7570060266**

**आलमबाग**

पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी

परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**

पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस

परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

**रविवार सांय अवकाश**

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।

★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।

★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,

9839163047 / 9956384848

## एक नजर

### विश्व में एक तिहाई लोगों को उच्च रक्तचाप की समस्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** उच्च रक्तचाप स्वास्थ्य के लिए एक प्रमुख चुनौती है, इसे खामोश हत्यारा भी कहा जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है कि विश्व में 30 से 79 वर्ष की आयु के लगभग एक तिहाई लोगों को उच्च रक्तचाप की समस्या है। भारत में लगभग 18 करोड़ लोग उच्च रक्तचाप के साथ जीवन जी रहे है। ये बात लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने कही। वह रविवार को विश्वविद्यालय में आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। वहीं मुख्य वक्ता डॉ. शिखा गुप्ता ने कहा कि उच्च रक्तचाप के लिए दवा लेना ही एकमात्र विकल्प नहीं है। माथे पर पट्टी रखना, हॉट फुट बाथ, संतुलित आहार और उचित नींद लेना भी आवश्यक है।

# केंद्रीय विद्यालय : बोर्ड परिणाम में पीछे फिर भी थपथपा रहे पीठ

## कार्यशाला के दूसरे दिन मीडिया के सवालों से बचती रही केवी संगठन मुख्यालय की आयुक्त निधि पांडे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10वीं और 12वीं 2024 के परिणाम में केंद्रीय विद्यालय के बच्चे प्राइवेट विद्यालयों से पीछे रहे। लेकिन राजधानी में केंद्रीय विद्यालय संगठन की त्रिदिवसीय वार्षिक प्राचार्य सम्मेलन में अधिकारी अपनी ही पीठ थपथपाते नजर आए और अपने विद्यालयों का परिणाम बेहतर बताते रहे।

कार्यशाला के दूसरे दिन केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय दिल्ली से आई आयुक्त निधि पांडे से जब बोर्ड परिणाम को लेकर मीडिया ने सवाल पूछे तो वह सवालों का जवाब दिए बिना ही आगे बढ़ गई।

केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली के सहायक आयुक्त मनोज कुमार पांडे ने पीएमश्री योजना और उसके प्रयोग के विषय में विस्तृत से जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में लखनऊ संभाग के 32 केंद्रीय विद्यालयों को पीएमश्री योजना में शामिल किया गया है। यह पीएमश्री विद्यालय सभी विद्यालयों के लिए एक आदर्श स्कूल के रूप में स्थापित किए जाएंगे। जहां बच्चों के लिए उत्तम संसाधन, बेहतर शिक्षा एवं कुशल रूप से प्रशिक्षित अध्यापक होंगे। कार्यक्रम के समापन समारोह में लखनऊ संभाग की उपायुक्त सोना सेठ ने सभी प्राचार्य को मूल्यांकन व पर्यवेक्षण, सर्वांगीण तथा गुणात्मक शिक्षा एवं कौशल विकास को सुनिश्चित करने पर बल दिया।



केंद्रीय विद्यालय संगठन की वार्षिक प्राचार्य सम्मेलन में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

### विद्यालयों की वेबसाइट तक अपडेट नहीं

केंद्रीय विद्यालयों की हर शाखा की अपनी वेबसाइट है लेकिन ये वेबसाइट अपडेट नहीं है। इससे अभिभावकों को परेशानी होती है। रविवार को इस संबंध में सहायक आयुक्त विजय कुमार ने प्रधानाचार्यों को अपनी वेबसाइट अपडेट करने के आदेश दिए। इसके साथ ही संगणक आधारित शिक्षा और इ-क्लास रूम को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

### अगले साल परिणाम बेहतर देने का दावा

केंद्रीय विद्यालय संगठन के लखनऊ संभाग की सहायक आयुक्त अर्चना जायसवाल ने कहा कि परीक्षा परिणाम पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई है। आगामी वर्षों में बेहतर परिणाम देने का हमने संकल्प लिया है।

# नहीं रहे पूर्व माध्यमिक शिक्षा निदेशक कृष्ण मोहन त्रिपाठी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी के पूर्व माध्यमिक शिक्षा निदेशक कृष्ण मोहन त्रिपाठी का रविवार की सुबह कानपुर स्थित आवास पर निधन हो गया। वह लंबी बीमारी से जूझ रहे थे, उनका इलाज राजधानी के अपोलो अस्पताल में पांच दिनों तक चला, उसके बाद डॉक्टरों ने जवाब दे दिया।



केएम त्रिपाठी

इस बारे में पूर्व अपर शिक्षा निदेशक ललिता प्रदीप ने बताया कि निदेशक रहते वह विभाग की हर समस्या को शासन स्तर पर बड़ी बेबाकी से उठाते रहते थे। बता दें कि 2020 में परिषदीय विद्यालयों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को लागू करने को लेकर सरकार ने फैसला लिया था। उस समय कृष्ण मोहन ने विरोध करते हुए कहा था कि बच्चे हिंदी से दूर हो जाएंगे, उन्होंने उप मुख्यमंत्री से वार्ता कर अपना पक्ष भी रखा था।

उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है, इसका बेहतर ज्ञान तो होना ही चाहिए। अगर बच्चे हिंदी की जगह अन्य भाषाओं में अपने पाठ्यक्रम को पढ़ेंगे तो हिंदी को भूल जाएंगे। कृष्ण मोहन को सरकार ने विद्यालयों में एनईपी लागू करने वाली कमेटी में भी शामिल किया था।

# राजधानी के ज्ञान और यशस्वी को स्वर्ण

## 1000 मीटर दौड़ में लखनऊ की प्रतिज्ञा ने रजत व शॉटपुट में प्रज्ञा जैन ने जीता कांस्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर स्थित साई सेंटर में रविवार को आयोजित की गई राज्य अंडर-18 महिला एवं पुरुष एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लखनऊ के ज्ञान सिंह यादव और यशस्वी ने धमाकेदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता। ज्ञान ने 1000 मीटर दौड़ व यशस्वी दुबे ने 100 मीटर हर्डल में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। लखनऊ के लिए 1000 मीटर दौड़ में प्रतिज्ञा पन्ना ने रजत और शॉटपुट में प्रज्ञा जैन ने कांस्य पदक हासिल किया।

प्रदेश के विभिन्न जिलों के 500 से अधिक महिला एवं पुरुष एथलीटों ने इस चैंपियनशिप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स टीम चुनी जाएगी। छत्तीसगढ़ में 15 जून से होने वाली यह टीम राष्ट्रीय यूथ चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। आज राष्ट्रीय स्तर के साथ राष्ट्रीय स्कूली खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर चुके लखनऊ स्पोर्ट्स कॉलेज के ज्ञान सिंह ने 1000 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया। बुलंदशहर के हिमांशु चौधरी के खाते में रजत पदक रहा। महिलाओं की इसी दौड़ में लखनऊ की प्रतिज्ञा पन्ना ने रजत पदक जीता। लखनऊ की यशस्वी दुबे ने 100 मीटर हर्डल में उम्दा प्रदर्शन करते हुए सभी को पीछे छोड़ा और स्वर्ण पदक हासिल किया। इस स्पर्धा का रजत पदक वाराणसी की आर्या के नाम रहा।



दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं बालिकाएं। अमृत विचार

### राज्य अंडर-18 महिला एवं पुरुष एथलेटिक्स चैंपियनशिप के परिणाम

**पुरुष वर्ग**

- **100 मीटर :** स्वर्ण- लव रावत (इटावा), रजत-सनी विकल (मेरठ), कांस्य- दीपक पाठक (अलीगढ़)
- **200 मीटर :** सनी विकल (मेरठ), रजत- मो. शोएब त्यागी (मुजफ्फरनगर), कांस्य- यश तोमर (मुरादाबाद)
- **400 मीटर :** स्वर्ण- युगांक चौधरी (सहारनपुर), रजत- मयंक चिकारा (मेरठ), कांस्य- मो. शोएब त्यागी (मुजफ्फरनगर)
- **1000 मीटर :** स्वर्ण- ज्ञान सिंह यादव (स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ), रजत- हिमांशु चौधरी (बुलंदशहर), कांस्य- विजय (उन्नाव)
- **110 मीटर हर्डल :** स्वर्ण- मनीष कुमार राजभर (वाराणसी), रजत- रिशु पाठक (वाराणसी), कांस्य- नितिन सिंह (सोनभद्र)
- **हाई जम्प :** स्वर्ण- तुषार राय (वाराणसी), रजत- रितिक गौर (हाथरस), कांस्य- बलदाउ सिंह (उन्नाव)
- **लांग जम्प :** स्वर्ण- विष्णु (चंदौली), रजत- शिवम (जौनपुर), कांस्य-विमल सिंह (आगरा)
- **शॉटपुट :** स्वर्ण- सूरज कुमार (अमरोहा), रजत- सक्षम चौधरी (मुरादाबाद), कांस्य- कृष्णा सिंह (भदोई)
- **जैवलिन थ्रो :** स्वर्ण- ऋषभ गिरी (जौनपुर), रजत- रजत कुमार (मथुरा), कांस्य- नागेश पाठक (हाथरस)
- **5000 मीटर पैदल चाल :** स्वर्ण- नितिन गुप्ता (उन्नाव), रजत- रिशु कुमार (चंदौली), कांस्य- ईशु यादव (इटावा)

**महिला वर्ग**

- **100 मीटर :** स्वर्ण- निपम (शामली), रजत- पलक तिवारी (अयोध्या), कांस्य- सोनाक्षी कनौजिय (सुल्तानपुर)
- **200 मीटर :** स्वर्ण- पलक तिवारी (अयोध्या), रजत- निशा साहनी (देवरिया), कांस्य- प्रीति पाल (वाराणसी)
- **400 मीटर :** स्वर्ण- रोशनी यादव (वाराणसी), रजत- रेनू गुप्ता (सोनभद्र), कांस्य-वंशिका राठी (मेरठ)
- **1000 मीटर :** स्वर्ण- साक्षी सिंह (वाराणसी), रजत- प्रतिज्ञा पन्ना (लखनऊ), शिवानी (आगरा)।
- **100 मीटर हर्डल :** स्वर्ण- यशस्वी दुबे (लखनऊ), रजत- आर्या सिंह (वाराणसी), कांस्य- वंदना (वाराणसी)
- **हाई जम्प :** स्वर्ण- अंजुम चौधरी ( शामली), रजत- गुंजन यादव (वाराणसी), कांस्य- शिवा (मैनपुरी)
- **लांग जम्प :** स्वर्ण- सोनाक्षी कनौजिया (सुल्तानपुर), रजत- शार्दा भारद्वाज (मऊ), कांस्य- तमन्ना (मेरठ)
- **शॉटपुट :** स्वर्ण- खुशी (अमरोहा), रजत- समीक्षा राठी (बिजनौर), कांस्य- प्रज्ञा जैन (लखनऊ)
- **जैवलिन थ्रो :** स्वर्ण :सपना देवी (चित्रकूट), रजत- रंजना यादव (प्रयागराज), कांस्य- रिचा यादव (वाराणसी)
- **3000 मीटर पैदल चाल :** स्वर्ण- शिखा यादव (वाराणसी), रजत- सरोजनी (उन्नाव), कांस्य - नन्दिनी सोनकर (रायबरेली)

# वीर ने शानदार खेल दिखा जीते पांच स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दमदार प्रदर्शन के साथ वीर वाल्मीकि ने जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता में क्लीन स्वीप के साथ सभी पांच वर्गों में खिताबी जीत दर्ज की। उन्होंने बीते शनिवार को पहले दिन कैडेट वर्ग का खिताब जीता।

यूपी टेबल टेनिस कॉम्प्लेक्स में खेली गई प्रतियोगिता के दूसरे और अंतिम दिन रविवार को 13 साल के वीर वाल्मीकि ने अपने प्रदर्शन से आयोजकों के साथ दर्शकों का भी दिल जीत लिया। उन्होंने प्रतियोगिता के पांच वर्गों में प्रतिभाग किया और सभी में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने पुरुष एकल फाइनल में आशुतोष सिंह को, यूथ बालक फाइनल में समर्थ तिवारी को, जूनियर वर्ग में आयुष बग्गा को और सब जूनियर के फाइनल में लक्ष्य कुमार को पराजित किया।

बालिका वर्ग में सौम्या चंद्रा ने दोहरे स्वर्ण जीते। यूथ बालिका फाइनल में सौम्या ने इश्ना अग्रवाल को और जूनियर बालिका फाइनल में साक्षी तिवारी को हराया। महिला एकल फाइनल में गुनगुन साहू ने इलीना मिश्रा को हराया।



जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता में विजयी रहने वाले खिलाड़ी पदकों के साथ।

## अंक पत्र और प्रमाण पत्र में है त्रुटि तो होगा सुधार

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के अंक पत्र और प्रमाण पत्र में प्रिंट करते वक्त किसी भी प्रकार की त्रुटी होने पर उसमें सुधार किया जायेगा।

इस बारे में जानकारी देते हुए निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने बताया कि मौजूदा समय में इंटरमीडिएट के अंक व प्रमाण पत्र वितरित करने के लिए जिलों में भेजे जा रहे हैं। इस दौरान यदि किसी भी छात्र के अंकपत्र व प्रमाण पत्र में कोई त्रुटि होगी तो उसे सुधारा जायेगा। इसके लिए छात्रों को चिंता करने की जरूरत नहीं होगी। छात्र अपने जिले के डीआईओएस कार्यालय में इसके लिए प्रार्थना पत्र दे सकेंगे।

# मदर ओरिएंटेशन कार्यक्रम से बढ़ेगा विद्यालयों में नामांकन

## 3 से 5 वर्ग की आयु वाले बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर चलाये जाएंगे कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से सरकारी विद्यालयों के प्रागंण में चल रहे आंगनबाडी केंद्रों पर इसी माह से मदर ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

इस कार्यक्रम से जहां विद्यालयों में बच्चों की नामांकन संख्या तेजी से बढ़ेगी। वहीं अभिभावकों को शिक्षा का महत्व भी पता चल सकेगा। बच्चे यहां प्री नर्सरी की तर्ज पर पढ़ाई करेंगे। उसके बाद 6 साल पूरे होते ही उनका प्रवेश कक्षा-1 में लिया जायेगा। इस संबंध में राज्य परियोजना कार्यालय ने कार्ययोजना तैयार की है। साथ ही विद्यालय खुलते ही मदर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित करने के आदेश दिए गये हैं।

अधिकारियों का कहना है कि पूर्व बाल्यावस्था व देखभाल शिक्षा बच्चों (3 से 6 आयुवर्ग) को विकास के प्रारंभिक वर्षों के दौरान स्वास्थ्य, पोषण, देखभाल और सीखने के अवसर उपलब्ध कराती है। संबंधित आयुवर्ग के बच्चे सबसे अधिक अपनी माता से भावनात्मक रूप से जुड़े रहते हैं।

इस बात को ध्यान में रखते हुए बच्चों के समग्र विकास के लिए बच्चों की प्रथम शिक्षिका (माता) को बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं सीखने के अवसर से संबंधित बिंदुओं पर उन्मुखीकरण किये जाने का निर्णय लिया गया है। मदर ओरिएंटेशन का मुख्य उद्देश्य माताओं को बच्चों के देखभाल के साथ-साथ औपचारिक शिक्षा के लिए तैयार कराना है।

### जारी किया गया वार्षिक कैलेंडर



इस संबंध में वार्षिक कैलेंडर भी जारी कर दिया गया है। जिसमें मदर ओरिएंटेशन कार्यक्रम जून 2024 से फरवरी 2025 के मध्य आयोजित किया जायेगा। वहीं मार्च 2025 में कार्यक्रम बाल मेला के रूप में आयोजित होगा। इसके लिए पहली बैठक 22 जून को होगी। जून माह से शुरू होने के बाद फरवरी 2025 तक तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। इसमें प्रधानाध्यापक, नोडल अध्यापक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भी जिम्मेदारी तय की गई है।

मदर ओरिएंटेशन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए पूरी कार्ययोजना जिलों में भेज दी गई है। कार्यक्रम के तहत बच्चों की माताओं को शिक्षा का महत्व बताया जायेगा 6 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चे आंगनबाड़ी में पढ़ेंगे उसके बाद यहीं से इनकों आगे चलकर प्राथमिक विद्यालय में भी प्रवेश दिया जायेगा।

**-कंचन वर्मा शिक्षा महानिदेशक**

**वर्ल्ड साइकिल डे** | कोरोना काल के बाद शहर में तेजी से बढ़े साइकिलिंग के क्लब

# फिटनेस के शौकीनों में बढ़ रही साइकिलिंग की दीवानगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में साइकिलिंग के प्रति लोगों की दीवानगी बढ़ रही है। दो वर्ष पूर्व तक जहां साइकिलिंग के 8 से 10 क्लब ही हुआ करते थे, अब इनकी संख्या बढ़ कर 42 से अधिक हो गई है। पैडल यात्री साइकिलिंग एसोसिएशन और लखनऊ साइकिलिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों के प्रयासों व कोरोना काल के बाद लोगों में फिटनेस को लेकर जागरूकता बढ़ी है।

पैडल यात्री साइकिलिंग एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि हमने 8 से 10 वर्ष पहले लखनऊ में साइकिल क्लब बनाया और लोगों को इसके फायदे बताए। लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित किया। शुरुआत में हमारे क्लब में 8 से 10 सदस्य थे। इनमें भी तीन से चार बच्चे थे। फिर भी हम लोगों ने प्रयास जारी रखे। आज क्लब में 500 से अधिक लोग शामिल हैं।

एसोसिएशन के सचिव आनंद किशोर पाण्डेय ने बताया कि आज क्लब में सेना के अधिकारी, आईपीएस, डॉक्टर के साथ कई अन्य लोग शामिल हैं। ये भी अपने बच्चों के साथ समाज के अन्य लोगों को साइकिलिंग के प्रति प्रोत्साहित कर रहे हैं। भागदौड़ भरे जीवन में लोगों के पास फिट रहने का साइकिलिंग एक आसान उपाय है। चिकित्सकों के अनुसार, घुटने और फेफड़े दोनों ही इससे स्वस्थ रहते हैं।

**साइकिलिंग करते समय इन बातों का रखें ध्यान :** सड़क पर साइकिलिंग करते समय हेलमेट अवश्य पहनें। साइकिल में आगे-पीछे रेडियम स्टीकर अवश्य लगे होने चाहिए। साइकिलिंग करते समय पानी अवश्य साथ रखें। साथ ही साइकिलिंग के लिए उन सड़कों का चुनाव करें जिन पर यातायात दबाव कम हो।



साइकिलिंग के लिए निकले क्लब के सदस्य। अमृत विचार

साइकिलिंग को लेकर लगातार जागरूकता बढ़ रही है। खास बात यह है कि हमारे क्लब में 30 से लेकर 60 वर्ष तक के सदस्य हैं, जो रोजाना 10 से 15 किमी साइकिलिंग कर रहे हैं।

**-आनंद किशोर पाण्डेय, सचिव, पैडल यात्री साइकिलिंग एसोसिएशन**

### इन इलाकों में मौजूद हैं साइकिलिंग क्लब

शहर में गोमती नगर इलाके में 6, इंदिरा नगर में 4, कृष्णा नगर में 3, चौक में 3, अलीगंज में 2, हजरतगंज में 4, आलमबाग में 3, कपूरथला में 1, चारबाग में 4, राजाजीपुरम में 1, मवैया में 2, निशातगंज में 4 व अन्य क्षेत्रों में भी कुछ क्लब मौजूद हैं। क्लब के सदस्यों के साथ एक वार्षिक बैठक भी आयोजित की जाती है।

## इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलम्पियाड में छात्र ने जीता स्वर्ण पदक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा-5 के मेधावी छात्र ध्रुव दीक्षित ने इटंरनेशनल सोशल स्टडीज ओलम्पियाड में स्वर्ण पदक अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता साइंस ओलम्पियाड फाउंडेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित हुई।

यह जानकारी सीएमएस के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन किया। ओलम्पियाड के आयोजकों ने ध्रुव की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सीएमएस प्रबन्धक, प्रो. गीता गांधी किंगडन ने इस मेधावी छात्र को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।




आर्य नगर के दयानंद सेवा संस्थान में रक्तदान करते लोग। अमृत विचार

# रक्तदान कर 21 लोग बने महादानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पूर्व एमएलसी व समाजसेवी अधीर दुबे की स्मृति में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

**अमृत विचार :** पूर्व एमएलसी व समाजसेवी अधीर दुबे की स्मृति में रविवार को आर्य नगर के दयानंद सेवा संस्थान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 21 लोग रक्तदान कर महादानी बने।

शिविर का आयोजन अधीर दुबे फाउंडेशन और सीवीसीएल एवं लायंस क्लब लखनऊ मेट्रोपोलिटन के संयुक्त प्रयास से किया गया था। फाउंडेशन के अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने बताया कि शिविर में सिविल अस्पताल के ब्लड बैंक यूनिट से डॉ. प्रवीण कुमार व उनकी टीम ने रक्तदान कराया।

आयोजन में फाउंडेशन के प्रमुख सुशील दुबे, सीवीसीएल के अध्यक्ष देश दीपक श्रीवास्तव और लायंस पीएस जग्गी का विशेष योगदान रहा। रक्तदान शिविर का आयोजन गत तीन साल से किया जा रहा। फाउंडेशन की ओर से लगातार सामाजिक गतिविधियां की जा रहीं हैं।

## एक नजर

### मुनाफे का लालच देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर पुलिस ने रविवार को मुनाफे का लालच देकर लोगों से ठगी करने वाले जालसाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान देवरिया के मदनपुर निवासी विशाल राम चंदेल के रूप में हुई है। जांच में पता चला कि आरोपी स्टेलियन इंफ्रा डेवलपर्स कंपनी बनाकर लोगों को मुनाफा देने का लालच देकर ठगी करता था। बताया आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### शराब की बोतल से हमला, दो घायल

अमृत विचार, लखनऊ : लालबाग क्षेत्र में रविवार सुबह राम मेडिसिन स्टोर की गैलरी में प्रदीप कश्यप और संतराम सो रहे थे। इसी दौरान सतीश मानव ने हमला कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने शराब की बोतल प्रदीप के गले और संतराम के सिर पर मार दी। इससे दोनों लहूलुहान हो गये। चीख पुकार सुन आसपास के लोग पहुंचे सतीश को पकड़ कर पीटने के बाद पुलिस को सौंपा। दारुलशफा चौकी प्रभारी ने बताया कि सतीश मानव मानसिक रूप से बीमार है। उसे पकड़ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज पुलिस ने चोरी के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपियों की पहचान मड़ियांव निवासी अकबर खान और विनोद के रूप में हुई है। दोनों के पास से चोरी का माल बरामद किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### प्लाट की बाउंड्रीवाल गिराई, तीन पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : बीबीडी थाना क्षेत्र में प्लाट की बाउंड्री गिराने और विरोध करने पर पीड़ित को जान माल की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह के मुताबिक, रैन बसेरा अपार्टमेंट निवासी अफरोज हमीद अंसारी ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया वह मेसर्स गार्डेन स्टेट के पार्टनर हैं। फर्म की भूमि वबुरिहा में है। 16 मई को जमीन के मालिक सहजराम, शेषराम, प्रभुदेवी, राकेश कुमार, प्रदीप यादव, दिनेश कुमार व देशराज की मौजूदगी में प्लाट की बाउंड्री बनवाई थी। 30 मई को देर शाम वीआरएस इन्फ्रा डेवलपर्स के पार्टनर अमर अग्रवाल निवासी इंद्रानगर ने विनय सिंह व रोहित सिंह के साथ बाउंड्रीवाल तोड़ दी गई। वह मौके पर पहुंचा तो जान माल की धमकी देते हुये जमीन पर खुद का कब्जा बताया।

# इंजीनियर समेत दो को 27 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर 12 लाख ठगे

## एक से नौ और दूसरे से तीन लाख रुपये अपने खाते में कराए ट्रांसफर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- साफ्टवेयर इंजीनियर पर लगाया नशीले पदार्थ की तस्करी का आरोप
- कर्मचारी पर आधार कार्ड के गलत इस्तेमाल को लेकर बनाया दबाव

**अमृत विचार :** साइबर ठगों ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर समेत दो लोगों को डिजिटल अरेस्ट करने के नाम पर 12 लाख रुपये ठग लिए। इंजीनियर को भेजे गए पार्सल में नशीला पदार्थ मिलने की बात कहकर नौ लाख रुपये वसूले। वहीं एग्रो कंपनी के कर्मचारी से तीन लाख ठग लिए। दोनों 27 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट रखा गया। पीड़ितों ने विकासनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

विकासनगर सेक्टर-आठ निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर अश्वनी वर्मा के पास अन्जान नम्बर से कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि अश्वनी ने एक पार्सल भेजा है, जिसमें 150 ग्राम एमडीएक्स मिली है। आप तुरंत साइबर क्राइम अधिकारी राजेश प्रधान से बात कर लीजिए। अश्वनी ने आईपीएस अधिकारी बने राजेश प्रधान को कॉल किया। उसने नशीले पदार्थ की तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाते हुए अश्वनी की 28 दिन की रिमांड लेने की बात कही। उसके बाद बयान और सर्विलांस पर रखने की बात कही। स्काइप ऐप से स्क्रीन भी शेयर करवा लिया, ताकि कहीं कॉल न कर सके। कहा कि आरबीआई का एक खाता है, जो कस्टम जनरेटेड होता है। लिहाजा अपने खाते से सारी रकम ट्रांसफर कर दो। जांच के बाद रुपए वापस हो जाएंगे। आरोपी के दबाव में अश्वनी ने बैंक जाकर करीब नौ लाख रुपये ठग के बताए अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए।

वहीं दूसरी ओर विकास विहार निवासी मनोज गुप्ता बाराबंकी कुर्सी रोड स्थित गोयल एग्रो में काम करते हैं। उनके मोबाइल पर अनजान नम्बर से कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि मनोज के आधार का इस्तेमाल आपराधिक गतिविधि में हुआ है। ऐसे में उनके खिलाफ सीबीआई की तरफ कार्रवाई होगी। सीबीआई का नाम सुनकर मनोज घबरा गए। उन्हें कुछ समझ नहीं आया। कॉलर ने बताया कि आपको अभी डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है। इस दौरान हम आपके खाते में जमा रुपयों की जांच करेंगे, जिससे पता चलेगा कि आप आपराधिक गतिविधि में शामिल हैं कि नहीं। इसके बाद जालसाज ने मनोज को एक अकाउंट बताया। इसमें एनईएफटी से करीब तीन लाख रुपये जमा कराए। जालसाज ने रुपये ट्रांसफर होने के कुछ देर बाद कॉल करने की बात कही थी। काफी देर तक फोन नहीं आने पर मनोज को शक हुआ। उन्होंने परिचितों से घटना के संबंध में बात की। फिर विकासनगर कोतवाली पहुंच कर मुकदमा दर्ज कराया।

## अस्पताल में रिसेप्शनिस्ट से छेड़छाड़

**अमृत विचार, लखनऊः** चौक क्षेत्र में एक निजी अस्पताल में रिसेप्शनिस्ट से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी ने रिसेप्शनिस्ट और उसके सहकर्मियों से गाली गलौज की पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय के मुताबिक, बाराबंकी निवासी युवती (25) अस्पताल में रिसेप्शनिस्ट है। आरोपी अतीक अहमद यहां अक्सर काम के सिलसिले में आता है। युवती का नम्बर हासिल कर अंजान नम्बर से कॉल कर मिलने का दबाव बनाया। बात नहीं मानने पर धमकाने लगा। शनिवार सुबह युवती रिसेप्शन पर थी। अतीक अहमद पहुंचा और उससे छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर युवती से मारपीट कर धमकी देने लगा। शोर सुन पहुंचे कर्मचारियों ने अतीक को बाहर जाने के लिए कहा तो उनके साथ भी गाली गलौज करने लगा। इंस्पेक्टर ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

## झांसा देकर बुजुर्ग महिला के कान के बाले ले गये टप्पेबाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** विकासनगर क्षेत्र में पार्क में मॉर्निंग वॉक करने निकली बुजुर्ग महिला को टप्पेबाज बातों में लगाकर सोने के बाले लेकर भाग निकले। घर पहुंची पीड़िता ने परिजन को घटना बताई। बेटे के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

इंस्पेक्टर विपिन सिंह के मुताबिक, शारदा कॉलोनी निवासी रवि प्रकाश पांडेय पीडब्ल्यूडी में ठेकेदार हैं। शनिवार सुबह करीब 7.30 बजे रवि की बुजुर्ग मां मिथलेश पांडेय रोहतास अपार्टमेंट के पास बने पार्क में मॉर्निंग वॉक कर रही थीं। इसी दौरान एक युवक उनके पास पहुंचा और डॉक्टर का पता पूछने लगा। इस बीच दूसरा टप्पेबाज भी पहुंचा और तंत्र-मंत्र की बात बता डरा कर उनसे सोने के बाले उतरवा लिये। इसके बाद बालों को कागज में लपेट कर मां को दूसरी पुड़िया थमा दी। टप्पेबाजों ने वृद्धा से पुड़िया दो दिन बाद खोलने को कहा। घर पहुंचकर मिथलेश ने पुड़िया खोली तो उसमें कंकड़ निकले। इंस्पेक्टर ने बताया घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

### युवती को बंधक बना पीटा, चेन लूटने का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : इन्दिरा नगर क्षेत्र में युवती ने सहेली समेत तीन लोगों पर बंधक बनाकर जान से मारने की नीयत से पीटने के बाद चेन लूटने का मामला दर्ज कराया है। तकरोही निवासी अंशू गुप्ता ने प्रार्थना-पत्र देकर बताया वह करीब एक महीने से सहेली मोहिनी सिंह और उसकी बहन सोहिनी के साथ किराए पर रह रही है। कुछ दिन पहले मोहिनी ने ई-रिक्शा खरीदने के लिए अंशू से 30 हजार रुपये उधार लिये थे। पीड़िता का आरोप है कि शुक्रवार को आरोपी बहनों ने किचन में चाय बनाते समय उस पर हमला कर दिया। उसे बंधक बनाकर जान से मारने का प्रयास किया। इस दौरान उनकी चेन भी लूट ली।

## कार के गेट से टकराए बाइक सवार की अंगुली कटी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडम्बा क्षेत्र में बीच सड़क पर खड़ी कार के चालक के अचानक गेट खोलने से टकराये बाइक सवार की अंगुली कट कर अलग हो गयी। हादसे के बाद आरोपी कार समेत भाग निकला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इंस्पेक्टर नितीश श्रीवास्तव के मुताबिक, आदिल नगर निवासी राज कनौजिया ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि 25 मई को बाइक से आदिलनगर स्थित सरकारी राशन की दुकान के सामने से गुजर रहे थे। इसी दौरान बीच रोड पर गलत दिशा में खड़ी कार के चालक ने अचानक गेट खोल दिया। इससे राज बाइक समेत गेट से टकरा कर गिर गया। हादसे में उसके दाहिने हाथ की एक अंगुली कट कर दूर जा गिरी। हादसे के बाद चालक कार समेत भाग गया। घटना की जानकारी पर पहुंचे परिजन आनन-फानन राज को अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टर ने अंगुली जोड़ पाने में असमर्थता जताई।

## फैक्ट्री मालिक पर जानलेवा हमला, दो पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्टील की बोतल से सिर पर ताबड़तोड़ वार, किया मरणासन्न
- सरोजनीनगर क्षेत्र में फैक्ट्री से घर लौटते समय हुई घटना





**अमृत विचार :** सरोजनीनगर क्षेत्र में फैक्ट्री मालिक पर जानलेवा हमला कर मरणासन्न करने का मामला सामने आया है। हमलावरों ने रास्ते में कार रुकवा कर घटना अंजाम दी। भीड़ जुटती देख कार सवार हमलावर भाग निकले। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, आशियाना कॉलोनी निवासी मो. साउद सिद्दीकी ने प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि नादरगंज में नेशनल इंजीनियरिंग वर्क के नाम से फैक्ट्री संचालित है। शनिवार शाम करीब 5.30 बजे नादरगंज स्थित फैक्ट्री से कार से घर लौट रहे थे। रास्ते में हसन उर्फ अली अब्बास निवासी सरफराजगंज, असद निवासी आगा मीर ने हाथ से इशारा कर साउद की गाड़ी रुकवाई। पीड़ित का कहना है कि गाड़ी से उतरते ही आरोपी उससे गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की नीयत से स्टील की बोतल से सिर पर वार कर मरणासन्न कर दिया। आसपास भीड़ जुटते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकले। इंस्पेक्टर ने बताया दोनों के खिलाफ जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## पत्नी के मायके से नहीं आने पर युवक ने दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज क्षेत्र निवासी युवक ने पत्नी के मायके से नहीं आने पर आहत होकर शनिवार रात फंदा लगाकर जान दे दी। रिश्तेदार ने आरोप इंकार किया है। पुलिस का कहना है कि मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस के मुताबिक, मूलतः कानपुर के बाकरगंज निवासी विशाल (32) अलीगंज के प्रियदर्शिनी कॉलोनी में रहकर निजी पैथालॉजी में काम करते थे। मौसेरे भाई अभिनव ने बताया कि विशाल की पत्नी बच्चे को लेकर कुछ समय से उन्नाव के नवाबगंज स्थित मायके चली गई थी। कई बार बुलाने के बाद भी वह ससुराल नहीं आ रही थी। इससे विशाल परेशान था। शनिवार रात को विशाल ने पंखे के कुंडे में फंदा लगाकर जान दे दी। विशाल के माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। परिवार में कोई नहीं है।

## नकदी व गहने समेटे वहीं सो गया चोर आंख खुली तो सामने खड़ी थी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



गहरी नींद में हाथ में मोबाइल पकड़ कर सोता चोरी करने का आरोपी।

- वाराणसी में तैनात डॉक्टर के आवास पर चोरी का मामला
- चोरी का सामान बरामद पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

**अमृत विचार :** गाजीपुर थानाक्षेत्र में डॉक्टर के बंद मकान में चोरी करने घुसा चोरी रात भर उन्हीं के घर में सोता रहा। रविवार सुबह पड़ोसियों ने ताला टूटा देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची तो चोर को जगाया गया। उसके पास से चोरी के गहने, नकदी और अन्य सामान बरामद किया गया।

गाजीपुर इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया कि बनारस में तैनात डॉक्टर सुनील पाण्डेय का इंदिरानगर सेक्टर-20 में मकान है। सुबह पड़ोसियों ने उनका गेट खुला देख अंदर झांका तो मेन दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। लोगों ने इसकी जानकारी सुनील को दी। सुनील के कहने पर सोसाएटी के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घर के अंदर पहुंची तो अलमारियां खुली थी और सारा सामान बिखरा हुआ था। पुलिस की निगाह ड्राइंग रूम में सो रहे युवक पर पड़ी। उसे जगाया गया तो सकपका कर भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की। युवक ने अपना नाम कपिल बताया। उसने बताया कि इंदिरानगर में ही रहता है और चोरी करने के लिए ताला तोड़कर सुनील के घर में घुसा था। पुलिस ने उसके बैग से चोरी किए हुए रुपये, जेवर बरामद किए। उसने गैस सिलिंडर और टुल्लू पंप भी चुराया था जो पुलिस के हाथ लग गया। आरोपी ने बताया कि वो बेहद नशे में था इसलिए सामान समेटकर भागने से पहले नींद आ गई।

### चोरों ने 20 हजार नकदी समेत सामान किया पार

अमृत विचार, आलमबाग : आशियाना थाना क्षेत्र में चोरों ने घर से 20 हजार रुपये नकदी समेत लाखों का सामान पार कर दिया। पुलिस ने 20 दिन बाद मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, रुचि खण्ड प्रथम शारदा नगर योजना बंगला बाजार निवासी दिनेश कुमार जन सेवा केन्द्र चलाते हैं। 9 मई की सुबह सोकर उठे तो तीन मोबाइल फोन और 20 हजार रुपये चोरी होने का पता चला।



हादसे के बाद क्षतिगस्त कार। अमृत विचार

## कार की टक्कर से टेंपो चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सरोजनीनगर के किसान पथ पर हुआ हादसा

**अमृत विचार :** किसान पथ के पास रविवार को कार और टेंपो की टक्कर हो गई। हादसे में टेंपो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लिया है।

इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, टेंपो चालक श्यामबाबू कश्यप (20) बनी का रहने वाला था। वह टेंपो से स्कूटर्स इंडिया से बनी की ओर जा रहा था। किसान पथ के पास पहुंचते ही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकरपोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इंस्पेक्टर ने बताया मोहनलालगंज के गांव मरुई निवासी आरोपी कार चालक अखिलेश कुमार यादव को हिरासत में लिया गया है। कहा परिजन की तरफ से प्रार्थना-पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## पिता की मौत का डर दिखा वसूले 5 .79 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

- साइबर जालसाजों ने तीन लोगों से ठगे 7.31 लाख रुपये, एफआईआर दर्ज



**अमृत विचार :** महानगर के बीएन प्रोववोंसियल आर्म्स कांस्टेबुलरी निवासी प्रांजल पांडेय को कॉल कर जालसाजों ने पिता की मौत का डर बताया। इसके बाद जालसाज ने प्रांजल से 5,79,350 रुपये ठग लिए। जानकारी होने पर पिता दिनेश कुमार पांडेय ने महानगर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है।

आर्म्स कान्सटेबुलरी में तैनात दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि उनके बेटे प्रांजल के मोबाइल पर 28 अप्रैल को एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने बेटे से परिवार के बारे में पूरी जानकारी दी। इसके बाद कहा कि आपके पिता की मृत्यु हो जाएगी। इसका निवारण चाहते हैं तो जो बता रहा हूं वह कार्य कर दीजिए।

पिता की मौत की बात सुनने के बाद प्रांजल घबड़ा गया। उसने कॉल करने वाले के कहे अनुसार मेरे खाते से 1,82,450 रुपये और मेरी पत्नी गोदाम्बा पाण्डेय के खाते 3,96,900 रुपये कई बार में जालसाज के खाते में जमा करा दिए। जब इसकी जानकारी उनको हुई तो महानगर थाने में मामला दर्ज कराया है।

**टास्क देकर ठगे 50 हजार :** देवीखेड़ा पवनपुरी इलाके की रहने वाली निकिता सिंह ने बताया कि उनके पास 28 मई को एक कॉल आई। उसमें होटल की रेटिंग देने के लिए 50 रुपये मिलने की बात कही। इसके बाद टेलीग्राम में बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया। इस ग्रुप के जरिए स्थायी नौकरी दिलाने का झांसा दिया।

इसके लिए 15 टास्क दिया और क्रिप्टोग्लोब पर अकाउंट बनाने को कहा। 2800 रुपये जमा करने पर 3650 रुपये वापस किए। इसके बाद 8200 रुपये के लिए दूसरा टास्क दिया। इसके लिए जालसाज ने कुल 50200 रुपये जमा कराए। पीड़िता ने आशियाना थाने में एफआईआर दर्ज कराया है।

### ग्रीन गैस का बिल जमा कराने के नाम पर ठगी

गोमतीनगर विस्तार शारदा अपार्टमेंट निवासी डॉ. संजय मिश्रा ने बताया कि उनके मकान मालिक रूचिर के मोबाइल राहुल नाम के व्यक्ति की कॉल आई। उसने खुद को ग्रीन गैस लि. का कर्मचारी बताया। बिल बकाया होने की बात कही। रूचिर ने राहुल को उनसे संपर्क करने के लिए कहा। राहुल ने उनके मोबाइल पर कॉल किया। इसके बाद व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजकर क्रेडिट कार्ड से बकाया बिल भुगतान करने को कहा। लिंक पर जाते ही क्रेडिट कार्ड से चार बार में कुल 1,01,616 लेन-देन हो गया। खाते से निकली रकम तीन बार बजाज फाइनेंस लि. और एक बार टाटाअ पेयेमेंट लि. के खाते में गया। पीड़ित ने गोमतीनगर विस्तार थाने में ठगी का मामला दर्ज कराया है।

## शादी का झांसा देकर पांच माह तक नाबालिग से दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बंथरा क्षेत्र की घटना, चंगुल से छूट घर पहुंची, दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचारः** बंथरा पुलिस ने रविवार को शादी का झांसा देकर नाबालिग को पांच महीने तक बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने गर्भवती होने पर अपनी बहन के आधार कार्ड पर अस्पताल में गर्भपात करा दिया। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकलकर घर पहुंची। इसके बाद आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इंस्पेक्टर हेमंत कुमार राघव के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तालकटोरा निवासी अवधेश कुमार और बंथरा निवासी सुनील कुमार के रूप में हुई है। बताया कि 25 मई को दोनों आरोपी नाबालिग पीड़िता को शादी के नाम पर भगा ले गए। पूछताछ में सुनील ने बताया नाबालिग को अवधेश के साथ शादी कराने का झांसा दिया था। इसके बाद वह अवधेश के घर चली गई थी। जहां अवधेश ने पांच महीने तक बंधक बना कर उससे दुष्कर्म किया। फरवरी में पीड़िता गर्भवती हुई तो अवधेश की मम्मी को बताया। इसके बाद दोनों ने पीड़िता को दवा खिला दी, इससे उसकी तबीयत खराब हो गई। उसे निजी अस्पताल ले गये जहां से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां अवधेश ने बहन के आधार कार्ड पर पीड़िता का इलाज करवाया। इंस्पेक्टर ने बताया कि 22 मई को पीड़िता आरोपियों के चंगुल से निकलकर अपने घर पहुंची थी। इसके बाद परिजन के प्रार्थना-पत्र पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। कहा दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। विवेचना में जो भी दोषी मिलेंगे उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी।

## कार बैक करते समय दबकर बुजुर्ग महिला की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर क्षेत्र में शनिवार शाम ड्राइवर ने पीछे देखे बिना की कार बैक कर दी। इससे पीछे खड़ी बुजुर्ग महिला की दबकर मौत हो गई। हादसे के बाद कार सवार मौके से भाग निकला। पुलिस ने पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। थाना अंतर्गत बड़ी जुगौली निवासी जगदीश प्रसाद के की मां कृष्णावती (80) शनिवार को विश्वास खंड स्थित सैलानी मंदिर जा रही थीं। शाम 4 बजे वह मंदिर से कुछ दूर पहले एक कार के पीछे खड़ी हो गईं। इसी दौरान चालक ने पीछे देखे बिना ही कार बैक कर दी। इससे कृष्णावती कार के नीचे दब कर गंभीर घायल हो गईं। चीख सुन आसपास के लोगों को आता देख आरोपी कार समेत भाग निकला। लोगों की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन उन्हें लोहिया अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बेटे जगदीश ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर प्रार्थना-पत्र देने की बात कही है।

# ऑपरेशन लंगड़ा : 12 दिनों में पांच मुठभेड़, 10 बदमाश दबोचे गए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मतदान के दूसरे दिन से ही पुलिस ने शुरू कर दिया था अभियान
- 19 मई की रात को ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले बदमाशों से हुई शुरुआत



**अमृत विचार :** कमिश्नरेट पुलिस ने आपरेशन लंगड़ा शुरू कर दिया है। मतदान के दूसरे दिन से ही इसकी शुरुआत हुई। अब कुल 12 दिन में पांच मुठभेड़ हुए, जिनमें 10 बदमाशों को दबोचा गया है। इसमें मटियारी ओवरब्रिज पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले और इंदिरानगर सेक्टर-20 निवासी आईएएस देवेंद्र दुबे की पत्नी की हत्या और लूट करने वाले बदमाश शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव में पुलिस की ड्यूटी लगने के बाद राजधानी में फोर्स की कमी हो गई। इसका फायदा अपराधियों ने उठाया। ताबड़तोड़ कई वारदात को अंजाम दिया। संख्या कम होने के कारण कुछ मामलों का खुलासा तो कर दिया गया। पर, अपराध पर नियंत्रण करने में दिक्कत आ रही थी। मतदान खत्म होने का इंतजार कर रही पुलिस ने 22 मई से आपरेशन लंगड़ा की शुरुआत कर दी। पिछले 12 दिनों में हुए पांच मुठभेड़ में से तीन डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह की क्राइम टीम ने किया। वहीं, डीसीपी उत्तरी आर. अभिजीथ शंकर और पश्चिमी के डॉ. दुर्गेश कुमार की क्राइम टीम ने एक-एक मुठभेड़ को अंजाम दिया।

### देवा रोड पर हुई पहली मुठभेड़

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह की क्राइम टीम व चिनहट पुलिस ने मतदान के बाद पहली मुठभेड़ देवा रोड पर की। मतदान की पूर्व संध्या पर रात करीब 10 बजे मटियारी ओवरब्रिज पर कार सवार युवकों पर ताबड़तोड़ सात राउंड फायरिंग की गई। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो उसमें चिनहट के हिस्ट्रीशीटर नितिन कुण्डी और उसके गिरोह के सदस्यों की तस्वीर सामने आई। पुलिस ने 22 मई बुधवार की सुबह नितिन कुंडी की घेराबंदी की। दोनों तरफ की फायरिंग में कुंडी के पैर में गोली लगी।

### आईएएस की पत्नी की हत्या करने वाले बदमाश के पैर में लगी गोली

28 मई को डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम ने पूर्व आईएएस देवेंद्र दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे की हत्या कर एक करोड़ के जेवरात लूटने वाले बदमाशों को सर्वोदयनगर बंधे के पास मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पूर्व आईएएस के चालक अखिलेश के पैर में गोली लगी। जबकि उसका भाई रवि और दोस्त रंजीत गिरफ्तार किया गया। वहीं, उत्तरी जोन में 26 मई को इटौंजा में किराना व्यापारी से 22 मई को लूट करने वाले दो बदमाशों रेहान गाजी ओर आरिफ को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में आरिफ के पैर में गोली लगी थी।

### दो दिन में दो मुठभेड़, एक को पकड़ा

कमिश्नरेट के दो जोन पूर्वी और पश्चिमी में 31 मई और 1 जून को दो मुठभेड़ हुई। दोनों में दो बदमाश घायल हुए। 31 मई को चिनहट में देवा रोड पर तड़के पुलिस की मुठभेड़ में जिम संचालक के घर डकैती डालने की तैयारी कर रहे कृष्णानगर के हिस्ट्रीशीटर राकेश सिंह व उसके साथी दुबग्गा बसंतकुंज निवासी रामजीत पाल से मुठभेड़ हुई। इसमें राकेश सिंह घायल हो गया। जबकि रामजीत भाग गया। रामजीत को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। उधर, शनिवार देर रात करीब 11 बजे ठाकुरगंज व डीसीपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार की क्राइम टीम से मुठभेड़ में एक दिन पहले महिला से लूट करने वाला इंदिरानगर का हिस्ट्रीशीटर बबलू उर्फ कलीम घायल हो गया।

## शादी के नाम पर युवती का शोषण फिर कराया गर्भपात

संवाददाता, काकोरी

- काकोरी क्षेत्र निवासी पीड़िता ने पुलिस को दिया प्रार्थना-पत्र

**अमृत विचारः** काकोरी क्षेत्र निवासी युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शोषण करने व गर्भवती होने पर जबरन गर्भपात कराने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र देकर आरोपी पर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

क्षेत्र निवासी पीड़िता के मुताबिक, वह पेंट कंपनी में काम करने जाती है। जहां पुरैना निवासी युवक से दोस्ती हो गई। इसके बाद आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। कई वर्ष तक उसका शोषण करता रहा। इस बीच गर्भवती होने पर जबरन गर्भपात करा दिया। शादी के लिये दबाव बनाने पर मारपीट कर पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया प्रार्थना-पत्र मिला है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। सूत्रों की माने तो पुलिस मामले में एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## एक नजर

### नहर में डूबे युवक की अस्पताल में मौत

**अमृत विचार, काकोरी :** क्षेत्र में रविवार शाम को शारदा नहर में दोस्तों के साथ नहाने गया युवक डूब गया। उसे निकाल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, इमामबाग निवासी अर्शलान (20) दोस्तों के साथ बड़ागांव स्थित शारदा नहर में रविवार शाम नहाने गया था। अर्शलान डूबने लगा, तो पुलिस ने निकलवाकर परिजनों की सूचना दी। परिजन ट्रामा सेंटर ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे को मृत घोषित कर दिया।। वह परिवार में अकेला चिराग था। चार बहने हैं। परिजन ने पोस्टमार्टम कराये बिना शव दफन कर दिया।

### मार्ट में चोरी करते चार आरोपी कैमरे में कैद

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी क्षेत्र स्थित मार्ट में शनिवार देर रात ताला तोड़ कर घुसे चोरों ने चार हजार रुपये और माल पार कर दिया। सीसीटीवी फुटेज में चार आरोपी कैद हो गए। शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। बीबीडी मार्ट के मालिक सौरभ के मुताबिक, रविवार सुबह मार्ट पहुंचे तो ताला टूटा था। तिजोरी में रखे चार हजार रुपये व हजारों रुपये व सामान गायब था। सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो चोरों की करतूत कैद हो गई। देर रात करीब 12 बजे तीन चोरों ने मार्ट में घुसकर सामान बटोरा। वहीं एक व्यक्ति गेट के बाहर रुककर आने जाने वालों पर नजर रख रहा था। चार मिनट के भीतर चोर सामान लेकर भाग निकले। इंस्पेक्टर अजय नारायाण सिंह के मुताबिक जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जायेगा।

### एमडी ने किया अलीगंज वर्कशॉप का निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी भवानी सिंह खंगारोत ने रविवार को अलीगंज वर्कशॉप का निरीक्षण किया। उन्होंने पिछले महीने खराब हुए 400 और 630 केवीए के ट्रांसफार्मर का ब्योरा लिया। अधिशाषी अभियंता को संबंधित सब स्टेशनों के लोड का आकलन कर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर बिजनेस प्लान में शामिल करने के निर्देश दिए। पूर्व में खराब हुए ट्रांसफार्मर को वर्कशॉप में न भेजने पर नाराजगी जताई। ट्रांसफार्मर तत्काल वर्कशॉप भेजने और रिपेयर करने के निर्देश दिए। खराब ट्रांसफार्मरों में कम तेल मिलने पर जेई जिम्मेदार होंगे। इवनिंग टाइम में लोड बढ़ने पर ट्रांसफार्मर की बैलेंसिंग कर उनके खराब होने की प्रकिया को रोकने के भी आदेश दिए।





संत गाडगे प्रेक्षागृह में रविवार को रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती पर संस्कृति समिति के कार्यक्रम की शंख बजाकर शुरुआत करतीं बंगाली समुदाय की महिलाएं और एकल नृत्य पेश करती कलाकार। अमृत विचार

## याद किये गए गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रोबाशी बांग्यो सांस्कृतिक समिति की ओर से गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की 163वीं जयंती रविवार को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में धूमधाम से मनाई गई।

इस मौके पर बच्चों के लिए पोस्टर, गायन और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिताएं रविंद्रनाथ टैगोर के जीवन और विरासत पर केंद्रित रहीं। प्रतियोगिताओं के बाद, शाम से रात तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए । शाम के उत्सव की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। कलाकारों ने इस मौके पर गीत, संगीत और नृत्य का मनभावन कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रिदम सरकार द्वारा नृत्य प्रदर्शन और नृत्य नाटिका चंडालिका काफी पसंद की गई। इसका निर्देशन डिम्पल दत्ता ने किया।

# कूलिंग नहीं कर रहे ट्रेनों के एसी, यात्री बेहाल

## वंदेभारत समेत चार ट्रेनों के यात्रियों ने की रेलवे एप पर शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में ट्रेनों के एसी भी दगा देने लगे हैं। रविवार को रेलवे ऐप पर वंदेभारत एक्सप्रेस समेत चार ट्रेनों के यात्रियों ने एसी में कूलिंग न होने की शिकायत की। इसके अलावा पानी और सफाई व्यवस्था ठीक न होने की शिकायतें भी की गईं।

रेलवे एप पर यात्रियों ने पहले ट्रेन नंबर 22416 नई दिल्ली-बनारस वंदेभारत एक्सप्रेस लेट होने की शिकायत की। बाद में यात्री वरुण राय ने इसी ट्रेन की चेयरकार बोगी सी-4 में एसी की कूलिंग ठप होने की शिकायत की। एसी खराब होने से यात्री पसीने से तरबतर हो गए। इसी तरह ट्रेन नंबर 22121 एलटीटी लखनऊ एक्सप्रेस की सेकेंड एसी बोगी ए-3 के एसी की कूलिंग ठप होने की शिकायत भी की गई। इस ट्रेन के शौचालय में पानी न होने से यात्रियों की दिक्कत हुई।



▸▸ पानी और सफाई व्यवस्था ठीक न होने की शिकायतें की

ट्रेन नंबर 15030 पुणे गोरखपुर एक्सप्रेस के यात्री यात्री संतोष शर्मा ने थर्ड एसी बोगी बी-2 में एसी की कूलिंग बंद होने की शिकायत दर्ज कराई। यात्री अंकित जैन ने 12591 गोरखपुर यशवंतपुर एक्सप्रेस में सेकेंड एसी बोगी ए-1 में कूलिंग ठप होने की शिकायत की। इस संबंध में रेलवे प्रशासन का कहना है कि एसी के कंप्रेशर खराब होने से दिक्कतें हुई हैं।

**राप्तीसागर में गंदगी, मौर्या में भरा बारिश का पानी :** ट्रेन नंबर 5028 मौर्य एक्सप्रेस की थर्ड एसी बोगी बी-2 में पानी भर गया। बोगी की सीट संख्या 63 पर सफर कर रहे यात्री के अनुसार बारिश का पानी बोगी में भर जाने से यात्री परेशान होते रहे। ट्रेन नंबर 12511 राप्तीसागर एक्सप्रेस के यात्रियों ने बोगी में गंदगी का ढेर लगे होने की शिकायत की। ट्रेन नंबर 12571 आंनदविहार हमसफर एक्सप्रेस की थर्ड एसी बोगी बी-4 के यात्री सुमित भारद्वाज ने बोगी में अवैध रूप से यात्रियों का कब्जा होने की शिकायत की। उन्होंने शिकायत में बताया कि सीट तक उन्हें और महिला यात्रियों को पहुंचने में बहुत परेशानी हुई। ट्रेन की बी-12 बोगी में यात्रियों को सीट कंफर्म होने के बावजूद खड़े होकर यात्रा करनी पड़ी।

### ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री परेशान

**अमृत विचार :** ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों की परेशानी बढ़ती जा रही है। ट्रेन नंबर 02570 नई दिल्ली डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के 6 :30 घंटे देरी से चली। ट्रेन नंबर 15003 पंजाब मेल गोरखपुर स्टेशन पर एक घंटे और ट्रेन नंबर 15065 करीब छह घंटे देरी से चली। ट्रेन नंबर 04320 शाहजहांपुर लखनऊ पैसेंजर भी लेट रही। आलमनगर स्टेशन पर काफी देर तक इसे रोका गया। 14307 प्रयागराज बरेली एक्सप्रेस की देरी से भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# 23 को नैमिषारण्य में 5,000 महिलाएं करेंगी सुंदरकांड का पाठ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सत्य सनातन नारी शक्ति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के मार्गदर्शन में आगामी 23 जून को नैमिषारण्य में 5,000 महिलाएं एक साथ सुंदरकांड का पाठ करेंगी। यह जानकारी सपना गोयल ने भूतनाथ स्थित सावित्री प्लाजा में हुई मासिक संगोष्ठी के बाद पत्रकारों को दी।

सपना के मार्गदर्शन में बीते 10 मार्च को लखनऊ के झूलेलाल घाट पर 5,000 महिलाओं ने सुंदरकांड का एक साथ पाठ कर रिकॉर्ड बनाया था। इसके बाद 7 मई को उत्तराखंड के कोटद्वार स्थित प्राचीन सिद्ध बलि मंदिर में सामूहिक सुंदरकांड का पाठ कराया गया। फिर यह तय किया गया कि देश के प्रमुख तीर्थों और शहरों में इसी तरह से सुंदरकांड का सामूहिक पाठ कराया जायेगा।

उन्होंने बताया कि लखनऊ के बाद नैमिषारण्य को इसलिए चुना गया क्योंकि वह 88 हजार ऋषियों की तपस्थली रही है। सीतापुर में गोमती नदी के तट पर नैमिषारण्य में सिद्ध तीर्थ है। 5,000 महिलाएं सुंदरकांड का पाठ कर देश और विश्व के कल्याण के लिए कामना करेंगी। नवम्बर माह में हरिद्वार में भी 5,000 महिलाओं द्वारा सुंदरकांड का पाठ प्रस्तावित है।



नैमिषारण तीर्थ में होने वाले सुंदरकांड पाठ के बारे में जानकारी देतीं सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल। अमृत विचार

## पेंटिंग समझने की नहीं अनुभव करने की चीज

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में कला के विद्वानों ने चित्रकार अशोक भौमिक की 50 वर्षीय कला यात्रा पर चर्चा की और अशोक भौमिक से सवाल पूछे। इस बातचीत में अजंता-एलोरा और खजुराहो से लेकर मुगलकालीन कला तक पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस बातचीत में नजरिये पर भी बात हुई और इतिहास पर भी। कलाकार के सामने बुद्ध भी हैं और बुद्ध से जुड़ी कथाएं भी। अशोक

▸▸ चित्रकार अशोक भौमिक की 50 वर्षीय कला यात्रा पर हुई चर्चा

भौमिक ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हमारे इतिहास में कला तो है लेकिन कलाकार नहीं है। आगरा की कला के इतिहास को देख लीजिये, बात स्पष्ट हो जायेगी।

कलाकारों ने अपने-अपने समय में कला से जुड़े विषयों को अपने-अपने अंदाज में देखा। राजा रवि वर्मा ने बनारस के पंडा को क्लीन शेव देखा। इस बातचीत में भारत की आजादी के दौर की भी चर्चा हुई और गोधरा कांड पर भी बात हुई। अशोक भौमिक ने कहा कि दर्शक अब इतना समझदार हो गया है कि वह वह रेखाएं देखकर भी पहचान लेता है कि वह गणेश हैं या कृष्ण।

इस कार्यक्रम में कला एवं शिल्प महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य प्रो. जयकृष्ण अग्रवाल और वर्तमान प्रधानाचार्य प्रो. रतन कुमार मौजूद रहे। अशोक भौमिक और जयकृष्ण अग्रवाल ने कलाकारों और कलाप्रेमियों के सवालों के जवाब दिए।

# जश्न-ए-अदब में हुई लखनवी तहजीब पर बात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था जश्न-ए-अदब ने अदब और तहजीब के शहर लखनऊ में रविवार को भाषा, साहित्य और विरासत की धरोहर पर दो दिवसीय कार्यक्रम शुरू किया। संस्था ने यह कार्यक्रम अपनी 13वीं वर्षगांठ पर आयोजित किया है।

गोमतीनगर स्थित एक होटल में हुए इस समारोह का उद्घाटन बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय, न्यायाधीश राजेश सिंह चौहान, आईपीएस अधिकारी कैसर खालिद और अदब फाउंडेशन के प्रमुख रंजीत सिंह चौहान ने किया। कुंवर रंजीत सिंह चौहान ने इस मौके पर संस्थान की अब तक की यात्रा की चर्चा करते हुए बताया कि देश के 18 राज्यों में हमने साहित्य और अपनी भाषा के अद्भुत योगदान का जश्न मनाया है।



जश्न-ए-अदब कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि। अमृत विचार

जस्टिस डीके उपाध्याय ने कहा कि इस आयोजन ने पीयूष मिश्रा जैसे प्रख्यात लोगों से मिलने का अवसर दिया। सांस्कृतिक विरासत और उर्दू भाषा की खूबसूरती से सराबोर शहर लखनऊ के महत्व पर प्रतिभागियों ने गहन चर्चा की। शहर के आकर्षण और साहित्य पर इस चर्चा में विस्तार से बात की गई।

इस आयोजन में प्रदीप अली ने अपने गजल गायन के अंदाज से लोगों को मुग्ध कर दिया। मित्र और मित्र समूह ने यहां नाटक कटघरे में गालिब का मंचन किया। पीयूष मिश्रा ने नये मौसम बनाने लग गया हूं विषयक अपने व्याख्यान

▸▸ भाषा, साहित्य व विरासत की धरोहर पर दो दिवसीय कार्यक्रम शुरू

में समकालीन रंगमंच के विकसित परिदृश्य पर रोशनी डालते हुए लोगों को चिंतन के लिए प्रेरित किया। विद्या लाल और साथियों द्वारा प्रस्तुत कथक नृत्य लोगों के आकर्षण का केंद्र बना।

दो दिवसीय इस आयोजन के पहले दिन का आखिरी कार्यक्रम था कवि सम्मेलन व मुशायरा। इसमें प्रो. वसीम बरेलवी, पद्मश्री सुरेन्द्र शर्मा, पद्मश्री अशोक चक्रधर, फरहत अहसास, जमुना उपाध्याय, अज्म शकीरी और आईपीएस कैसर खालिद को सुनकर लोग झूम उठे। भावना श्रीवास्तव, नैना सोइन कपिल सहर (आईआरएस), रंजीत सिंह, कर्नल गौतम राजऋषि और अभिषेक शुक्ल की वाक्पटुता और बुद्धिमता ने लोगों का दिल जीत लिया।

## बृजेश के खेल से हॉस्टल जीता

**अमृत विचार, लखनऊ :** बृजेश के शानदार खेल की बदौलत लखनऊ क्रिकेट हॉस्टल ने जीत दर्ज की। रविवार को लखनऊ क्रिकेट अकादमी और हॉस्टल का मैच कुड़िया घाट मैदान पर खेला गया। इसमें लखनऊ क्रिकेट हॉस्टल ने 24.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 156 रन बनाए। बृजेश सिंह ने शानदार नाबाद 55 रन बनाए। अंकुल यादव 29 रन और अंकित पाल 25 रन बनाए। लखनऊ क्रिकेट अकादमी के आयुष पटेल ने घातक गेंदबाजी की और पांच विकेट लिए।

जवाब में उन्होंने लखनऊ क्रिकेट अकादमी की टीम 94 रन पर सिमट गई। लबीब रजा ने 22, रजनीश यादव ने 20, अनवार ने 19 ने रन बनाए। जोहा रिजवी ने बृजेश ने 2-2 विकेट लिए। लखनऊ क्रिकेट हॉस्टल के बृजेश सिंह ने 55 नाबाद रन बनाए और दो विकेट भी लिए। इसके लिए उनको मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# स्पोर्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन और ओमी अकादमी बनी चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन की देखरेख में 28 मई से 2 जून तक क्राइस्ट चर्च कॉलेज में बास्केटबॉल और वालीबॉल द्वितीय फाउंडेशन कप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुल 60 टीमों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि लखनऊ डिग्री कॉलेज के पूर्व आचार्य बैजू अब्राहम ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। विजेताओं को ट्रॉफी, पदक, जर्सी और 5-5 हजार रुपये की नगद धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि लखनऊ योग एसोसिएशन की सचिव मालविका वाजपेयी, पूर्व अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी जोसफ जॉर्ज, अनूप शुक्ला, मो. अदनान, मो. आदिल, सिटी मांटेसरी स्कूल के शिक्षा

▸▸ प्रतियोगिता में 60 टीमों ने किया प्रतिभाग

विभाग के विभागाध्यक्ष महबूब खान, संजय भगत, रंजीत कौर मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में अंडर-15, 17 और 19 तीनों वर्गों में बालक एवं बालिका के मुकाबले आयोजित किए गए। इसमें स्पोर्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन स्पोर्टस अकादमी और ओमी बास्केटबॉल अकादमी की टीमों ने चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार स्पोर्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन की दिव्यांशी शर्मा और ओमी बास्केटबॉल अकादमी की शिवान सिद्दिकी को दिया गया। वालीबॉल में यसआर ग्लोबल स्कूल अंडर-14 और अंडर-19 बालक वर्ग में विजेता रहा।

बालिका वर्ग में जीजीआईसी कॉलेज ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। फाउंडेशन की ओर से सभी 200 खिलाड़ियों को टी-शर्ट प्रदान की गयी। स्पोर्टस वेलफेयर फाउन्डेशन के संस्थापक आलोक कुमार शुक्ला, नूरा अनाहत और आरना के भारतीय ऐरोबिक्स टीम में चयनित होंने पर सम्मानित किया गया व हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में संस्थापक आलोक कुमार शुक्ला, सचिव महर्षि दुबे, महिला उपाध्यक्ष अवंतिका रावत, कोषाध्यक्ष प्रकाश चौबे, चेयरमैन टेक्निकल कमेटी अभिनव सिंह , सदस्य आलोक दूबे, हर्षित, ऐश्वर्य, आशीष, शुभम, दिव्यांशी, एकता, योगेश, सत्यम सभी ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही कार्यक्रम में शामिल सभी को धन्यवाद दिया।

# नहीं चेते तो तापमान 60 डिग्री तक पहुंचेगा

## प्रगति विचारधारा फाउंडेशन ने आयोजित किया हरित वसुंधरा कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अगर हम समय रहते नहीं चेते तो आने वाले सालों में 60 डिग्री तक तापमान जाएगा। यह बात प्रगति विचारधारा फाउंडेशन की अध्यक्ष नेहा खरे ने रविवार को पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हरित वसुंधरा कार्यक्रम में कही।

शहीद पथ स्थित विंटेज विलेज बैंक्वेट हॉल में हुए कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। संस्था की अध्यक्ष नेहा खरे ने बताया कि जिस प्रकार दिनों दिन तापमान बढ़ता जा रहा है , उसकी वजह वृक्षों की कमी, कंक्रीट की बढ़ता जंगल और पानी की बर्बादी है।

उन्होंने कहा कि हमे प्रण करना होगा कि परिवार में जितने सदस्य हो उतने वृक्ष हम जरूर लगाएं। साथ



हरित वसुंधरा कार्यक्रम में सम्मानित समाजसेवी और पर्यावरणविद्। अमृत विचार

▸▸ चिकित्सकों ने गर्मी से बचाव व स्वस्थ रहने के दिए टिप्स

ही हर शुभअवर पर एक पौधा जरूर लगाएं। इस अवसर पर चिकित्सकों ने गर्मी से बचाव व स्वस्थ रहने की टिप्स दिए। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरू मित्तल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मो. शफीक, डॉ. नफीस खान, डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पर्यावरण व समाजसेवा के क्षेत्र में काम कर रहीं डॉ सीमा गुप्ता, राजश्री दुबे, खुशबू गुप्ता, निधि श्रीवास्तव, नीलू त्रिवेदी, शालिनी सिंह, कल्पना खरे, सुकूमारी खरे, नंद किशोर वर्मा, रोहित सिंह, अंकिता सिंह, आशीष सिंह, दीपक सोनकर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आरजे प्रदीप शुक्ला ने किया।

# शूटिंग रेंज परखने पहुंचे इंटरनेशनल फेडरेशन के सदस्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अमौसी स्थित नगर निगम की शूटिंग रेंज में जल्द ही निशानेबाजी के मुकाबले शुरू होंगे। साथ यहां पर शूटिंग का प्रशिक्षण भी शुरू होगा। यहां पर शूटिंग विश्वकप के मुकाबले भी आयोजित किए जाने की संभावना है। रविवार को विश्वकप आयोजित करने वाली इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन के जूरी मेंबर अमौसी शूटिंग रेंज पहुंचे और यहां का निरीक्षण किया। शूटिंग पर सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप मिली। शूटिंग रेंज में पर्याप्त जगह मौजूद हैं। इंटरनेशनल शूटिंग फेडरेशन के जूरी मेंबर यहां किए गए निरीक्षण के साथ अन्य रिपोर्ट जल्द ही संस्था को सौंपेंगे।

अमौसी में नगर निगम ने शूटिंग रेंज का निर्माण कराया था, जोकि आधी-अधूरी हालत में पड़ा है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय संस्था में आवेदन किया गया था कि यह रेंज



शूटिंग रेंज पर पहुंचे इंटरनेशनल फेडरेशन के सदस्य। अमृत विचार

▸▸ विभागीय अधिकारियों के अनुसार मानकों के अनुरूप मिली शूटिंग रेंज

▸▸ आचार संहिता हटने के बाद काम शुरू होने की संभावना

विश्व स्तरीय शूटिंग रेंज के मानकों के अनुरूप है या नहीं। रविवार को वर्ल्ड कप के जूरी, रेंज सेलेक्शन के जूरी, मेंबर और शॉटगन एक्सपर्ट अमर जंग, रायफल पिस्टल एक्सपर्ट और वर्ल्ड कप जूरी के सदस्य पवन सिंह लखनऊ पहुंचे। यहां पर नगर निगम अफसरों के साथ जूरी मेंबर शूटिंग रेंज पहुंचे और काफी देर तक इसका निरीक्षण किया। नगर निगम ने आई हुई टीम को निर्माण का पूरा प्लान दिखाया। जूरी सदस्यों को शूटिंग रेंज मानकों के अनुरूप मिली। नगर निगम ने प्लान और तैयार डीपीआर भी जूरी को सौंप दी है।

नगर निगम मुख्य अभियन्ता महेश वर्मा ने बताया कि जूरी सदस्यों को शूटिंग रेंज मानक पर खरा मिला है। आचार संहिता खत्म होते ही बजट मिलने की उम्मीद है। प्रदेश में शूटिंग की विभिन्न विधाओं के कई खिलाड़ी हैं। यहां शूटिंग रेंज न होने से ये खिलाड़ी दिल्ली में अभ्यास को मजबूर हैं।

**प्रशासनिक भवन भी बनेगा :** शूटिंग रेंज में बाउंड्री वॉल, चेन लिंक फेंसिंग होगी। यहां पर 10मी इनडोर शूटिंग रेंज, 30 शूटर के लिए 25मी आउटडोर शूटिंग रेंज, 70 शूटर के लिए 50 मी आउटडोर शूटिंग रेंज, ट्रैप एवं स्किट, आर्मरी ब्लॉक, पैनल ट्रांसफार्मर, सब स्टेशन, जेनरेटर, फायर फाइटिंग के सिस्टम लगेंगे। शूटिंग में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों की भी खरीद की जाएगी। यहां पर प्रशासनिक भवन भी तैयार किया जाएगा।

### 160 करोड़ से तैयार होगी शूटिंग रेंज

अमौसी स्थित शूटिंग रेंज का निर्माण वर्ष 2008 में शुरू हुआ। बाद में इसे अधूरा ही छोड़ दिया गया। अब इसे विश्व स्तर पर बनाए जाने की तैयारी की जा रही है। ऐसे में इसे बनाने में लगभग 160 करोड़ खर्च होंगे। वर्ल्ड कप के लिए नगर निगम ने 13 एकड़ जमीन और दे दी है। इसका नाम चन्द्रशेखर आजाद शूटिंग रेंज होगा। पहले इसे 30 एकड़ में बनाया जाना था लेकिन अब ये 43 एकड़ में तैयार की जाएगी। इसके लिए नगर निगम कार्यकारिणी ने जमीन देने का प्रस्ताव पास कर दिया है।

शहर में विश्वस्तरीय शूटिंग रेंज बनने से क्रिकेट की तरह यहां शूटिंग विश्वकप के मुकाबले आयोजित किये जा सकेंगे। जूरी के सदस्यों ने निरीक्षण किया है। इसके तैयार होने से खिलाड़ियों को जहां राहत मिलेगी, वहीं प्रदेश भर में रोजगार और व्यवसाय के नए अवसर भी सामने आएंगे।

**-डॉ. इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त**

## एक नजर

### फसल चराने से मना करने पर युवक को पीटा, केस दर्ज

अमृत विचार, सीतापुर, पिसावां: फसल चराने से मना करने पर दबंग ने युवक को जमकर पीट दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दबंग के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। थानाक्षेत्र के महतनिया निवासी मोहित शर्मा पुत्र रामबहादुर शर्मा शनिवार गन्ने की फसल की सिंचाई कर रहा था, उसी दौरान गांव का ही खपी पुत्र नत्थू की बकरियां गन्ने की फसल चरने लगीं। मोहित के मना करने पर विपक्षी गाली गलौज करते हुये चला गया। रात्रि में घर जाते समय घात लगाये खपी ने मोहित को लाठियों से पीटकर घायल कर दिया।

### फर्जी लेबर दिखाकर निकाली जा रही रकम

अमृत विचार, थानगांव, सीतापुर: रेउसा विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम सभा थौरा के मजरे जसवंत नगर से मिश्रनपुरवा गांव के मध्य मनरेगा योजना के तहत करवाए जा रहे बांध निर्माण कार्य में जिम्मेदार योजना को लाखों का चूना लगा रहे हैं। फर्जी लेबरों के माध्यम से प्रति दिन के हिसाब से मोटी रकम निकाल कर बंदरबांट करने का काम किया जा रहा है। फर्जी तरीके से लगभग पौन सैकड़ा लेबरों का पैसा निकालने का काम किया जा रहा है।

### वरिष्ठ पत्रकार विजय त्रिपाठी को पितृ शोक

अमृत विचार, कानपुर: वरिष्ठ पत्रकार विजय त्रिपाठी के पिता विद्या नारायण त्रिपाठी (85) का लंबी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। स्व. त्रिपाठी आर्डिनेंस फैक्ट्री से सेवानिवृत्त थे। वह अपने पीछे पत्नी कैलाशा त्रिपाठी, तीन बेटे अजय, संजय व विजय, तीन बेटियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। सोमवार को निज निवास 201/8 विजय नगर से अंतिम यात्रा ब्रह्मावर्त बिठूर के लिए प्रातः साढ़े नौ बजे प्रस्थान करेगी।


विद्या नारायण त्रिपाठी।

# परिवार के तीन लोगों की मौत से मचा कुर्मांचल नगर में कोहराम

## सुबह 8 बजे घर से निकला था परिवार, पांच घंटे बाद मिली हादसे की खबर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : घर से निकलने के पांच घंटे बाद फोन पर दिनेशचंद्र की पत्नी और दो बेटों की मौत की खबर मिली तो कुर्मांचल नगर में कोहराम मच गया। पुलिस से सूचना मिलते ही उनके बड़े भाई नवीन अपने बेटे के साथ शाहजहांपुर रवाना हो गए।

इंदिरानगर क्षेत्र निवासी दिनेश चंद्र परिवार के साथ सुबह 8 बजे घर से निकले थे। परिजन को महज पांच घंटे बाद 11 बजे हादसे खबर मिली।

- परिवार के साथ बड़े भाई से मिलने हल्द्वानी जा रहे थे दिनेश
- लखीमपुर जिले में हुए हादसे में पत्नी और दो बेटों की गई जान

थाना अंतर्गत कुर्मांचल नगर निवासी नवीन चंद्र उपाध्याय ने बताया रविवार सुबह करीब 8 बजे भाई दिनेश चंद्र उपाध्याय, उनकी पत्नी विमला, बेटे राजीव, दीपक और भाभी के साथ कार से निकले थे। सभी लोग हल्द्वानी की अमरावती कालोनी में रहने वाले अपने बड़े भाई बाल कृष्ण उपाध्याय के घर जा रहे थे। नवीन के मुताबिक, हल्द्वानी जाने के लिये सभी लोग कई दिन से तैयारी कर रहे थे। रविवार को भी सभी सदस्य सुबह करीब 5 से 6 बजे से ही उठ गये थे। रास्ते के लिये खाना भी रखा गया था। इसके साथ ही सभी लोग सिर्फ चाय पीकर हल्का नाश्ता करके निकले थे। रास्ते में कहीं पर खाना खाने की प्लानिंग की थी। हल्द्वानी जाना ही मुख्य कारण वहां पर मौसम बेहतर होना व घूमना था। नवीन ने बताया कि वह टीवी देख रहे थे। इसी दौरान करीब 11 बजे मोबाइल फोन की बेल बजी। नंबर अनजान था, उधर से बोलने वाले ने खुद को पुलिसकर्मी बताया। इसके साथ ही हादसे में परिवार के तीन सदस्यों की मौत होने की हृदय विदारक सूचना दी। घटना पता चलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोने बिलखने की आवाजें सुनकर पड़ोसी की भीड़ जुट गई। हर कोई परिवार को ढांढस बंधाने का प्रयास करता दिखा। घटना के बाद आनन-फानन बड़े भाई नवीन मझले बेटे कमल के साथ शाहजहांपुर के लिये रवाना हो गये।

## 450 सफाई वाहनों ने शुरू किया यातायात नियमों का पाठ

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के 450 सफाई वाहनों ने स्वच्छता के साथ-साथ यातायात नियमों के प्रति भी लोगों को जागरूक करने का कार्य रविवार से शुरू कर दिया है। दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह की ओर से प्रदेश के सभी नगर आयुक्तों को निर्देश जारी किए गए थे कि वह अपने सफाई वाहनों के जरिए सड़क सुरक्षा संदेश और यातायात नियमों के संदेश प्रसारित करें और लोगों को जागरूक करें। इसके लिए वह अपने वाहनों का इस्तेमाल करें। चूंकि सफाई वाहनों की पहुंच गली-मोहल्ले से लेकर कालोनियों तक है।

## कैमरे के जरिये पकड़ी चोरी की दो गाड़ियां

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ से चोरी बाइक और बाराबंकी से स्कूटी को आईटीएमएस के कैमरे के जरिए बरामद कर लिया गया।

पुलिस के मुताबिक, चौक से चोरी बाइक नंबर यूपी 32 एलएल 3771 आईटीएमएस के वीटीएमएस अलर्ट पर लगी थी। रविवार दोपहर एक बजे अलर्ट पर बाइक बालागंज चौराहा से दुबग्गा की ओर जाने की सूचना मिली। आईटीएमएस टीम ने ट्रैफिक कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद दुबग्गा चौराहे पर टीएसआई रवींद्र प्रताप सिंह ने पकड़ लिया। उधर, बाराबंकी के रामनगर से चोरी स्कूटी का नंबर यूपी 43 एयू 9680 भी आईटीएमएस के वीटीएमएस अलर्ट पर लगा था। रविवार सुबह 11 बजे कपूरथला चौराहा से डंडइया की ओर जाते दिखी। ट्रैफिक कर्मियों ने अलीगंज थाने को सुपुर्द कर दिया।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **फहाद परवेज़ पुत्र परवेज़ आलम, निवासी– कल्याणपुर खम्हरिया, पचपेरवा, बलरामपुर,** मेरी हाईस्कूल की टीसी जोकि जवाहर नवोदय विद्यालय बलरामपुर से निर्गत हुयी थी। वास्तव में खो गयी है। मो0नं0– 9125307062

# दंपति ने मां-बेटी को पीटा, वीडियो वायरल

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली

अमृत विचार: दरवाजे के सहन पर झाड़ू लगाने को लेकर हुए आपसी विवाद में पड़ोसी युवक और उसकी पत्नी द्वारा मां और बेटी के बाल पकड़कर मारने पीटने लगा। साथ ही ईंट से हमलाकर घायल कर दिया गया, जिसका वीडियो ग्रामीणों ने बना कर वायरल कर दिया। पीड़िता द्वारा डलमऊ कोतवाली दी गई तहरीर गई है। पुलिस ने दंपति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के मधुकरपुर नवीन मजरे रायपुर टप्पा हवेली ग्राम निवासी अनीता देवी ने तहरीर देते हुए बताया कि रविवार को प्रातः उसकी पुत्री पल्लवी दरवाजे के स्थान पर झाड़ू लगा रही थी। तभी पड़ोसी युवक आया और गाली गलौज कर लात घूसों से मारपीट करने लगा।

चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंची पल्लवी की मां अनीता को भी युवक ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर मारा पीटा और ईंट से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दिया। कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि अनीता की तहरीर पर राजेश कुमार और इसकी पत्नी मोनिका के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर दोनों के खिलाफ कठोर कार्रवाही की जायेगी।

# दरोगा पर जेल भेजने का आरोप लगा महिला बैंककर्मी ने जहर खाकर, भर्ती

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जिले की पुलिस पर एक बार फिर धमकाने का आरोप लगा है, मामला इस कदर बढ़ गया कि पीड़ित महिला बैंककर्मी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आये। उधर दरोगा पर आरोप लगने के बाद महकमे में हड़कंप मच गया, सदर कोतवाली प्रभारी ने अस्पताल पहुँच जानकारी ली।

शहर कोतवाली के शांति नगर निवासी रुचि सिंह जो आईसीआईसीआई बैंक में नौकरी करती है। बैंककर्मी की मां शोभा सिंह का आरोप है कि होली के त्यौहार के आसपास उसकी बेटी की स्कूटी किसी ई-रिक्शा से टकरा गई थी। जिसके बाद आए दिन पुलिसकर्मी उसे परेशान कर रहे थे।

- सदर कोतवाली प्रभारी ने अस्पताल पहुँच जानकारी ली

मां शोभा सिंह का आरोप है कि शहर कोतवाली में तैनात दरोगा अनिल तोमर सम्मन लेकर घर पहुंचे लेकिन घर पर रुचि सिंह नहीं थी। दरोगा के द्वारा उन्हें सम्मन नहीं दिया गया। इसी दौरान आरोप है कि दरोगा ने रुचि सिंह से फोन पर बात की और फोन पर जेल भेजने की धमकी दे डाली।

दरोगा से हुई बात के बाद महिला बैंककर्मी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके बाद आनन फानन में घरवालों के द्वारा उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लेकर आये जहां पर इलाज किया गया। उधर, घटना की जानकारी होते ही शहर कोतवाल राजेश सिंह भी अस्पताल पहुंचे। घटना के बाबत परिवारीजनों से जानकारी ली। सीओ सदर अमित सिंह ने बताया कि दरोगा सम्मन लेकर गया था लेकिन सम्मन नहीं लिया जा रहा था।

# पेड़ काटते समय गिरी डाल, युवक की मौत

संवाददाता जगतपुर, रायबरेली



अमृत विचार : थाना क्षेत्र के चिचौली में एक ठेकेदार द्वारा पेड़ काटते समय उसके बेटे पर पेड़ की डाल गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एम्स में भर्ती कराया गया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

रविवार को नरइन गांव निवासी शिव बलि साहू गांव के ही सुलेमान की बाग में पेड़ कटवा रहे थे, तभी एक डाल अचानक उनके बेटे शिवकांत (28) के सर पर अचानक आ गिरी, जिससे वह लहूलुहान हो गया। मजदूरों द्वारा घायल को आनन-फानन मुंशीगंज एम्स में भर्ती कराया गया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत से पूरे परिवार में मातम छा गया। इस बाबत जगतपुर थानाध्यक्ष बबिता पटेल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

## बालक के पेट में घुसी साइकिल की पैडल, गंभीर

अमृत विचार, रायबरेली : साइकिल चलाना सीख रहे एक बालक के गिरने से उसके पेट में पैडल घुस गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा रविवार दोपहर को हुआ है।

क्षेत्र के गांव बटौवा पुर निवासी सोनू का बेटा आर्यन (10) अपने गांव में साइकिल चलाना सीख रहा था। सीखते समय अचानक साइकिल गिर गई और साइकिल का पैडल उसके पेट में घुस गई। उसे तत्काल सीएचसी लाया गया। सीएचसी के वरिष्ठ सर्जन डा. महमूद अख्तर ने उसकी तत्काल शल्य चिकित्सा कक्ष में भर्ती कराया और खुद उसका आपरेशन किया है।

# गोतस्कर समझ रिटायर्ड सूबेदार को पकड़ कर पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: कैंट क्षेत्र में रविवार को ट्रैफिक पुलिस लाइन के पास कुछ लोगों ने गौशाला संचालक को गाय ले जाते समय पकड़ गौ तस्करी का आरोप लगा पिटाई कर दी। हंगामा बढ़ने पर पहुंची पुलिस संचालक को कोतवाली ले आयी। कैंट इंस्पेक्टर गुरुप्रीत कौर का कहना है कि जिन पर आरोप है, वह रिटायर सूबेदार हैं। जांच में उनकी गौशाला पायी गई है। अन्य आरोपों की जांच की जा रही है।

कैंट निवासी विवेक यादव, संदीप, परशुराम, सौरभ का कहना है कि आरोपी व्यक्ति रविवार को हाफ डाला से गाय पकड़ कर ले जा रहा था। लोगों ने देखा तो आरोपी ने भागने का प्रयास किया, तो उसे पकड़ लिया। पिछले कुछ दिनों में कई लोगों की गाय चोरी हुई हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में पता चला कि वह आवारा जानवरों को पकड़ कर गौशाला में रखते हैं। यह गाय भी कई दिनों से घूम रही थी। आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद ही पकड़ कर गौशाला ले जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने इनके खिलाफ प्रार्थना-पत्र दिया है। आरोपों की जांच की जा रही है।

## कमरे में बिस्तर पर औंधे मुंह पड़ा मिला ड्राइवर का शव

अमृत विचार, लखनऊ : गुडम्बा थाना क्षेत्र में किराए के कमरे में ड्राइवर का बिस्तर पर शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की बात कही है। इंस्पेक्टर नितीश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, रविवार सुबह सेक्टर जे में गोपाल गुप्ता के मकान में किराये पर रहने वाले बृजेश कुमार ने मोबाइल पर कॉल की। बताया कि कमरे से बदबू आ रही है। दोनों ने कमरे की खिड़की से झांक कर देखा तो अंदर युवक मृत दिखा।

# एक साथ निभाया अभिनेता–वैज्ञानिक का किरदार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कैसरबाग स्थित सनतकदा में लखनऊ बायोस्कोप ने अपने कार्यक्रम नायाब नगीने में रविवार को प्रख्यात फिल्म अभिनेता और वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी को आमंत्रित किया। सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कबीर ने उनसे उनकी अभिनय यात्रा के संदर्भ में विस्तार से बात की।


लखनऊ बायोस्कोप के कार्यक्रम में अभिनेता अनिल रस्तोगी। अमृत विचार

लखनऊ में पैदा हुए डॉ. अनिल रस्तोगी केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान में वैज्ञानिक रहे हैं। साथ ही अभिनय की दुनिया से उनका बहुत पुराना रिश्ता है। 100 से ज्यादा नाटकों में उन्होंने 1000 से ज्यादा शो किये। रंगमंच के साथ-साथ उन्होंने टेलीविजन और फिल्मों के लिए भी खूब काम किया और उनका अभिनय सराहा गया। टीवी सीरियल उड़ान रहा हो या फिर इश्कजादे, ना बोले तुम ना मैंने कुछ कहा में उनके अभिनय को जिसने भी देखा पसंद किया।

संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार के अलावा उन्हें यश भारती सम्मान भी मिला। आश्रम, मुक्ति भवन और मुल्क में उनका अभिनय खूब पसंद किया गया है। उन्होंने बताया कि हमने रंगमंच का सुनहरा दौर देखा। उन्होंने कहा कि मैंने मुसलमानों से तहजीब सीखी, लखनऊ से संस्कृति सीखी, रंगमंच में अच्छे लोग मिले तो अच्छा काम भी मिला। पत्नी का पूरा सपोर्ट मिला तो नौकरी और अभिनय साथ-साथ कर पाया।

# शॉर्ट सर्किट होने से सड़क किनारे खड़ी रोडवेज बस में लगी आग

अमृत विचार, सीतापुर: कोतवाली नगर इलाके में सड़क किनारे खड़ी एक यूपी परिवहन निगम की अनुबंधित बस शनिवार देर रात अचानक धू-धू कर जलने लगी। बस में आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक बस का अगला हिस्सा जलकर खाक हो चुका था। बस में आग लगने की वजह शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। हादसे के दौरान बस में कोई यात्री सवार नहीं था।


सड़क किनारे आग से जलती खड़ी बस।

- हादसे के दौरान बस में कोई यात्री सवार नहीं था, फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के आंख अस्पताल से बड़ा डाकखाना मार्ग पर स्थित मुस्कान गेस्ट हाउस के समीप सड़क किनारे परिवहन निगम की तीन अनुबंधित बसें खड़ी थी। बताया जाता है कि देर रात अचानक आगे खड़ी अनुबंधित बस संख्या यूपी 34 टी 9930 में धुएं निकलने के कुछ समय बाद आग ने विकराल रूप ले लिया। स्थानीय राहगीर जब तक कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बस का अगला हिस्सा जलने लगा।

सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक अगला हिस्सा जलकर खत्म हो गया। बस में आग लगने की वजह बैटरी में शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।

**स्पर्धा** नंदिनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीन दिन तक चली स्टेट कुश्ती चैंपियनशिप

# फ्री स्टाइल कुश्ती में बागपत के पहलवानों का दबदबा

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार: नंदिनी नगर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय जूनियर स्टेट कुश्ती चैम्पियनशिप में तीसरे दिन अंडर-17 तथा अंडर-23 के बालक वर्ग के फ्री-स्टाइल में कुश्ती के मुकाबले कराए गए। दूसरे दिन पुरुषों के ग्रीको रोमन शैली के मुकाबले में तथा तीसरे दिन फ्री-स्टाइल कुश्ती के मुकाबले में बागपत के पहलवानों का दबदबा कायम रहा। तीसरे दिन रविवार को प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष करन भूषण सिंह ने पहुंच कर हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर चारों मैट पर पहलवानों का हाथ मिलवा कर


कुश्ती में एक–दूसरे से जोर–आजमाइश करते पहलवान। अमृत विचार

कुश्ती की शुरुआत कराई। पुरुषों के फ्री-स्टाइल के अंडर-17 तथा अंडर -23 के सभी भार वर्गो के पहलवानों का मुक़ाबला कराया गया। इस मौके पर भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष व सांसद बृजभूषण शरण स्टेडियम में काफी समय तक मौजूद रहे और पहलवानों का हौसला बढ़ाते रहे। विजयी पहलवानों को पदक व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। अंतिम दिन अंडर -23 पुरुषों के फ्री-स्टाइल शैली के 57 किलो भार वर्ग में बागपत के हिमांशु ने पहला, वाराणसी के सतीश ने दूसरा, नंदिनी नगर के महावीर तथा कुशीनगर के विवेक ने तीसरा स्थान हासिल किया। 79 किलो भार वर्ग में बागपत के अनुज ने पहला, कुशीनगर के रमन ने दूसरा, संत कबीर नगर के धर्मेन्द्र तथा गोरखपुर के आशुतोष ने तीसरा स्थान हासिल किया। 97 किलो भार वर्ग में गाजियाबाद के शिवम्, बागपत के आदित्य तोमर ने दूसरा, शामली के रिषभ तथा मथुरा के शिवम् ने तीसरा स्थान हासिल किया। 65 किलो भार वर्ग में गौतमबुद्ध नगर के लवीश कुमार ने पहला, झांसी के सत्येंद्र अहिरवार ने दूसरा स्थान हासिल किया। 74 किलो भार वर्ग में बागपत के सौरभ ने पहला, भदोही के विकास विश्वकर्मा ने दूसरा स्थान हासिल किया। 86 किलो भार वर्ग में मेरठ के बादल ने पहला, गाजियाबाद के विकास ने दूसरा स्थान हासिल किया। पुरुषों के अंडर -17 के फ्री-स्टाइल शैली में 80 किलो भार वर्ग में वाराणसी के सौरभ यादव ने पहला, बागपत के लोकेश ने दूसरा स्थान हासिल किया। 125 किलो भार वर्ग में गाजियाबाद के प्रशांत कुमार ने पहला, बागपत के मयंक तोमर ने दूसरा स्थान हासिल किया। 110 किलो भार वर्ग में वाराणसी के लक्ष्य ने पहला, बुलंदशहर के सूरज कुमार ने दूसरा स्थान हासिल किया।

## रेलवे ट्रैक के किनारे मिला अज्ञात वृद्ध का शव

अमृत विचार, महमूदाबाद, सीतापुर : कोतवाली क्षेत्र के रेलवे लाइन पर एक अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्टेशन मास्टर की फौती सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का काफी प्रयास किया। मगर शिनाख्त न हो सकी। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। रविवार सुबह करीब सात बजे कोतवाली क्षेत्र के बेहटा छावनी वार्ड के पास रेलवे लाइन पर एक अज्ञात वृद्ध का शव उम्र लगभग 62 वर्ष पड़ा स्टेशन मास्टर द्वारा देखा गया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## शेरनी नीरजा के तीनों शावक स्वस्थ

**इटावा, अमृत विचार।** इटावा सफारी पार्क में शेरनी नीरजा ने शुक्रवार की रात से लेकर शनिवार की सुबह तक चार शावकों को जन्म दिया था। इनमें से तीन शावक स्वस्थ है तथा यह तीनों शावक अपनी मां के साथ ही हैं। एक मृत शावक ने जन्म लिया था उसका पोस्टमार्टम कराया गया है।

सफारी पार्क में शेरनी नीरजा ने चार शावकों को जन्म दिया था इनमे से एक शावक मृत अवस्था में जन्मा था। इस मृत शावक का सफारी में ही चार डाक्टरों ने पैनल ने पोस्टमार्टम किया। सफारी में डॉ एसएन भुवा, डा आरके सिंह, डा रोबिन यादव तथा डा शैलेन्द्रसिंह की टीम ने इस शावक का पोस्टमार्टम किया। सफारी में सभी डाक्टर होने तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध होने के कारण सफारी में ही पोस्टमार्टम किया गया।

# गोंडा में घरेलू कलह में दंपति ने पिया पिसा कांच, दोनों की मौत

संवाददाता, उमरी बेगमगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** ऐली परसौली गांव में घरेलू कलह में शनिवार देर शाम दंपति ने पिसा हुआ कांच पी लिया। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार देर शाम दोनों की मौत हो गई।

उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के ऐली परसौली गांव के मजरे केवटाही के रहने वाले वीर प्रताप की पत्नी कुसुमा का शनिवार को सास धनराजी से विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि विवाद बढ़ा तो कुसुमा ने अपनी सास धनराजी की साड़ी को फाड़ दिया। मां की साड़ी फाड़े जाने से नाराज धनराजी के छोटे बेटे भरथे ने अपनी भाभी की साड़ी फाड़

**▸▸ उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के ऐली परसौली गांव के मजरे केवटाही का मामला**



दी। विवाद की जानकारी मिलने पर वीर प्रताप घर पहुंचा तो उसने सभी को समझाने की कोशिश की। इस दौरान वीर प्रताप ने मामले को रफा दफा कराने की नीयत से अपनी पत्नी कुसुमा को एक थप्पड़ मार दिया। इस बात से नाराज कुसुमा ने घर में रखा पिसा कांच (फ्यूराडान एक तरह का कीटनाशक) पी लिया। कुसुमा की हालत बिगड़ी तो वीर प्रताप को लगा कि अब वह फंस जाएगा। इसी आशंका के बीच उसने भी पिसा कांच पी लिया।

परिवार के लोगों ने आनन-फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से डाक्टरों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रविवार की देर शाम इलाज के दौरान 27 वर्षीय वीर प्रताप व उसकी पत्नी कुसुमा का मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने दोनों के शवों का पंचनामा भरकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव के पूर्व प्रधान के बेटे सुरजीत सिंह ने घटना की पुष्टि की है। वहीं उमरीबेगमगंज पुलिस ने घटना की जानकारी से इंकार किया है।

## हरदोई में बाइकों की भिड़ंत, 3 की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** कासिमपुर थाना क्षेत्र के संडीला-मल्लावां मार्ग पर रविवार रात दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक युवक उन्नाव का रहने वाला था।

रविवार रात लगभग 10 बजे थाना क्षेत्र के अलावलपुर गांव निवासी राकेश उर्फ छोटू (24) अपने मौसेरे भाई बेहंदर खुर्द निवासी सोनू (25) के साथ जरहा गांव से बाइक से घर आ रहा था। सामने से बाइक से उन्नाव के औरास थाना क्षेत्र के नैनपुर गांव निवासी सीबू (22) संडीला जा रहा था। संडीला-मल्लावां मार्ग पर जरहा गांव के पास आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत हो गई। बाइक सवार सीबू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। छोटू और सोनू को संडीला सीएचसी भेजा गया। यहां डाक्टरों ने सोनू और छोटू को मृत घोषित कर दिया।

# बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी ने फंदा लगाकर दी जान

**संतकबीरनगर में दुधारा क्षेत्र के गांव दानोकुइयां का मामला**

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** दुधारा थाना क्षेत्र के ग्राम दानोकुइयां में एक युवक ने छह वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। सूचना पर पहुंची दुधारा पुलिस ने पीड़ित बच्ची को मेडिकल परीक्षण और उपचार के लिए भेज दिया। पुलिस उसे तलाश पाती कि उससे पूर्व ही आरोपी ने जिस कमरे में बच्ची के साथ हैवानियत की थी, उसी कमरे में गले मे फंदा डालकर आत्महत्या कर ली।

ग्राम कानापार निवासी सऊद अंसारी ग्राम दानोकुइयां निवासी मोहम्मद समीर की दुकान पर काम करता था। शनिवार की शाम एक छह वर्षीया बच्ची दुकान पर कोल्डड्रिंक खरीदने पहुंची। सऊद अंसारी ने सूनसान माहौल का फायदा उठाकर बच्ची को दुकान के पीछे वाले कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने के बाद वह बच्ची को उसी अवस्था में छोड़कर फरार हो गया था। इधर बच्ची काफी देर बाद भी घर नहीं लौटी तो उसे तलाशते हुए उसका पिता मौके पर पहुंचा।

खून से लथपथ बेटी की दशा देखकर उसके पैरों तले से जमीन ही खिसक गई। पिता की चीख पुकार पर तमाम ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। मामला दो समुदायों के बीच का होने के चलते तनाव फैलने लगा। इसी बीच सूचना पर दुधारा प्रभारी निरीक्षक पंकज पांडेय घटना स्थल पर पहुंचे और पीड़ित बच्ची को उपचार के लिए भेज दिया।

## पत्नी ने प्रेमी की मदद से काटी थी पति की गर्दन

**उन्नाव, अमृत विचार।** मौरावां पुलिस ने धारदार हथियार से युवक की गला काट कर हुई हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए पति की हत्या की मास्टरमाइंड पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर आला कत्ल फरसा बरामद कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया।

बता दें कि मौरावां थानांतर्गत असरेंदा गांव के मजरा दृगपालगंज निवासी बेचेलाल (33) पुत्र बिन्दा प्रसाद पुताई का काम करता था। रात करीब 11 बजे वह छत पर पत्नी रेखा व बच्चों के साथ छत पर सोने चला गया। रात में धारदार हथियार से गर्दन पर वार कर उसकी हत्या हो गई। सीओ सोनम सिंह ने बताया कि युवक की हत्या करने वाली उसकी पत्नी व प्रेमी को गिरफ्तार किया गया है।

# छह दिन में मिले 58 शव अभी अबूझ पहेली बने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**▸▸ रविवार को 14 शवों का पोस्टमार्टम 35 शवों को रोका गया**

**▸▸ कमिश्नरेट के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मिल रहे अज्ञात शव**

**अमृत विचार।** प्रचंड गर्मी में रोजाना कमिश्नरेट के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में अज्ञात शवों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। दो जून को देर शाम तक चार अज्ञात शव महाराजपुर, नौबस्ता, कलक्टरगंज और घाटमपुर में पड़े पाए गए। जिनकी शिनाख्त नहीं की सकी। पिछले 28 मई से लेकर दो जून तक कुल 68 अज्ञात शव पड़े पाए गए। जिसमें से 10 की पहचान हो गई। आखिर ये 58 अज्ञात शव किसके हैं, जो जिन्हें गुमनामी का कफन ओढ़ा दिया गया।


सड़क पर मृत मिले इन लोगों की मौत को जिला प्रशासन ने बीमारी और अन्य कारण बताएं लेकिन हीट स्ट्रोक से पुष्टि नहीं की। पहली बार इतनी बढ़ी संख्या में गर्मियों में अज्ञात शवों के मिलने के चलते हड़कंप मचा है। पोस्टमार्टम से लेकर मार्चुरी तक शवों से सडांध उठ रही है। चूंकि, अज्ञात का पोस्टमार्टम 72 घंटे बाद होता है, इस कारण रविवार को कुल 14 अज्ञात शवों का पोस्टमार्टम किया गया। वहीं अपर जिलाधिकारी राजेश सिंह और सीएमओ आलोक रंजन ने पोस्टमार्टम में फैली अव्यवस्था की जानकारी होने पर निरीक्षण किया था। इसके बाद वहां पर दो कूलर, एक एसी व स्ट्रेचर के साथ नगर निगम से पानी टैंकर की सुविधा उपलब्ध कराई थी।

# गाजी की दरगाह पर आईं 350 बरातें

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर जेठ मेले में रविवार को देश और पड़ोसी देश नेपाल से 350 से अधिक बारातें आईं। बिना दूल्हा के आई बारात में लोग झूमते नजर आए। पांच लाख से अधिक जायरीन ने आमद दर्ज कराई।

दरगाह में स्थित सैयद सालार मसूद गाजी का मुख्य मेला रविवार को आयोजित हुआ। मेले में देश के विभिन्न हिस्सों से लोग शामिल होने के लिए पहुंचे। कोई चादर तो कोई दरगाह में डाली पेश करने के लिए आतुर दिखा। जेठ मेले में गाजी मियां की बारात भी रविवार को आई। गाजी मियां के मेले में मुंबई, गोरखपुर, दिल्ली, देवरिया, जौनपुर, रायबरेली, अमेठी, लखीमपुर और नेपाल से उनके चाहने वाले बरात लेकर पहुंचे। दरगाह के जंजीरी गेट से बारात पैदल दरगाह में प्रवेश करते हुए गाजी बाबा के मजार तक पहुंची। इसके बाद सभी ने गाजी मियां को बारात के कपड़े और चादर चढ़ाई। सभी ने अमन चैन की दुआ मांगी। सभी गाजी सरकार के कसीदे पढ़ रहे थे। दरगाह प्रबंध समिति के अध्यक्ष शमशाद अहमद ने बताया कि रविवार के मेले में 350 से अधिक बारातें विभिन्न क्षेत्रों से शामिल हुईं। कोई घोड़े तो कोई पैदल बारात लेकर आया।



मेला परिसर में सजा दरगाह शरीफ का मुख्य गेट।

### गुम्बद पर फेंकी गोटी

दरगाह शरीफ ने गाजी मियां की मजार के सामने एक गुम्बद स्थित है। मान्यता है कि इस गुम्बद पर पत्थर फेंकने से लोगों की मांग पूरी होती है। ऐसे में काफी संख्या में जायरीन गुम्बद पर पत्थर फेंकते नजर आए। दरगाह प्रबंध समिति के सदस्य बच्चे भारती ने बताया कि बारात में शामिल लोग पलंग पीढ़ी के साथ नाचते हुए गाजी बाबा के दरबार में पहुंचे। हाजिरी लगाने के बाद सभी वापस कतार में आए।

## प्रतापगढ़ में गर्मी से 7 लोगों की मौत

**प्रतापगढ़, अमृत विचार:** नौतपा के अंतिम दिन भी लोग उमस और गर्मी से बेहाल रहे। इससे सात लोगों की मौत हो गई। घर वालों के अनुसार इन सभी की मौत गर्मी के चलते हुई। वहीं प्रशासन इसे बीमारी व सामान्य मौत मान रहा है। अंतू के इब्राहिमपुर निवासी डेढ़ वर्षीय कुनाल की सांस थम गई। पल्टन बाजार निवासी सरफराज के एक माह के पुत्र को उल्टी दस्त होने पर रविवार को दोपहर राजा प्रताप बहादुर अस्पताल लाया गया, जहां उसकी सांस थम गई। इसी तरह कंधई के रतनमई निवासी 88 वर्षीय ढनगू, महेशगंज के निमिहन का पुरवा निवासिनी 65 वर्षीय शांति देवी, शहर के जोगापुर की रहने वाली 70 वर्षीय सितारा बानो और नरहरपुर कोहंड़ौर निवासी 18 वर्षीय मंजीत की रविवार को सांस थम गई। वहीं मथुरा प्रसाद इंटर कालेज, चिलबिला में 80 वर्षीय रसोइया अवधेश यादव निवासी शिवराजपुर अंतू की सांस थम गई।

# फूंक दीं 5 भारतीय वन चौकियां

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** नेपाल निवासी एक शिकारी को पूछताछ के लिए धर्मापुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी को पकड़ना भारी पड़ रहा है। नेपाली शिकारियों ने दो दिन में पांच वन चौकियों को आग के हवाले कर दिया है। लेकिन वन विभाग पुलिस और जिला प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं गई है। ऐसे में नेपाल सीमा की सुरक्षा की पोल भी खुल गई है।

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग नेपाल सीमा से सटा हुआ है। इसकी सुरक्षा के लिए वन विभाग के साथ एसटीपीएफ और एसएसबी के जवान भी लगे हुए हैं। इसके बाद भी धर्मापुर रेंज के पांच वन चौकियों को नेपाली शिकारियों ने आग के हवाले कर दिया। मालूम हो कि धर्मापुर रेंज के सीमावर्ती वन चौकियों को नेपाली शिकारियों द्वारा शुक्रवार रात आग लगा कर जला दिया गया



जंगल में बनी चौकी में लगी आग।

था। आसपास के लोगों के मुताबिक 29 मई को धर्मापुर वन क्षेत्र में एक नेपाली शिकारी को वन विभाग की टीम ने पकड़ा था। पूछताछ के बाद वन विभाग ने उसे छोड़ दिया था, लेकिन लोगों में नाराजगी थी। इसके बाद देर रात आक्रोशित नेपाली शिकारियों ने एक-एक कर वन विभाग की पांच चौकियों में आग लगा दिया। डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि धर्मापुर रेंज में बने चौकियों में आग लगने की घटना गंभीर है। इसकी जांच के लिए शनिवार से वह क्षेत्र में कैंप कर रहे हैं।



**नई दिल्ली, अमृत विचार।** उत्तर पश्चिम रेलवे सीपीआरओ कैप्टन शशिकिरण ने साथियों संग साइकिल पर जयपुर भ्रमण किया। इस राइड में सभी उम्र के साइकिलिस्ट ने उत्साह के साथ भाग लिया। राइड में क्लब के फाउंडर त्रिलोक कुमार, उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के साथ-साथ दीपक परनामी, विकास, पुष्पेंद्र, संजय, पियूष सहित कईयों ने भागीदारी निभाई।

# पूर्वोत्तर रेलवे ने विकसित किए 53 आदर्श स्टेशन

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने यात्रियों के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन हेतु फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट, एस्केलेटर की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही उच्चतल के प्लेटफॉर्म का निर्माण एवं विस्तार का कार्य पूर्ण कर यात्री जनता के उपयोग के लिये खोल दिया गया।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इंदारा, सादात, ताजपुर डेहमा, ढोंढ़ाडीह, चिलकहर, शहबाजकुली, गौतमस्थान, सोनाई, रूदायन, पिवकोल, रतनपुरा, राया, मानीराम, महेन्द्रनाथ हाल्ट, सरायमीर, गोमती नगर, पैंतीपुर, सुन्धियामऊ, तहसील फतेहपुर, बिसवां, सरैयां, बाबूपुर हाल्ट, शंकरपुर हाल्ट, मुंडागोपाल आश्रम हाल्ट, महमूदाबाद अवध एवं पिपराइच स्टेशनों पर कुल 26 नये फुट ओवर ब्रिज बनाकर उन्हें यात्री जनता के लिये खोल दिया गया। इन फुट ओवर ब्रिज के माध्यम से यात्रियों को एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर आने-जाने में सहूलियत हो रही है। यात्रियों के बेहतर आवागमन हेतु झूसी स्टेशन पर 4, इंदारा पर 2, गुरसहायगंज, काशीपुर, बरेली सिटी, गाजीपुर घाट, रोशनपुर, उझानी, रामनगर, बदायूं एवं बाज़पुर स्टेशनों पर 1-1 प्लेटफॉर्म सहित कुल 33 प्लेटफॉर्मों का उच्चीकरण एवं विस्तार किया गया। वर्ष के दौरान यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु गोमती नगर स्टेशन पर 5 एवं ऐशबाग पर 2 लिफ्ट तथा गोमती नगर स्टेशन पर 6 एस्केलेटर लगाये गये। 12 मीटर चौड़े नये फुट ओवर ब्रिज एवं एस्केलेटर विभिन्न स्टेशनों पर लगाये जाने का प्रावधान किया जा रहा है।

रेलवे ने 53 स्टेशनों को आदर्श स्टेशनों के रूप में विकसित किया गया है, जिसमें वित्त वर्ष 2023-24 में महमूदाबाद अवध एवं मानीराम स्टेशनों को आदर्श स्टेशन के रूप में विकसित करने का कार्य किया गया।

# राम मंदिर में पत्थरों की आपूर्ति को लेकर मंथन आज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक सोमवार को होगी। इस दौरान मंदिर निर्माण के साथ शेषावतार मन्दिर और सप्त मंदिर के निर्माण को दिसंबर तक पूरा करने के लिए वर्करों की संख्या बढ़ाने और पत्थरों की आपूर्ति को लेकर मंथन किया जाएगा।

राम जन्मभूमि पर निर्माणाधीन मंदिर के कार्यों की समीक्षा करने के लिए निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र रविवार को चार दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे हैं। उन्होंने हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में दर्शन पूजन किया। पहले दिन की बैठक में सबसे पहले निर्माण कार्यों और मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का निरीक्षण किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र अयोध्या पहुंच चुके हैं। निर्माण कार्य की गुणवत्ता और निर्माण में लगने वाले सामानों की आपूर्ति को बढ़ाने को लेकर मंथन किया जाएगा।

**जानिए कितना प्रतिशत हो गया है कार्य**

राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर का कार्य 70 प्रतिशत, परकोटे का कार्य 30 प्रतिशत, शेषावतार और सप्त मंडपम का निर्माण 20 प्रतिशत, कुबेर टीले का निर्माण 95 प्रतिशत, यात्री सुविधा केंद्र 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है। आगे भी ट्रस्ट कार्यालय भवन, अनुष्ठान मंडप, ऑडिटोरियम और अतिथि भवन का भी निर्माण किया जाना है।

### रेलवे स्टेशन पर पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण प्रणाली शुरू


**अमृत विचार, नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के अजमेरी गेट की ओर पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण प्रणाली शुरू की है। यह प्रणाली यातायात की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए डिज़ाइन की गई है। 30 मिनट से अधिक समय तक पिक अप और ड्रॉप सुविधा की अनुमति नहीं दी जाएगी और ऐसा पाए जाने पर वाहनों को टोर्चन करके ले जाया जाएगा। इसके अलावा, यदि यात्री अधिक समय तक रुकना चाहते हैं और स्टेशन पर 'पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण प्रणाली' से बचना चाहते हैं, तो एनडीएलएस स्टेशन पर सामान्य और प्रीमियम कार पार्किंग स्थल उपलब्ध हैं, और केवल पार्किंग शुल्क लिया जाता है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

## वर्ग पहेली-89

**बाएं से दाएं**

1. 1. दही मथने की बड़ी मथानी 2. (पुराण) मंदर पर्वत 3. अमलतास।
2. 1. एक साथ गिराना या मिलाना, भिड़ंत, टक्कर 2. संपर्क, संसर्ग, समागम 3. वह स्थान जहां एक रेखा दूसरी रेखा से मिलती या उसे काटती हुई बढ़ती है 4. चलना, हटाया जाना 5. संगम, मिलन 6. तलछट, गाद 7. प्रवेश, पहुंच, दख़ल 8. पक्षियों के उड़ने का तरीका 9. युद्ध का ढंग 10. घटित होना 11. गरुड़ का पुत्र।
4. 1. भ्रम का नष्ट हो जाना, शंका या संदेह का निराकरण 2. तर्क-वितर्क।
7. 1. मथानी 2. कलछी 3. युद्ध 4. प्रतियोगिता।
8. जो मूल पाठ के अनुरूप हो, मूल पाठ से मिलने वाला, पाठानुसार, पाठानुकूल।

**ऊपर से नीचे**



1. 1. वह स्थान जहां लोग पूजा के लिए जाते हैं, देवालय 2. स्थान 3. (अ-अ.) रहने का घर, मकान, निवास।
2. 1. संकुचित होने या करने की क्रिया या भाव 2. सिकुड़ना।
3. 1. कंकड़
4. 1. कुलीन 2. रईस, उच्चवर्गीय 3. संभ्रांत, संस्कारी, शिष्ट 4. मनोहर, सुंदर 5. उपयुक्त, मान्य।
5. बराबरी की हैसियत वाला, बराबरी का दरजा रखने वाला।
6. टेक या सहारा लगाना।

**वर्ग पहेली -88 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 चौ |
| | 2 अ | नु | चि | 3 त | | रा |
| | | | | 4 बा | र | हा |
| | 5 रू | 6 प | भे | द | | |
| 7 ठु | | नि | | 8 ला | उं | 9 ज |
| 10 स | ठि | या | ना | | | लो |
| ना | | ना | | | | ढ़ |

**सुडोकू-2**

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 3 | | | 4 | | |
| | 6 | | | | 2 | | 9 | |
| 1 | | 5 | | | 9 | | 8 | |
| 3 | | | 6 | 5 | | | 1 | |
| | | 8 | 1 | | 3 | 7 | | |
| | 4 | | | 9 | 7 | | | 6 |
| | 9 | | 4 | | | 3 | | 7 |
| | 2 | | 9 | | | | 6 | |
| | | 7 | | | 6 | | 5 | |

**सुडोकू -1 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 9 | 3 |
| 5 | 7 | 9 | 8 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 5 | 1 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 9 | 4 | 7 | 2 | 3 | 8 | 6 | 5 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 7 | 3 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 4 जून 00.18 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 4 जून 00.05 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** – आज अति धार्मिक होने से भी आपको समस्या हो सकती है। पेट में इंफेक्शन की संभावना बन रही है। आप नई शुरुआत करने को लेकर उत्साहित रहेंगे। सहकर्मियों के प्रति आपके मन में नकारात्मक भाव आएंगे, लेकिन आपको अपनी कमियों पर विचार करना होगा।

**वृष** – आज सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में कड़वाहट हो सकती है। संतान की सेहत का ध्यान रखें। शत्रु आपको परेशान करने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन** – आज शोध कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। व्यवसाय में तरक्की होने से आपका मनोबल बढ़ेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी।

**कर्क** – आज सॉफ्टवेयर क्षेत्र के व्यवसाय से जुड़े लोगों को निवेशकों के माध्यम से लाभ प्राप्त होगा। पुराने संपर्क का आपको लाभ मिलेगा। आप कई सारे कार्य एक साथ कर पाएंगे। निर्माण कार्यों में आपको अच्छी प्रगति देखने को मिलेगी।

**सिंह** – आज आपकी कठोर भाषा से उच्च अधिकारी नाराज हो सकते हैं। चेहरे पर मुंहासे और दाग जैसी समस्या होने की आशंका है। विवाह आदि कार्यक्रमों को टालना फिलहाल हितकारक होगा। अनावश्यक कारणों से यात्रा होने की संभावना है।

**कन्या** – आज झगड़ा होने की भी संभावना है जिसके दौरान आप कुछ हिंसक भी हो सकते हैं। अपनी मान्यताओं को किसी पर न थोपें। अग्नि से जुड़े उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आपको काफी सतर्क रहना चाहिए।

**तुला** – आज आप व्यवसाय को लेकर काफी सावधान रहेंगे। लोग आपसे काफी प्रभावित रहने वाले हैं। नई जॉब की शुरुआत कर सकते हैं। नए प्रेम संबंधों के उभरने की संभावना बन रही है। विदेशी भाषा का प्रयोग सीख सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव करने के लिए दिन शुभ है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे, लेकिन आपका कोई भी अहित नहीं होगा। मौसम में बदलाव के कारण बुखार और सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। नए कारोबार की योजना बना सकते हैं।

**धनु** – आज आप अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं। यद्यपि आपको कार्यालय में कुछ तकनीकी परेशानियों का भी सामना करना पड़ेगा। अंतरिक्ष और जैव-रसायन जैसे क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा रहने वाला है।

**मकर** – आज यदि आप निजी कंपनियों में काम कर रहे हैं तो आपको बॉस के नखरों को सहना पड़ सकता है। परिजनों पर गुस्सा न निकालें। धर्म-कर्म को लेकर अंधविश्वासी न बनें। सरकारी कार्यों में रुकावट के संकेत हैं। आप अपनी योजनाओं को सार्वजनिक न करें।

**कुंभ** – आज जीवनसाथी की बातें आपको कड़वी लग सकती है। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका संपर्क बनेगा। स्वजनों की अनदेखी न करें। आप कुछ नया जानने को लेकर उत्सुक हो सकते हैं। फिल्मों और कहानियों के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा।

**मीन** – आज नए कारोबार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। यूरिन संक्रमण जैसी समस्याओं से घिर सकते हैं। आपको सेहत का ध्यान रखना होगा। कड़वी बातों के कारण जीवनसाथी नाराज हो सकता है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
होते होते प्यार हो गया – सुबह : 10.11
जोश – शाम : 05.22

&pictures
कहो न प्यार है – सुबह : 10.40
फुटफेरी – रात : 08.00

Sony Pix
जिओस्ट्राम – सुबह : 10.21
2012 – रात : 09.00

Zee Cinema
पहेली – सुबह : 11.05
जोड़ी नं.1 – रात : 07.20

Colors Cineplex
सूर्या सिंगम 2 – दोपहर : 12.00
द वॉरियर – रात : 08.04

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू एक होटल में स्कीम देखी और डिनर करने पहुंचा।
वेटर- सर आपका बिल।
गप्पू- लो कार्ड रख लो।
वेटर-लेकिन सर ये तो आप की शादी का कार्ड है।
गप्पू- तो फिर बहार क्या मजाक में लिख रखा है कि 'ऑल कार्ड्स एक्सेप्टेड'...

बब्लू- बेकार ही लोग कहते हैं कि पत्नियां अपनी गलती नहीं मानती है।
डब्लू- अच्छा, तुम्हारी पत्नी क्या कहती है?
बब्लू- कहती है गलती हो गई तुमसे शादी करके।

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुखियों-रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुखी हो ही जाता है।


## संपादकीय

# उत्साहजनक वृद्धि

किसी भी देश की उन्नति व समृद्धि के लिए मजबूत अर्थतंत्र का होना बहुत आवश्यक है। एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था से ही हम देश की सुरक्षा और मूलभूत आवश्यकताओं को पूर्ण कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक खबर आई है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही यानी जनवरी-मार्च 2024 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 7.8 फीसदी रही है। वहीं पिछले साल की समान तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 6.1 फीसदी रही थी। इसके अलावा वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी ग्रोथ 8.2 फीसदी रही है। जीडीपी के यह आंकड़े अनुमानों से कहीं बेहतर रहे हैं। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में चीन की जीडीपी लगभग 4.5 फीसदी के आसपास रही है। चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 फीसदी रही है। यह आंकड़ा सभी अनुमानों एवं पूर्वानुमानों से ऊपर है। गौरतलब है कि यह वृद्धि दर एनएसओ द्वारा 2023-24 के लिए 7.6 प्रतिशत और आरबीआई द्वारा अनुमानित 7 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। जीडीपी की शिखर की ओर बढ़ने की गति भारत के शक्तिशाली बनने का आधार है। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में चीन की जीडीपी लगभग 4.5 फीसदी के आसपास रही है। चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 फीसदी रही है। कोरोना काल के बाद से चीन की अर्थव्यवस्था में उथल पुथल है। चीनी अर्थव्यवस्था गिरते जीडीपी से जूझ रहा है। हालांकि हाल ही में आईएमएफ ने 2024 के लिए चीन की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान को पहले के 4.6 फीसदी से बढ़ाकर 5 फीसदी कर दिया है। आईएमएफ ने आगाह किया है कि 2029 तक यह घटकर 3.3 फीसदी रह जाएगी। यह संतोष का विषय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

'इंडियन इकोनॉमी-ए रिव्यू' में यह उम्मीद जताई गई है कि भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन जाएगा। जीडीपी के उत्साह जनक आंकड़े आने के बाद अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर एक और अच्छी खबर आई है। देश का सकल जीएसटी संग्रह मई में 10 प्रतिशत बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यह वृद्धि घरेलू लेन-देन से राजस्व में वृद्धि के कारण हुई है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। मंत्रालय ने बयान में कहा, "मई, 2024 में सकल जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा है।" सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की यह गति इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगी। साथ ही आर्थिक विकास देश को न केवल विकसित देशों में, बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा।

# कन्याकुमारी में साधना से निकले नये संकल्प



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था।

मेरे प्यारे देशवासियों, लोकतंत्र की जननी में लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव 1 जून को पूरा हो गया है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं। वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। मां भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरुआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद, उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार, मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं, मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था। कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार, आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया। मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया। इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहां आया था। मैं ईश्वर का भी आभारी हूं कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा! मेरी साधना का कुछ हिस्सा इसी तरह के विचार प्रवाह में बहा। इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में निरंतर भारत के उज्जवल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे। कन्याकुमारी के उगते हुए सूर्य ने मेरे विचारों को नई ऊंचाई दी, सागर की विशालता ने मेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता, एकता का निरंतर एहसास कराया। ऐसा लग रहा था जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों।

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था। कश्मीर से कन्याकुमारी ये हर देशवासी के अन्तर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है जहां मां शक्ति ने कन्याकुमारी के रूप में अवतार लिया था। इस दक्षिणी छोर पर मां शक्ति ने उन भगवान शिव के लिए तपस्या और प्रतीक्षा की जो भारत के सबसे उत्तरी छोर के हिमालय पर विराज रहे थे। कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है। और यहां एक और महान संगम दिखता है-भारत का वैचारिक संगम! यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराजर मणि मंडपम हैं। महान नायकों के विचारों की ये धाराएं यहां राष्ट्र चिंतन का संगम बनाती हैं। इससे राष्ट्र निर्माण की महान प्रेरणाओं का उदय होता है। जो लोग भारत के राष्ट्र होने और देश की एकता पर संदेह करते हैं, उन्हें कन्याकुमारी की ये धरती एकता का अमिट संदेश देती है। कन्याकुमारी में संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, समंदर से मां भारती के विस्तार को देखती हुई प्रतीत होती है। उनकी रचना 'तिरुक्कुरल' तमिल साहित्य के रत्नों से जड़ित एक मुकुट के जैसी है। इसमें जीवन के हर पक्ष का वर्णन है, जो हमें स्वयं और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करना भी मेरा परम सौभाग्य रहा। भारत के कल्याण से विश्व का कल्याण, भारत की प्रगति से विश्व की प्रगति, इसका एक बड़ा उदाहरण हमारी आज़ादी का आंदोलन भी है। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। उस समय दुनिया के कई देश गुलामी में थे। भारत की स्वतंत्रता से उन देशों को भी प्रेरणा और बल मिला, उन्होंने आजादी प्राप्त की। अभी कोरोना के कठिन कालखंड का उदाहरण भी हमारे सामने है। जब गरीब और विकासशील देशों को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, लेकिन भारत के सफल प्रयासों से तमाम देशों को हौसला भी मिला और सहयोग भी मिला। आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण बना है। सिर्फ 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। प्रो-पीपल गुड गवर्नेंस, एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट, एस्पिरेशनल ब्लॉक जैसे अभिनव प्रयोग की आज विश्व में चर्चा हो रही है।

भारत का डिजिटल इंडिया अभियान आज पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल गरीबों को सशक्त करने में, पारदर्शिता लाने में, उनके अधिकार दिलाने में कर सकते हैं। भारत में सस्ता डेटा आज सूचना और सेवाओं तक गरीब की पहुंच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता का माध्यम बन रहा है। पूरा विश्व टेक्नोलॉजी लोकतंत्रीकरण को एक शोध दृष्टि से देख रहा है और बड़ी वैश्विक संस्थाएं कई देशों को हमारे मॉडल से सीखने की सलाह दे रही हैं। साथियों, नए भारत का ये स्वरूप हमें गर्व और गौरव से भर देता है, लेकिन, साथ ही ये 140 करोड़ देशवासियों को उनके कर्तव्यों का अहसास भी करवाता है। अब एक भी पल गंवाए बिना हमें बड़े दायित्वों और बड़े लक्ष्यों की दिशा में कदम उठाने होंगे। हमें नए स्वप्न देखने हैं। अपने सपनों को अपना जीवन बनाना है, और उन सपनों को जीना शुरू करना है। हमें भारत की शक्तियों को स्वीकार भी करना होगा, उन्हें पुष्ट भी करना होगा और विश्व हित में उनका सम्पूर्ण उपयोग भी करना होगा। आज की वैश्विक परिस्थितियों में युवा राष्ट्र के रूप में भारत का सामर्थ्य हमारे लिए एक ऐसा सुखद संयोग और सुअवसर है जहां से हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना है। 21वीं सदी की दुनिया आज भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है और वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमें कई बदलाव भी करने होंगे। हमें रिफॉर्म को लेकर हमारी पारंपरिक सोच को भी बदलना होगा। भारत रिफॉर्म को केवल आर्थिक बदलावों तक सीमित नहीं रख सकता है। हमें जीवन में हर क्षेत्र में रिफॉर्म की दिशा में आगे बढ़ना होगा। हमारे रिफॉर्म 2047 के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप भी होने चाहिए।

हमें हर पल इस बात पर गर्व होना चाहिए कि ईश्वर ने हमें भारत भूमि में जन्म दिया है। ईश्वर ने हमें भारत की सेवा और इसकी शिखर यात्रा में हमारी भूमिका निभाने के लिए चुना है। हमें प्राचीन मूल्यों को आधुनिक स्वरूप में अपनाते हुए अपनी विरासत को आधुनिक ढंग से पुनर्परिभाषित करना होगा। भारत की अनंत और अमर शक्ति के प्रति मेरी आस्था, श्रद्धा और विश्वास भी दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। मैंने पिछले 10 वर्षों में भारत के इस सामर्थ्य को और ज्यादा बढ़ते देखा है और ज्यादा अनुभव किया है। जिस तरह हमने 20वीं सदी के चौथे-पांचवे दशक को अपनी आज़ादी के लिए प्रयोग किया, उसी तरह 21वीं सदी के इन 25 वर्षों में हमें विकसित भारत की नींव रखनी है। स्वतंत्रता संग्राम के समय देशवासियों के सामने बलिदान का समय था। आज बलिदान का नहीं निरंतर योगदान का समय है। स्वामी विवेकानंद ने 1897 में कहा था कि हमें अगले 50 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करने होंगे। उनके इस आह्वान के ठीक 50 वर्ष बाद, 1947 में भारत आज़ाद हो गया। आज हमारे पास वैसा ही स्वर्णिम अवसर है। हम अगले 25 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करें। हमारे ये प्रयास आने वाली पीढ़ियों और आने वाली शताब्दियों के लिए नए भारत की सुदृढ़ नींव बनकर अमर रहेंगे। मैं देश की ऊर्जा को देखकर ये कह सकता हूं कि लक्ष्य अब दूर नहीं है। आइए, तेज कदमों से चलें...मिलकर चलें, भारत को विकसित बनाएं।

## प्रसंगवश

# शहर सत्ता के केंद्र




राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शहर सत्ता के केंद्र हैं। जितना बड़ा शहर, उतनी ही अधिक उसकी हैसियत। राजनीतिक सत्ता का केंद्र दिल्ली, तो आर्थिक सत्ता का मुंबई। फिर इनके नीचे के शहर और उनके भी नीचे के, फिर और भी नीचे होते होते अंचल के कस्बाई शहर। ये सब मिलकर गावों का दोहन करते हैं जिसके लिए ऊपर से नीचे तक बाजार का, दलाली का और शोषण का सिस्टम कायम है।

बाजार ने शहरों के माध्यम से मध्यकाल का सामंती तंत्र खड़ा कर लिया है। जीवन की सारी सुविधाएं- सड़क, मकान, मनोरंजन, पढ़ाई, दवाई, कमाई आदि सभी बड़े शहरों में है। कभी भारत के गांव आर्थिक रूप आत्मनिर्भर होते थे। केंद्रीय सत्ता के परिवर्तन से उन पर कोई असर नहीं पड़ता था। उनका काम सिर्फ टैक्स देना था, लेकिन अब बात बदल चुकी है बाजार के आगमन ने सारे हिंदुस्तान को ऊपर से नीचे तक एक जाल में आबद्ध कर दिया है। अब मुंबई या दिल्ली को जाड़ा लगता है तो सारा हिंदुस्तान कंपकंपी का शिकार हो जाता है। "कोऊ नृप होहि हमहि का हानी" वाली बात अब बीते दिन की बात हुई। शहरों की इस सत्ता और अमीरी ने इनमें बीच भांति-भांति के लोगों को जन्म दिया है। दिल्ली के दिलशाद गार्डन के एक पार्क में सुबह टहलते हुए तरह तरह के नजारे दिखे। औरत-मर्द पूरी गति में टहलते मिले, तो एक कोने में व्यायाम करते भी। एक जगह योग कक्षा चल रही थी तो एक जगह लाठी चालन शाखा भी थी। दिल्ली जैसे शहरों में पुरुष और औरत लगभग समकक्ष स्थान रखते हैं। सिर्फ लाठी चालन शाखा को छोड़कर अन्य सारे जगहों पर औरत मर्द समान रूप से मौजूद थे।

दिल्ली में बहुत गर्मी है। पर यह कहने से क्या होगा? अब गांवों में गर्मी क्या कम है? गांवों के लगभग सारे बाग-बगीचे समाप्त हो गए। ताल तलैया पोखर भी खत्म। पहले कुंआ खोदने पर दस फीट पर ही पानी निकल आता था, अब सौ फीट बोरिंग कराना पड़ रहा है। जिस तरह से जंगल काटे गए हैं और बाग-बगीचे खत्म हुए है, आने वाले दिनों में गर्मी का और ज्यादा विकराल रूप देखने को मिलने वाला है। सो भयानक गर्मी हो या प्रचंड ठंड, बड़े शहर से भागकर कोई कहां जाएगा। विगत पांच सौ वर्षों में क्या-क्या गुल खिलाएगी, देखना बाकी है।

# भारतीय संस्कृति की पीड़ा: अपने ही घर में किरायेदार



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इन बातों से ये लोग भारतीय मिथकशास्त्र का उपहास ही करते हैं। मिथक केवल भारत की ही संपदा नहीं है, मिथक समूचे विश्व में हैं।

डॉ. सुनीति कुमार चाटुर्ज्या ने संस्कृति के वर्तमान अर्थ के लिए पुराने 'कृष्टि' शब्द का प्रयोग किया, जो एक तरह से 'कल्चर' का ध्वन्यात्मक दृष्टि से संवादी शब्द है। इस 'कृष्टि' शब्द का अर्थ खेती के विविध प्रकारों-बागवानी, रेशम के कीड़ों का पालन आदि अर्थों में विस्तृत हुआ। साथ ही किसी भी पदार्थ को संशोधित करके उसके स्वरूप को उत्तम बनाने के अर्थ में परिवर्धित हुआ।

इन सभी अर्थों का आधान 'संस्कृति' शब्द में करके इसे मनुष्य की सर्जनात्मक ऊर्जा के अनुसंधान के अर्थ में किया जाता है। संस्कृति इसीलिए एक सिद्ध पदार्थ नहीं है, बना-बनाया या पका-पकाया पदार्थ नहीं है। यह साध्य है, निरंतर कुछ-से-कुछ बन रहा पदार्थ है। यह निष्पन्न न होकर निष्पाद्य है। अपने को नए-नए रूप में उत्पन्न करने का भाव है। यह उसके सहज स्वभाव को ऊपर लाना है। भारतीय संस्कृति की पीड़ा वे नहीं समझ सकेंगे। भारतीय संस्कृति की पीड़ा है कि हम आज अपने ही घर में किराएदार बन गए हैं। बाजारवादी संस्कृति ने भारत और इंडिया के बीच गहरी रेखा खींच दी है। डाक्टर कपिलाजी ने मुझे एक पत्र में लिखा था कि "आज आधुनिक सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है।"

जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देना मनुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। दिन-रात असंख्य चैनल चल रहे हैं और हमें समझा रहे हैं कि देह ही मनुष्य जीवन का अंतिम सत्य है। देहसुख बाजार का सौदा है, उसे खरीदना जीवन का पुरुषार्थ है। इस सभ्यता के लिए धनवान मनुष्य कंज्यूमर है और सारी प्राकृतिक संपदा तथा निर्धन मनुष्य कच्चा माल है। ऐसे परिवेश में भारत के लोकजीवन की अतीन्द्रिय अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है। मनुष्य और मनुष्यता की ही पहचान कौन कर रहा है? भारत की लोक संस्कृति पर हमला उस जमाने में भारत की लोक संस्कृति पर हमला हुआ था, तब मंदिर तोड़े गए थे, मूर्तियां तोड़ी गयी थीं, जजिया कर लगाया गया था, किंतु भारत की जीवन पद्धति ने भारत के जीवन दर्शन ने हार नहीं मानी।

हमारी परिवार संस्था बनी रही। मनुष्य और मनुष्य का रागात्मक संबंध बना रहा, मनुष्य और प्रकृति के बीच पारंपरिक संबंध कायम रहा। गंगा और यमुना की धार अविरल बहती रही। आज जब पश्चिम की बयार बह रही है, भारत की जीवन पद्धति और भारत के जीवन दर्शन पर आक्रमण हो रहा है। हम टुकुर-टुकुर देख रहे हैं कि इस पछैयां-ब्यार में सब कुछ उड़ा जा रहा है, जीवन पद्धति भी, जीवन दर्शन भी। भाषा भी, कला भी, संगीत भी। पश्चिमाक्रांत दृष्टिकोण पुराण प्रसंगों में आने वाले मोटिव्स या अभिप्रायों को लेकर कुछ नेता बहुत अधिक उत्साहित रहते हैं। हमारे यहां इंटरनेट था, हमारे यहां टेस्टट्यूब था, हमारे यहां सर्जरी थी और न जाने क्या-क्या था। हमारे यहां एटमबम था, हमारे यहां हवाई जहाज था उन्हें कौन खा गया? ऐसी ऐसी हास्यास्पद बातें करके ये अपने बुद्धिबल (आग्रह) का परिचय दे देते हैं। आचार्य वासुदेव शरण अग्रवाल ने इस प्रवृत्ति को पश्चिमाक्रांत दृष्टिकोण माना था। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में रेल, तार, हवाई जहाज आदि के नाम और रचनाविधि को ढूंढना अनावश्यक तो है ही, पश्चिमाक्रांत प्रवृत्ति का द्योतक भी है।

इन बातों से ये लोग भारतीय मिथकशास्त्र का उपहास ही करते हैं। मिथक केवल भारत की ही संपदा नहीं हैं, मिथक समूचे विश्व में हैं। मिथकशास्त्र आज एक अनुशासन का रूप ग्रहण कर चुका है। हम इस मामले में भी पीछे हैं। हम अपने पुराणों की अभिप्राय अनुक्रमणिका अभी तक नहीं बना सके। सीता का धरती से जन्म लेना, धरती में समा जाना, यज्ञ का फल खाकर दशरथ की रानियों के गर्भ होना, रावण के दस सिर होना, नाभि में अमृतकुंड, पसीने की बूंद, कान के मैल, अग्निकुंड, घट, फल आदि से जन्म होना, कुंड में नहाने से स्त्री का पुरुष बन जाना, वृद्ध का युवा बन जाना, अक्षय पात्र होना। अगस्त्यमुनि का समुद्र का आचमन कर जाना, कल्पवृक्ष, शाप-वरदान जैसी परिकल्पना। ये मोटिफ हैं। मिथकशास्त्र की। हम अध्ययन अनुसंधान की पद्धति का विकास नहीं कर सके। इन लोगों की समझ में यह बात नहीं आ पाती कि अवश्य ही मिथक इतिहास की रचना है, लेकिन मिथक इतिहास नहीं है। भारतीय संस्कृति में आत्मा की अवधारणा आधारभूत है, भारतीय संस्कृति में मनुष्य की प्रतिष्ठा है।

## सोशल फोरम

# हम न भूलेंगे



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ


कई साल पहले की बात है। एक आर्थिक परेशानी आन पड़ी। एक नामी फाइनेंस कंपनी में समय से पूर्व एफडी तुड़ाने पहुंचे। वहां एक सज्जन से बात हुई। उन्होंने एक काउंटर की ओर इशारा किया, वहां अर्जी लिख दें। दो-चार दिन बाद मिल पाएंगे पैसे।

हमने अर्जी लिखकर काउंटर की तरफ बढ़े। वहां देखा, एक लड़की बैठी थी। बहुत सुंदर तो नहीं, लेकिन चेहरे पर शरारत और स्मार्टनेस। हमने समझा रिसेप्शनिस्ट है। अर्जी पकड़ा कर हम वापस जाने के लिए मुड़े ही थे कि उसने बैठने का इशारा किया और उसने खुद को पीछे ठेला। वो रिवॉल्विंग चेयर पर थी। ऐसी चेयर उन दिनों हमारे बत्ती विभाग में बड़े अफसरों के पास ही हुआ करती थीं। फिर वो उठी और गायब हो गई। पांच मिनट बाद वो फिर प्रकट हुई। फिर रिवॉल्विंग चेयर पर धम्म से बैठ गई। अगले पांच मिनट तक हम उसे उसी चेयर इधर से उधर लुढ़कते यानी स्किट करते हुए देखते रहे। कोई संपेरनी जैसी नाच रही हो। हैरान थे हम कि यह कर क्या रही है? फिर वो हमारी और मुखातिब हुई। एक जुंबिश ली उसने और स्किट करती हुई हमारे करीब आ गई। उसने हमें एक कागज पकड़ाया। हमने उस कागज को देखा। हमारी आंखें फटी रह गईं। वो चेक था। कुछ पल तक हम दूसरी दुनिया में रहे। उसने चुटकी बजाई, ओ हेल्लो। हम धरती पर वापस आए। इतनी जल्दी काम हो गया? कल्पना से परे। वो कह रही थी, इस स्लिप पर सिग्नेचर कर दीजिए, रिसीविंग के। हमने उसे थैंक्यू बोला तो वो मुस्कुरा दी।

गजब की मुस्कान थी। मानो कह रही थी, इन दरो-दीवारों को गौर से देख लीजिए, इस अंजुमन में आपको आना है बार-बार। हमारा उठने का मन नहीं था, लेकिन ओवरआल हम शरीफ आदमी थे। लोक-लाज भी निभानी थी और यह बात भी हमारे दिमाग में थी कि ऑफिस में हमारा स्टेटस ऑफिसर का है। हम जमीन पर पैर दबाकर रखे ताकि ऐसा न हो कि चिकने फर्श पर गिर जाएं और हंसी का पात्र बनें। वो दिन है आज का, हम आज भी उस फाइनेंस कंपनी में जाते रहते हैं, कभी एफडी भुनाने तो कभी बनवाने। मगर वो लड़की वहां नहीं मिलती है। सोचता हूं, अब तो बाल-बच्चों वाली होगी।

– फेसबुक वॉल से

# चीन के जे-20 स्टील्थ फाइटर प्लेन्स का भारतीय जवाब



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

22 दिसंबर 2010 को पहले जे-20 प्रोटोटाइप ने चेंगदू एयरक्राफ्ट डिजाइन इंस्टीट्यूट (सीएडीआई) के बाहर उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया। तीन महीने बाद, पहला जे-20 प्रोटोटाइप बनाया गया। इसके बाद से अब तक चीन ऐसे जहाजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी कर रहा है। या जहाज किसी भी देश को नहीं दिए जाते। चीन के सिचुआन प्रोविंस में स्थित चेंग-दू एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी प्लांट में हर साल करीब 18-20 उक्त अदृश्य जहाज बनाने की क्षमता है।

हम यहां इस बात पर लड़ रहे हैं कि अगली सरकार किसकी बनती है और उधर चीन ने सिक्किम से 200 किलोमीटर दूर अपने एयरफोर्स फेस पर जे-20 स्टील्थ फाइटर एयरक्राफ्ट तैनात कर दिए हैं। जे-20 नीची उड़ान भर सकते हैं और इन पर एक खास कोटिंग होने की वजह से ये रडार की पकड़ में भी नहीं आते। हिमालय की टोपोग्राफी ऐसी है कि घाटी में ये जहाज नीची उड़ान भरकर भारत के भीतर 1000-1200 किलोमीटर भीतर तक घुस सकते हैं। चीन के पास 250 के करीब ऐसे जहाज हैं।

ऐसा एक फाइटर प्लेन बनाने पर $100-120 मिलियन अर्थात् 8.5 अरब भारी रुपये तक खर्च होते हैं। लगता है उधर तिब्बत और इधर भारतीय हिमालय में हाई ऑल्टियुड वारफेयर के लिए अभी से तैयारी होने लगी है। एक दिन तो यह होकर रहेगा। ग्राउंड फोर्सेज से बात नहीं बनते देख दोनों ओर से एयरफोर्स और मिसाइल बेस बनाए गए हैं। बड़े स्तर के युद्ध से तो भारत के गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों से सिंचित मैदानी इलाकों के लिए तो पूरी हाइड्रोलॉजी ही बदल जाएगी। इससे देश में फूड क्राइसिस अवश्यंभावी है। भयंकर बाढ़ और भू-स्खलन तो होना ही है। अगर ऐसा युद्ध होता है तो इसकी कॉस्ट बहुत अधिक होगी। चीन की पीएए युद्ध को भयानक और निर्णायक बनाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। भारत की एयरफोर्स के खरीदे हुए विमान और असलहा कहां तक काम आएगा और हॉल ही विकसित एमके लाइट फाइटर विमान जे-20 के आगे किस तरह ठहर पाएगा, यह तो एयरफोर्स के चीफ ही बता पाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी कभी-कभी ही नहीं, बल्कि इस मामले में हमेशा ही ठीक कहते आए हैं कि कांग्रेस सरकार ने देश में डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में पूरी तरह से नालायकी की है। जे-20 का विकास जे-एक्स एक्स से 90 के दशक के अंत में उभरा और 2008 में चीन की एयरफोर्स ने प्रोजेक्ट 718 का समर्थन किया। 2010 तक पहले संस्करण प्रोटोटाइप ने चेंगदू विमान डिजाइन संस्थान में उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया।

22 दिसंबर 2010 को पहले जे-20 प्रोटोटाइप ने चेंगदू एयरक्राफ्ट डिज़ाइन इंस्टीट्यूट (सीएडीआई) के बाहर उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया। तीन महीने बाद, पहला जे-20 प्रोटोटाइप बनाया गया। इसके बाद से अब तक चीन ऐसे जहाज़ों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी कर रहा है। या जहाज किसी भी देश को नहीं दिए जाते। चीन के सिचुआन प्रोविंस में स्थित चेंग-दू एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी प्लांट में हर साल करीब 18-20 उक्त अदृश्य जहाज बनाने की क्षमता है। भारत इसका मुकाबला अपने एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए मार्क 1) कैसे करेगा? अभी कैबिनेट ने डीआरडीओ की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी को एएमसीए बनाने रु.15 हजार करोड़ रुपये देकर इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत दिए हैं जिसे हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स बनाकर देगा। इसकी खेप सन् 2028 से भारतीय वायुसेना को मिलने लगेगी। तब तक इसमें स्टील्थ कैपबिलिटी, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस का इंटीग्रेशन, लॉन्ग-रेंज टार्गेटिंग एंड पायलट रहित बहुत से फंक्शन इनकार्पोरेट कर लिए जाएंगे। तब तक चीन को 'होल्ड-ऑन' पर अर्थात् रोके रखना होगा। भारत के एएमसीए-मार्क 1 प्रोजेक्ट की अधिकांश डिटेल्स क्लासिफाइड हैं।

इस मामले में चीन और भारत के बीच पांच साल का अंतराल काफी मायने रखता है। इसीलिए भारत में केंद्र सरकार की लीडरशिप में मोदी का रहना अत्यावश्यक है। डिफेंस प्रोजेक्ट्स को लेकर कांग्रेस सरकार का पिछला रिकॉर्ड बिल्कुल निराशा जनक है। अमेरिका और इंग्लैंड के कहने पर इसने भारत में डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना तो दूर इसे ठीक से काम भी नहीं करने दिया। इसीलिए डिफेंस रिसर्च, डेवेलपमेंट और प्रोडक्शन में लगे हुए हमारा ढांचा चरमराने की कगार पर था जब 2014 में मोदी ने इसका आकलन किया।

# डर और अंधविश्वास



इकबाल अहमद

जब हमें डर लगता है। बड़े नुकसान की संभावना नजर आती है, जो भी कोशिश कर सकते है वो कर चुके होते हैं या कर रहे होते हैं। सभी फेल हो चुकी होती हैं। ऐसे समय में कोई अपना-पराया राय देता है कि फलां दरगाह/मंदिर चले जाइए। आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ, जो वहां गया हो और उसकी मन्नत पूरी न हुई हो। हम सोचते है चलो ये भी सही, करके देखते हैं।

ऐसे हालात में दो स्थिति हो सकती हैं। या तो काम बन जाएगा या नहीं बनेगा, नहीं बना तो उस दरगाह या मंदिर के दर्शन और चढ़ावे की याद भी नहीं आएगी, क्योंकि हमने उसे एक तुक्के की तरह लिया था। वहीं अगर काम बन गया तो सबसे पहले वो चमत्कारिक वजह ही याद आती है। उस समय ये नहीं सोच पाते कि बाकी की जो मेहनत की, जुगाड़ लगाया उसका ये उसका परिणाम है।

डर के आगे जीत नहीं, उसके आगे डर लगातार कायम रहता है। अगली बार कोई निर्णायक कदम उठाने से पहले कदम उधर ही बढ़ जाते हैं। उंगलियों में अंगूठियां, गले में माला और कलाई पर धागे बढ़ने लगते हैं। व्यक्ति कितना भी आम या कितना भी खास हो डर सबका बराबर होता है। डर का निवारण बताने वाला व्यक्ति की जेब का ध्यान रखता है। जेब हल्की है तो पड़ोस के घोड़े शहीद बाबा की दरगाह काफी है। जेब में वजन है तो हाजी अली के नीचे बात नहीं होगी। यही कहानी बूढ़े बरगद वाले हनुमान जी से लेकर तिरुपति बाला जी तक जाती है। अंगूठी के रत्न में भी वर्ग संघर्ष कायम रहता है। अमिताभ बच्चन की समस्या है तो निर्दोष नीलम। राम प्रसाद कष्ट निवारण के लिए फिरोजा (चिचड़ी) चल जाएगा।

अक्सर अपनी समस्या का दोष दूसरे पर मढ़ हम सुकून पाते है। ये चढ़ावे, दर्शन और शॉर्ट टर्म परेशानी निवारण एक्सेसरीज (अंगूठी, धागे, ताबीज आदि) भी हमारी समस्या टालू मंत्र के साधन हैं। गोरेपन की क्रीम की तरह एक बड़ा आर्थिक साम्राज्य इधर भी है। फेयर वाली क्रीम लगाने से न कोई हैंडसम होता है न लवली, लेकिन खुद को लगता है कुछ तो फर्क पड़ रहा है।

कुछ वैसी ही कहानी रोज ज्यादा असुरक्षित होते जाते इंसान की है। डर बढ़ता है और निवारण यंत्र ये भरोसा दिलाते है कि कुछ तो हो रहा है, पहले से बेहतर। हथेली को फैलाकर और दबाकर भाग्य रेखा को जबरदस्ती लंबा करने की कोशिश करते रहते हैं। कीरो की लिखी किताब से भाग्य पर भरोसा बढ़ा था। वही किताब जो रेलवे स्टेशन की बुक स्टॉल से सफर पर तब खरीदी थी जब गाड़ी पांच घंटे लेट थी। टाइम पास में भी डर निवारण मिल जाता है।

## एक नजर

### केरल में पत्नी-बच्चों को आग के हवाले कर किया आत्मदाह

वर्कला (केरल)। केरल के वर्कला जिले में कथित पारिवारिक विवाद के चलते एक व्यक्ति ने पत्नी और बेटे को आग के हवाले कर आत्मदाह कर लिया। पुलिस ने बताया कि मरने वाला चेम्मारुथी का रहने वाला था और आग में झुलसने के कारण रविवार को उसकी मौत हो गयी। इस हादसे में मृतक की पत्नी और बेटे बुरी तरह झुलस गए हैं और उन्हें तिरुवनंतपुरम सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों की हालत गंभीर है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमें संदेह है कि व्यक्ति ने किसी पारिवारिक विवाद के कारण ही इस तरह के अपराध को अंजाम दिया है। पीड़ितों के बयान लेने के बाद ही इसका पता लगाया जा सकेगा।

### एनएचएआई ने टोल शुल्क 5% बढ़ाया

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल दरों में पांच प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। अब वाहन चालकों को सोमवार से अधिक भुगतान करना होगा। शुल्क का वार्षिक संशोधन पहले एक अप्रैल से लागू होना था। लेकिन लोकसभा चुनावों के कारण वृद्धि स्थगित कर दी गई थी। एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नया उपयोगकर्ता शुल्क 3 जून से लागू होगा।

### कार से 34 किग्रा डोडा चूरा के साथ 4 गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में प्रतापगढ़ जिले के जलोदा जागीर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक कार से 34 किग्रा डोडा चूरा बरामद कर चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पुलिस टीम ने गश्त के दौरान महुडी तिराहे पर शनिवार रात एक कार को रुकवा कर तलाशी ली। तलाशी में कार में दो बोरों में अफीम डोडा चूरा भरा हुआ मिला जिसका वजन 34 किलोग्राम हुआ। बरामद डोडा चूरा की बाजार कीमत करीब दो लाख रुपये बताई जा रही है।

# संदेशखालि तनावग्रस्त, निषेधाज्ञा लागू

**कोलकाता, एजेंसी**

- **रविवार दोपहर को पुलिस बल ने अग्रहटी मंडल पारा में छापेमारी की**
- **हिंसा के आरोपी को पुलिस वैन से महिलाओं ने जबरन उतारा**

पश्चिम बंगाल के संदेशखालि इलाके में रविवार को उस समय तनाव बढ़ गया जब पुलिस और आरएएफ एक व्यक्ति की तलाश कर रही थी, जिसे कथित रूप से आंदोलनकारी महिलाओं के एक समूह ने पुलिस वैन से उतार लिया था। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी।

अंतिम चरण के मतदान के दौरान शनिवार को छिटपुट हिंसा का सामना करने वाले संदेशखालि में रविवार दोपहर को एक बार फिर उबाल आ गया जब राज्य पुलिस बल ने अग्रहटी मंडल पारा में छापेमारी की और वह साधन नंदी को शनिवार की हिंसा में पूछताछ के लिए राजबाड़ी पुलिस शिविर ले जाने के लिए उनके घर पहुंची थी। शनिवार को पुलिस और ग्रामीणों में झड़पें हुई, जिसमें दोनों पक्ष के लोग घायल हुए। हालांकि, आंदोलनकारी महिलाएं पुलिस वैन के पास पहुंची और साधन नंदी को वहां से ले गईं, जिन्हें वाहन में हिरासत में रखा गया था और उन्हें पुलिस शिविर लेकर जाना था। नंदी के ठिकाने अभी तक कोई पता नहीं चला है। महिलाओं के समूह ने पुलिस बल को ललकारा और पुलिस वैन को घेर लिया और यहां तक कि उसके सामने लेट गईं और अंत में नंदी को एक अज्ञात स्थान पर ले गईं।

महिलाओं ने आरोप लगाया कि राज्य पुलिस निर्दोष ग्रामीणों को परेशान कर रही है और गिरफ्तार कर रही है जबकि सहजहां शेख के गुंडे संदेशखली के आसपास खुलेआम घूम रहे हैं और ग्रामीणों पर हमला कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार राज्य पुलिस, आरएएफ और केंद्रीय सशस्त्र बल फिर से बसंती राजमार्ग पर खड़े हैं और एक नया खोज अभियान शुरू कर सकते हैं। पुलिस ने सरबेरिया गांव में भी छापेमारी की, जहां शनिवार को हिंसा में कथित रूप से शामिल एक व्यक्ति की पुलिस द्वारा तलाश करने के बाद तनाव का माहौल था।

### राज्यपाल ने किया ममता बनर्जी से हस्तक्षेप का अनुरोध



कोलकाता : पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने रविवार को कहा कि संदेशखालि में चुनाव बाद हुई हिंसा की खबरों से वह चिंतित हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से तत्काल हस्तक्षेप करने और वहां शांति बहाल करने की अपील की। बोस ने कहा कि उन्होंने बनर्जी को पत्र लिखकर उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में हुई हिंसा की घटनाओं में शामिल लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी मांगी है। उन्होंने कहा कि मैं संदेशखालि में हालात को लेकर चिंतित हूं। मुझे जो जानकारी मिली है उसके अनुसार शनिवार को मतदान समाप्त होने के कुछ ही घंटों बाद संदेशखालि में महिलाओं पर हमले की घटनाएं हुई हैं। मैंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। राज्यपाल ने कहा कि वह यह जानना चाहते हैं कि ये सब कब रुकेगा और संदेशखालि के लोग भारत के अन्य लोगों की तरह भयमुक्त जीवन कब जी सकेंगे। बोस ने कहा कि यह (संदेशखालि के लोगों पर कथित अत्याचार) जारी नहीं रह सकता। इसे रोकना ही होगा। मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी है कि वे हस्तक्षेप करें और तत्काल कदम उठाएं। आखिर पुलिस बल भी उनके ही पास है। राज्यपाल ने 12 फरवरी को क्षेत्र के अपने दौरे के वक्त संदेशखालि की महिलाओं को सुरक्षा का आश्वासन दिया था और कहा था कि वह राजभवन में प्रताड़ित लोगों को आश्रय प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह के हमले जारी रहे और निवासियों पर अत्याचार किया गया तो मैं उनके लिए राजभवन के दरवाजे खोल दूंगा ताकि वे यहां आकर रहें। उन्हें यहां सुरक्षित आश्रय प्रदान किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में आंधी तूफान ने मचाया कहर

**रायगढ़, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में शनिवार रात आए तेज आंधी तूफान से कई जगहों पर विद्युत पोल के टूटने और पेड़ों की डंगाल बिजली के तारों पर टूट कर गिरने से रायगढ़ शहर सहित पूरे जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था तथा जन जीवन बुरी तरीके से प्रभावित हुई।

बीती रात के अंधड़ पानी ने बिजली विभाग के प्री मानसून तैयारियों की पोल खोल दी है। कल रात सात बजे से विद्युत व्यवस्था चरमराई हुई है और भीषण गर्मी में विदुयुत अवरोध से लोगो का बुरा हाल है। घरों में पानी का संकट भी खड़ा हो गया है। पिछले 20 घंटे से बिजली के अभाव के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जिलाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने जल्द व्यवस्थाएं ठीक करने के निर्देश दिए हैं। बिजली विभाग कल रात से ही विद्युत सप्लाई बहाल करने में जुटा हुआ है। एसई सीएसईबी मनीष तनेजा ने बताया कि आंधी तूफान से रायगढ़ शहर में करीब 35 से 40 फीडर से बिजली सप्लाई बाधित हुई थी। करीब 20 से अधिक बिजली के पोल गिर गए हैं। कई जगहों पर पेड़ बिजली की तारों में गिर गए हैं जिससे तारें भी टूट गई हैं।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 13 लोगों की मौत

**राजगढ़, एजेंसी**

- **बरात में शामिल होने जा रहे थे ट्रैक्टर ट्रॉली सवार**
- **हादसे में 15 लोग घायल, कई की हालत गंभीर**

मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के पिपलोदी में रविवार देर रात ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चार बच्चों समेत 13 लोगों की मौत हो गयी और 15 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

राजगढ़ के जिलाधिकारी हर्ष दीक्षित ने बताया कि घायलों में से 13 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं दो लोगों को सिर और छाती पर चोट लगने के कारण बेहतर उपचार के लिए भोपाल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि मृतक संख्या बढ़ने का अनुमान नहीं है क्योंकि गंभीर रूप से घायल दो लोगों की हालत खतरे से बाहर है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि ये लोग बाराती थे और यह बारात पड़ोसी राज्य राजस्थान के मोतीपुरा गांव से आई थी और यहां के कुलमपुर जा रही थी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक समेत वरिष्ठ अधिकारी दुर्घटनास्थल पर मौजूद हैं। वहीं दूसरी ओर, मध्य प्रदेश शासन के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार भी घटना की जानकारी होने के बाद जिला अस्पताल पहुंचे और वहां घायलों से मिलकर घटना की जानकारी ली।

इसके साथ ही कलेक्टर एसपी को भी घायलों के उपचार को लेकर निर्देश दिए। राजगढ़ एसडीएम गुलाब सिंह बघेल ने बताया कि सभी लोग बाराती थे और शादी में सम्मिलित होने जा रहे थे। मृतकों में पुरुष, महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई है। अस्पताल में हादसे के बाद चीख पुकार मची है।



हादसे में घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। :एजेंसी

# 55 वर्षों बाद उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की मांग अनुचित

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

- **इलाहाबाद निवासी याची की विशेष अपील हाई कोर्ट ने की खारिज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर पुस्तिकाओं में अंकों के संशोधन की मांग पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा 55 वर्षों तक उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखना संभव नहीं है।

जहां स्पष्ट रूप से निर्विरोध मामलों की उत्तर पुस्तिकाएं कुछ वर्षों के बाद हटा दी जाती हैं, वहां विश्वविद्यालय से इतने लंबे समय बाद उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन करने की मांग करना उचित नहीं है। उक्त टिप्पणी मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने प्रयागराज निवासी अपीलकर्ता अश्विनी कुमार की विशेष अपील को खारिज करते हुए की। दरअसल 76 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक (अपीलकर्ता) ने वर्ष 1967 में अपने स्नातक परिणाम का नए सिरे से मूल्यांकन करने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद से वर्ष 1963 से 1970 तक के यानी हाईस्कूल से लेकर एमए फाइनल तक के वार्षिक प्रदर्शनों का पुनर्मूल्यांकन कर अंक प्रदान करने की प्रार्थना की है। बता दें कि अपीलकर्ता को मार्च-अप्रैल 2022 में स्नातक परीक्षाओं में अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के घोर अवमूल्यांकन की जानकारी मिली, जिससे व्यथित होकर उन्होंने एकल न्यायाधीश के समक्ष याचिका दाखिल की। जिसके खारिज होने के बाद वर्तमान विशेष अपील दाखिल की गई। कोर्ट ने अपील पर विचार करते हुए यह माना कि 55 वर्ष बाद बिना किसी कारण या उद्देश्य का खुलासा किये केवल अपने सम्मान की लड़ाई के नाम पर अंकों में संशोधन की मांग अपीलकर्ता के गैर-जिम्मेदाराना रवैये को उजागर करता है।

# अपहरण के बाद डेढ़ वर्षीया बच्ची की हत्या, हाथ-कान कटा मिला

**फिरोजाबाद, एजेंसी**

- **शिकोहाबाद थाने में परिजन ने दी थी बच्ची के लापता होने की सूचना**
- **सीसीटीवी फुटेज में आकिव का बहनोई बच्ची को ले जाता दिखा**
- **पंजाबी कॉलोनी की नाली में बच्ची का क्षत विक्षत शव मिला**

उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जनपद के थाना शिकोहाबाद में दो दिन से लापता डेढ़ वर्षीय मासूम बच्ची का शव रविवार को नाली में मिला, जिसकी निर्ममता से हत्या की गई है।

एसपी ग्रामीण रण विजय सिंह ने बताया है कि थाना प्रभारी शिकोहाबाद अनिल सिंह को शुक्रवार शाम मीरा कटरा निवासी आकिब और मुस्कान ने अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी महक के लापता होने की सूचना दी थी। पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति जो बच्ची को ले जाते हुए देखा गया वह रिश्ते में आकिव का बहनोई गुलफाम बताया गया।

पुलिस ने शनिवार को आरोपी गुलफाम को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई किंतु उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। गुलफाम पुलिस को बराबर गुमराह करता रहा, उसने अपनी पत्नी का भी नाम लेते हुए उसे बच्ची के विषय में जानकारी होने की बात कही पुलिस ने उसे भी हिरासत में लेकर पूछताछ की है।

इस बीच पुलिस टीम द्वारा बच्ची की तलाश की जा रही थी इस दौरान रविवार को सुबह पंजाबी कॉलोनी की नाली में बच्ची का क्षत विक्षित शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया, जिसकी पहचान डेढ़ वर्षीय महक के रूप में की गई है। जानकारी अनुसार बच्ची का शव कंधे और कान पर कटा हुआ है। आशंका है कि मासूम बच्ची का प्रयोग किसी तांत्रिक प्रक्रिया में किया गया है। संबंधित मामले में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर गहनता से जांच की जा रही है।

# बंद फैक्टरी में आग लगने से 35 कारें जलकर राख

**नोएडा (उप्र)।** गौतमबुद्धनगर जिले के सेक्टर आठ में एक बंद पड़े फैक्ट्री परिसर में रविवार को भीषण आग लगने से 35 कारें राख बन गईं।

मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर आठ में बंद पड़े एक परिसर में आग लगने से वहां खड़ी स्कोडा कंपनी की स्क्रैप की गई पुरानी कारें राख में बन गईं। उन्होंने बताया कि दमकल की छह गाड़ियों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। चौबे ने बताया कि करीब 35 कारें जल गई हैं, लेकिन कोई जन हानि नहीं हुई है।

# दो मालगाड़ियों में टक्कर, एक का इंजन यात्री ट्रेन से भिड़ा

**फतेहगढ़ साहिब, एजेंसी**

- **सरहिंद रेलवे स्टेशन पर हुआ हादसा, दो लोको पायलट घायल**

पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में सरहिंद रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर माधोपुर चौकी के नजदीक रविवार तड़के एक रेल हादसे में दो मालगाड़ियों की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक मालगाड़ी का इंजन पलट गया और इसके लपेटे में पैसेंजर गाड़ी भी आ गई। हादसे में दोनों लोको पायलट घायल हो गए हैं, जिनकी पहचान लोको पायलट विकास कुमार (31) निवासी सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) और हिमांशु कुमार (37) निवासी सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के तौर पर हुई है।

दोनों घायलों को सिविल अस्पताल फतेहगढ़ साहिब भर्ती कराया गया, जहां पर उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें राजिंद्रा अस्पताल पटियाला रेफर किया। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह लगभग साढ़े तीन बजे फतेहगढ़ साहिब के सरहिंद रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक मालगाड़ी को पीछे से एक अन्य मालगाड़ी ने टक्कर मार दी, जिसमें दो लोको पायलट घायल हो गए। उन्होंने बताया कि टक्कर के कारण उनमें से एक का इंजन दूसरी पटरी पर जा गिरा और एक यात्री ट्रेन से टकरा गया। दुर्घटना में किसी प्रकार के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन लोको पायलट विकास कुमार और हिमांशु कुमार घायल हो गए।



टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त हुआ मालगाड़ी का इंजन।

### कौशांबीः मालगाड़ी का पहिया निकला, दुर्घटना टली

कौशाम्बी : उत्तर प्रदेश में कौशांबी-फतेहपुर सीमा पर दिल्ली-हावडा रेलमार्ग पर रविवार को एक मालगाड़ी के डिब्बे का पहिया बाहर निकल गया। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर कनवार रेलवे स्टेशन से आगे कटोघन फतेहपुर स्टेशन के पास हुई इस दुर्घटना के कारण संबंधित रेल पटरी पर ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ। नई मालगाड़ी डाउन लाइन पर अचानक मालगाड़ी के एक डिब्बा का पहिया बाहर निकल गया इसके बावजूद एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही, रेलवे के आला अफसर मौके पर पहुंचे कर घटना की जांच कर रहे हैं।

## उत्तराखंड

# अज्ञातवास में जाएंगे राहुल गांधी

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण के बाद कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा में शामिल हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी समेत इंडी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए गठबंधन को राष्ट्र विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि चार जून के बाद कांग्रेस के शहजादे गुफाएं ढूंढते हुए अज्ञातवास में चले जाएंगे।

आचार्य प्रमोद कृष्णम रविवार को भवाली स्थित बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन और राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा विपक्ष की हरकतें राष्ट्र विरोधी हो गई हैं। विपक्ष विदेशी ताकतों के हाथ में खेल रहा है। एक तरफ नरेन्द्र मोदी जैसा नेता राष्ट्र कल्याण में साधकरत है तो दूसरी तरफ विपक्ष के लोग सत्ता के लालच में चुनाव खत्म होते ही जोड़-तोड़ कर सत्ता पाने के लिए बैठकें करने लगे हैं। चार जून के बाद विपक्ष के नौसिखिए परिवारवादी पार्टी के शहजादे अज्ञातवास में चले जाएंगे और गुफाएं ढूंढते फिरेंगे और विदेश चले जाएंगे। देश की जनता इन लोगों को नकार चुकी है।

चार जून को जो चुनाव के परिणाम आएंगे वो बेहद चौंकाने वाले होंगे। एग्जिट पोल से कहीं अधिक सीट भारतीय जनता पार्टी जीतेगी। देश की जनता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाएगी।

### भाजपा की प्रचंड जीत के लिए की प्रार्थना



आचार्य प्रमोद कृष्णम ने विश्व प्रसिद्ध बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन किए और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि देश की जनता को मोदी की जरूरत है। भारत के गौरव, स्वाभिमान, एकता मजबूती के लिए मोदी जरूरी है। उन्होंने बाबा के दर में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने की प्रार्थना की।

# उत्तराखंड की संस्कृति की जड़ें बहुत गहरी

**नैनीताल, अमृत विचार :** राजभवन नैनीताल में रविवार को सांस्कृतिक संध्या लोकमाटी के रंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें संस्कृति विभाग के कलाकारों ने मनमोहक लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक लोक कला की झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम के बाद राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति की जड़ें बहुत गहरी हैं। यहां की संस्कृति भारत में सबसे समृद्ध संस्कृति में से एक है। इस अवसर पर उन्होंने सभी टीमों को बधाई भी दी।

# पहाड़ की संस्कृति को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना लक्ष्य

## बॉलीवुड के मशहूर गायक मोहित चौहान ने किए बाबा नीब करौरी के दर्शन

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** बॉलीवुड गायक मोहित चौहान अपने परिवार के साथ नैनीताल समेत कुमाऊं की शांत वादियों का दीदार करने के लिए पहुंचे हैं। रविवार को मोहित ने विश्व प्रसिद्ध बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन कर हिमालयी राज्यों को उत्तराखंड, हिमाचल को आपदा मुक्त रखने की प्रार्थना की।

बातचीत में मोहित ने बताया कि मुंबई की थकान भरी जिंदगी से कुछ समय आराम करने के लिए कुमाऊं क्षेत्र में आया हूं। कुमाऊं की खूबसूरती के बारे में जितना सुना था, उससे कहीं ज्यादा सुंदर है। वह परिवार के साथ मुक्तेश्वर, जागेश्वर, कसार देवी समेत अन्य क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। मोहित ने कहा कि इन दिनों मैदानी क्षेत्रों में काफी गर्मी पड़ रही है, लेकिन नैनीताल का मौसम और वातावरण बहुत खूबसूरत है।

कहा कि उनका जन्म हिमाचल प्रदेश में हुआ है, उनकी पत्नी उत्तराखंड से हैं। उनका पहाड़ों से अनमोल रिश्ता है। पहाड़ी होने के नाते उनका फर्ज है यहां की बोली, भाषा, संस्कृति को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया जाए। वह अपने गीत के माध्यम से हमेशा उत्तराखंडी और हिमाचली भाषा का प्रयोग करते हैं। उन्होंने नई फिल्म चमकीला के गीतों इश्क मिटाए और ख्वाजा में हिमाचली भाषा का समावेश करा है। मोहित ने बताया कि उनका हिमालय की वादियों से गहरा नाता रहा है।

### ओटीटी प्लेट फार्म ने दिया प्रतिभाओं को मौका



मोहित चौहान ने कहा कि 80 या 90 के दशक में अपनी कला का प्रदर्शन कर उसे जनता तक लाना चुनौती से कम नहीं था। पहले गीत को रिकॉर्ड करने के लिए शहर के स्टूडियो के चक्कर लगाने पड़ते थे। फिर रिकॉर्ड हुए गीत को जनता तक पहुंचाने में काफी समय लगता था। मगर अब ओटीटी प्लेटफार्म, इंटरनेट मीडिया के माध्यम से अपनी गायकी समेत सभी प्रकार की कला को आसानी ने जनता तक पहुंचाया जा रहा है। जिससे नई प्रतिभाओं को आसानी से मुंबई, दिल्ली जैसे महानगरों में आसानी ने मौका मिल रहा है।

# एसआईटी करेगी फर्जीवाड़ा करने वाली ट्रैवल एजेंसियों की जांच

- **मामले में अब तक हो चुकी हैं आठ गिरफ्तारियां**

**देहरादून।** फर्जी रजिस्ट्रेशन की आड़ में ट्रैवल एजेंसी चारधाम यात्रियों से ठगी कर रही हैं। जांच केंद्र पर हर रोज ऐसे मामले पकड़े जा रहे हैं। एसएसपी ने इसकी जांच के लिए एसआईटी गठित की है। इसमें अब तक 41 मामले दर्ज हुए हैं और 8 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। बिना रजिस्ट्रेशन यात्रियों व वाहनों की जांच के लिए ऋषिकेश व विकासनगर में जांच केंद्र बनाए गए हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए कड़ाई की जा रही है। चूंकि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है, इसका फायदा ट्रैवल एजेंसी वाले उठा रहे हैं। यह लोग चारधाम यात्रा के इच्छुकों का ऑनलाइन फर्जी रजिस्ट्रेशन कर मोटी रकम ऐंठ रहे हैं, जिसका पता जांच में चल रहा है।

ऐसे मामलों की संख्या अधिक होने से एसएसपी ने एसपी ग्रामीण लोकजीत सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया है। टीम में क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश संदीप नेगी, दो पुरुष व तीन महिला उपनिरीक्षक शामिल हैं। फर्जी रजिस्ट्रेशन करने वाली ट्रैवल एजेंसी के विरुद्ध अभी तक 41 अभियोग दर्ज हो चुके हैं।



उत्तराखंड के जंगलों में आग का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। वनाग्नि को शांत करने के लिए धामी सरकार हर संभव प्रयास कर रही है, लेकिन उसके प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। इसी बीच, रविवार को चमोली जिले में बद्रीनाथ से जोशीमठ को जोड़ने वाले हाइवे के पास जंगल में भीषण आग लग गई। जिस कारण प्रशासन को यातायात रोकना पड़ा। :एजेंसी

# नगर निकायों में प्रशासकों का कार्यकाल तीन माह और बढ़ा

**देहरादून, अमृत विचार :** नगर निकायों के चुनाव को लेकर जनप्रतिनिधियों को और इंतजार करना होगा। प्रदेश सरकार ने नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में प्रशासकों का कार्यकाल तीन महीने और बढ़ा दिया है।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावी होने से नगर निकायों की निर्वाचन प्रक्रिया होने में देरी हो रही है। इससे प्रशासकों का कार्यकाल तीन महीने और नगर निकायों के बोर्ड का गठन, जो भी पहले हो तब तक के लिए विस्तारित किया गया है। शहरी विकास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

# खेत में फैला करंट, चपेट में आने से दो की मौत

**संवाददाता, दिनेशपुर**

- **दिनेशपुर गांव में धान के खेत में पानी देखने गए थे दोनों**

अमृत विचार : पशुओं से फसल की सुरक्षा के लिए खेत में लगाए बिजली के तारबाड़ में फैले करंट की चपेट में आकर दो ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई।

चंडीपुर गांव के राजबिहारी राय (55) गांव के शेर सिंह के खेत में अधिया (बटाई) में खेती करते थे। परिजनों ने बताया कि शनिवार रात खेत में ट्यूबवेल से सिंचाई हो रही थी। राजबिहारी गांव के ही मनीपद मंडल (50) को लेकर खेत में पानी देखने गए। इसी दौरान दोनों आवारा जानवरों से फसल बचाने के लिए लगाए गए बिजली की तारबाड़ में फैले करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



राजबिहारी राय



मनीपद मंडल


# मोदी ने सुरक्षा को दुरुस्त करने की जरूरत पर दिया बल

## प्रधानमंत्री ने की कई बैठकों की अध्यक्षता, भीषण गर्मी और लू के कारण पैदा स्थिति को संभालने के दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा के सत्ता बरकरार रखने के प्रति आश्वस्त होने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आगामी सरकार के पहले 100 दिन के एजेंडे पर विचार-विमर्श किया। नई सरकार का गठन चार जून को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद किया जाएगा। कांग्रेस ने इस बैठक की आलोचना की और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खेला जा रहा मनोवैज्ञानिक खेल करार दिया साथ ही यह भी दावा किया कि वह पद छोड़ने वाले हैं। एग्जिट पोल में शनिवार को अनुमान जताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटेंगे और भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को लोकसभा चुनावों में भारी बहुमत से जीत मिल सकती है। लोकसभा चुनाव शुरू होने से बहुत पहले मोदी ने नई सरकार के लिये 100 दिन का एजेंडा तैयार करने के वास्ते विभिन्न सरकारी मंत्रालयों को काम सौंपा था। उन्होंने अपनी मंत्रिपरिषद से पहले 100 दिनों के लिए कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने के लिए कहा है। देश में आग लगने की विभिन्न घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भीषण गर्मी और लू के कारण पैदा हुई स्थिति की समीक्षा की और अस्पतालों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा को दुरुस्त करने की जरूरत पर बल दिया।

लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के अगले ही दिन प्रधानमंत्री ने कई बैठकों की अध्यक्षता की। उन्होंने पूर्वोत्तर के राज्यों में चक्रवात रेमल के कारण पैदा हुई बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की और अगली सरकार के 100 दिन के कार्यक्रम के एजेंडे की समीक्षा के लिए एक लंबे मंथन सत्र में भी भाग लिया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, देश के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आग की घटनाओं को रोकने और उससे निपटने के लिए नियमित आधार पर उचित अभ्यास किए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जंगलों में 'फायर लाइन' के रखरखाव और बायोमास के उपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाई जानी चाहिए।


नरेंद्र मोदी ने चक्रवात रेमल को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

### रेमल से प्रभावित राज्यों को केंद्र की ओर से हर संभव मदद मिलती रहेगी: प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार सुबह यहां अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न राज्यों में चक्रवात रेमल के प्रभाव की समीक्षा की और कहा कि केन्द्र सरकार प्रभावित राज्यों को हर संभव सहायता जारी रखेगी। बैठक में अधिकारियों ने इन राज्यों पर चक्रवात के प्रभाव के बारे में प्रधानमंत्री को विस्तार से जानकारी दी। मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन तथा बाढ़ के कारण जान माल की हानि भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री को बताया कि स्थिति को ध्यान में रखते हुए जरूरत के मुताबिक प्रभावित राज्यों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें तैनात की गई हैं। इन टीमों ने एयरलिफ्टिंग और सड़क से निकासी अभियान चलाया है।

## दिल्ली के एक मकान में सड़ी-गली अवस्था में मिला शव

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के एक मकान में 42 वर्षीय एक व्यक्ति का शव सड़ी-गली हालत में मिला है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात को नौ बजे फोन आया कि छतरपुर में किराए पर रह रहा रतन फोन नहीं उठा रहा है और उसका कमरा बंद है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया-रतन एक बहु राष्ट्रीय कंपनी में काम करता था। कॉल पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर मकान में घुसी। रतन का शव बिस्तर पर पड़ा था और अत्यधिक सड़ी-गली अवस्था में था। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में पुलिस ने पाया कि रतन पिछले एक साल से अकेले रह रहा था। उन्होंने कहा-अपराध शाखा की टीम को बुलाकर मामले की जांच की जा रही है।

## एग्जिट पोल कॉरपोरेट खेल और फर्जीवाड़ा है: संजय राउत

मुंबई, एजेंसी

- शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) के सांसद ने की टिप्पणी

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद संजय राउत ने रविवार को एग्जिट पोल को कॉरपोरेट खेल और फर्जीवाड़ा करार दिया और दावा किया कि एग्जिट पोल जारी करने वाली मीडिया कंपनियों पर दबाव था।

संवाददाताओं से बातचीत के दौरान संजय राउत ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) 543 सदस्यीय सदन (लोकसभा) में 295 से 310 सीट जीतेगा और सरकार बनाएगा। राउत ने यह भी कहा कि उन्हें एग्जिट पोल की जरूरत नहीं है क्योंकि वे धरातल पर काम करते हैं और मूक लहर से परिचित हैं। शनिवार को जारी हुए एग्जिट पोल में अनुमान जताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहेंगे। इसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। राउत ने दावा किया कि इन मीडिया कंपनियों पर बहुत दबाव है। एग्जिट पोल की कवायद कॉरपोरेट खेल और फर्डीवाड़ा है।



### एक नजर

#### असम में मादक पदार्थ के साथ 7 गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य की बराक घाटी में अलग-अलग अभियानों में सात लोगों को गिरफ्तार करके उनके पास से प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किये गये हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान शनिवार को चलाया गया। एक्स पर जानकारी साझा करते हुए शर्मा ने बताया कि पुलिस के मजबूत खुफिया नेटवर्क के आधार पर अभियान चलाया गया। करीमगंज पुलिस ने एक दुकान पर छापा मारा और करीब 800 किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति व 1.9 किलोग्राम हेरोइन के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया गया।

#### तमिलनाडु अभिनेता के बैग से मिलीं 40 गोलियां

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को पूर्व विधायक और अभिनेता करुणास के बैग से बन्दूक की 40 गोलियां बरामद हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अभिनेता के बैग की जांच करने पर उसमें से गोलियां बरामद हुईं, जब अधिकारियों ने उनसे इस संबंध में पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि उनके पास गोलियां रखने के लिए वैध दस्तावेज हैं। अधिकारियों ने करुणास को बताया कि उड़ान के अंदर गोलियां नहीं ले जाई जा सकती हैं।

## पुरी में पटाखा विस्फोट की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हुई

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। एक आधिकारिक घोषणा में बताया गया कि फिलहाल पुरी, भुवनेश्वर और कटक के विभिन्न अस्पतालों में कुल 17 लोग उपचाराधीन हैं। विशेष राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि घायलों में से दो की रविवार सुबह मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने दोपहर को दम तोड़ दिया। पुरी में 29 मई की रात भगवान जगन्नाथ की 'चंदन यात्रा' उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में हुए विस्फोट में 30 लोग घायल हो गए थे। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा के पुरी लोकसभा उम्मीदवार संबित पात्रा ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की।

## बंगाल में चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

कोलकाता, एजेंसी

- भाजपा ने सत्तारूढ़ टीएमसी पर लगाया हत्या का आरोप

पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में चुनाव के बाद हुई हिंसा में कुछ लोगों ने एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी। भाजपा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर पार्टी कार्यकर्ता की हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि, तृणमूल ने दावा किया है कि यह हत्या पारिवारिक कलह का नतीजा है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना जिले के उत्तरी हिस्से के कालीगंज में उस समय हुई जब भाजपा कार्यकर्ता हफीजुर शेख शनिवार रात अन्य लोगों के साथ कैरम खेल रहे थे। आरोप है कि 10-12 लोग मोटरसाइकिल पर आए और शेख की गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय लोगों ने दो घंटे से अधिक समय तक प्रदर्शन किया और पुलिस को शव उठाने नहीं दिया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। भाजपा की उत्तर नादिया इकाई के अध्यक्ष अर्जुन विश्वास ने आरोप लगाया कि तृणमूल के गुंडों ने पार्टी कार्यकर्ता की हत्या की। हालांकि, जिले के तृणमूल नेता रुकबानुर रहमान ने हत्या के पीछे पारिवारिक कलह को जिम्मेदार ठहराया है।

## मुंबई सिलसिलेवार विस्फोट मामले के दोषी पर जेल में जानलेवा हमला, मौत

**मुंबई।** मुंबई में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले के एक दोषी पर रविवार को कोल्हापुर के कलाम्बा केंद्रीय कारागार में पांच कैदियों ने जानलेवा हमला किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। जेल के स्नानागार में नहाने को लेकर अन्य कैदियों के साथ, प्रथम दृष्टया बहस होने के बाद 59 वर्षीय मुन्ना उर्फ मोहम्मद अली खान पर हमला किया गया। खान सिलसिलेवार विस्फोट मामले में उम्र कैद की सजा काट रहा था। पुलिस अधिकारी ने कहा-बहस के बीच, कुछ विचाराधीन कैदियों ने लोहे की जाली उठाई और उससे खान के सिर पर वार किया जिसके बाद वह जमीन पर गिर गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## असम में बाढ़ से छह लाख से ज्यादा लोग प्रभावित

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और 10 जिलों में छह लाख से अधिक लोग अब भी प्रभावित हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया, जिससे कई क्षेत्रों में प्रभावित हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। कोपिली, बराक और कुशियारा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ के कारण हैलाकांडी होजाई, मोरीगांव, करीमगंज, नागांव, कछार, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग पश्चिम और दीमा हसाओ जिलों में कुल 6,01,642 लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 28 मई से अब तक बाढ़ और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। नागांव सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 2.79 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए जबकि होजाई में 1,26,813 और कछार में 1,12,265 लोग प्रभावित हुए हैं। राज्य में 40,000 से अधिक लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है।


असम के नागांव जिले में चक्रवात रेमल के बाद हुई बारिश के बाद आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क पर दोपहिया वाहन से जाते लोग। • एजेंसी

- अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया

### केरल में भारी बारिश ऑरेंज अलर्ट जारी

**तिरुवनंतपुरम।** दक्षिण-पश्चिम मानसून के कारण केरल के विभिन्न हिस्सों में हो रही बारिश के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को राज्य के एर्णाकुलम जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जहां पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। ऑरेंज अलर्ट का मतलब है 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर तक की भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आने वाले घंटों में जिले के अलग-अलग स्थानों पर 'बहुत भारी बारिश' होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पतानमथिट्टा, अलप्पुझा, इडुकी और वायनाड जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

## भाजपा सांसद रामकृपाल पर हमले के सिलसिले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**पटना।** भाजपा के सांसद रामकृपाल यादव के काफिले पर यहां हमले के सिलसिले में एक व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान मसौढ़ी निवासी विकास यादव के रूप की गई है। उन्होंने बताया कि फरार आठ अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है। यादव ने आरोप लगाया कि उनके पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में मतदान खत्म होने के करीब एक घंटे बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समर्थकों ने उन पर और उनके काफिले पर हमला किया। उन्होंने दावा किया कि पटना के मसौढ़ी इलाके में शाम करीब साढ़े सात बजे हुए हमले में उनके कुछ समर्थक घायल भी हुए हैं।

## महिला ने 4 बच्चों को पानी की टैंक में फेंका, खुद भी जान देने का किया प्रयास

जयपुर, एजेंसी

- राजस्थान के बाड़मेर जिले की घटना, चारों बच्चों की हुई मौत
- पुलिस ने बताया-जांच में पारिवारिक कलह की बात सामने आई

राजस्थान के बाड़मेर जिले के सदर थाना क्षेत्र में रविवार को एक महिला ने अपने 4 बच्चों को खेत में बने पानी के टैंक में फेंक दिया और उसमें खुद भी कूद कर आत्महत्या करने की कोशिश की।

पुलिस ने बताया कि धने का तला गांव में हेमी देवी (35) ने अपने चार बच्चों को खेत के पास बने पानी के टैंक में फेंक दिया, इसके बाद वह खुद भी उसमें कूद गई। बाड़मेर के पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि एक महिला ने चार बच्चों को पानी की टंकी में फेंक दिया। इसके बाद वह स्वयं भी टंकी में कूद गई और आत्महत्या करने की कोशिश की। पानी में डूबने से चारों बच्चों की मौत हो गई। महिला को बचा लिया गया है और उसका उपचार जारी है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिला से पूछताछ की जा रही है कि उसने ऐसा क्यों किया।" उन्होंने बताया कि मृत बच्चों की पहचान संजू (9), मंजू (11), कृष्णा (7) और दिनेश (5) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में घटना के पीछे पारिवारिक कलह की बात सामने आई है। महिला का पति मजदूरी करता है। घटना के वक्त महिला की सास घर पर मौजूद थी।

# कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### किसानों ने दुग्ध उत्पादन में एक करोड़ रुपये का किया कारोबार

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर जिले के बिछड़ी में हिन्दुस्तान जिंक के सहयोग से संचालित घाटा वाली माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने गत वित्तीय वर्ष में एक करोड़ रुपये का कारोबार कर सशक्तिकरण की मिसाल कायम की है। जिंक द्वारा बीएआईएफ विकास अनुसंधान फाउण्डेशन के सहयोग से संचालित समाधान परियोजना के तहत दो पूर्व स्थापित महिलाओं के नेतृत्व वाली डेयरी, घाटावाली माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1 करोड़ रुपये का कारोबार कर अल्प समय में दुग्ध उत्पादन में पहचान बनाई है।

#### एनएमडीसी का लौह अयस्क उत्पादन घटा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी का उत्पादन मई, 2024 में 37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23.4 करोड़ टन रहा है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले साल इसी महीने में उसका लौह अयस्क का उत्पादन 37.1 करोड़ टन रहा था। एनएमडीसी की मासिक बिक्री भी मई में 22 प्रतिशत गिरकर 28.2 करोड़ टन रही है, जो पिछले साल इसी महीने में 36.2 करोड़ टन थी।

#### इन्फोसिस पर लगा 3,142 डॉलर का जुर्माना

**नई दिल्ली।** प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस पर अमेरिका के टेक्सास लोक लेखा नियंत्रक ने 3,142.02 डॉलर (करीब 2.60 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी है।

### आंकड़ों के अनुसार पिछले माह की अपेक्षा मई में शेयरों से निकासी हुई अधिक

# चुनाव नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने निकाले 25,586 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

आम चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और चीन के बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में भारतीय शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। यह मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के कारण अप्रैल के 8,700 करोड़ रुपये से अधिक के शुद्ध निकासी के आंकड़े से कहीं अधिक है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। वहीं जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की निकासी की थी। आम चुनाव के नतीजे चार जून को आने हैं। इससे निकट भविष्य में भारतीय बाजार में एफपीआई प्रवाह की दिशा तय होगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार विजयकुमार ने कहा कि मध्यम अवधि में अमेरिकी ब्याज दरें एफपीआई प्रवाह पर अधिक प्रभाव डालेंगी। आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में शेयरों से शुद्ध रूप से 25,586 करोड़ रुपये निकाले हैं। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक विपुल भोवर ने कहा-अपेक्षाकृत ऊंचे मूल्यांकन और विशेष रूप से वित्तीय और आईटी कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों के साथ राजनीतिक अनिश्चिता की वजह से एफपीआई भारतीय शेयरों से निकासी कर रहे हैं।

### भारत को वित्त वर्ष 2023-24 में सिंगापुर से मिला सबसे ज्यादा एफडीआई



भारत को बीते वित्त वर्ष (2023-24) में सिंगापुर से सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। हालांकि, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच देश में विदेशी निवेश के प्रवाह में 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, 2023-24 में सिंगापुर से एफडीआई प्रवाह 31.55 प्रतिशत घटकर 11.77 अरब डॉलर पर आ गया है, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि भारत ने उस देश (सिंगापुर) से सबसे अधिक निवेश आकर्षित किया है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान मॉरीशस, सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), केमैन आइलैंड, जर्मनी और साइप्रस सहित प्रमुख देशों से एफडीआई इक्विटी प्रवाह में कमी आई। हालांकि, नीदरलैंड और जापान से निवेश बढ़ा है।

## सीबीआईसी ने जीएसटी वसूली शीघ्र शुरू करने के जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि प्रधान आयुक्त या आयुक्त स्तर के अधिकारी मांग आदेश की तामील के लिए निर्धारित तीन महीने से पहले माल एवं सेवा कर (जीएसटी) बकाया वसूलने के निर्देश जारी कर सकते हैं। यदि कोई कर देने योग्य व्यक्ति सीजीएसटी अधिनियम के तहत पारित आदेश में तय राशि का तीन महीने के भीतर भुगतान नहीं करता है, तो कर अधिकारी इस अवधि की समाप्ति के बाद ही वसूली की कार्यवाही शुरू कर सकते हैं। हालांकि, असाधारण मामलों में जहां राजस्व के हित में ऐसा करना जरूरी है, लिखित में कारणों को दर्ज करने के बाद, कर देने योग्य व्यक्ति को तीन महीने से पहले राशि का भुगतान करने के लिए कह सकते हैं।

## मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर व्यापार व लघु उद्योग आशान्वित

नई दिल्ली, एजेंसी

- कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने जताई उम्मीद

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज कहा कि देश के व्यापारियों और लघु उद्योगों सहित व्यापारिक समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर बेहद आशान्वित है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से भाजपा उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि व्यापारी वर्ग देश के व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए आगामी पांच वर्षों को बेहद महत्वपूर्ण मान रहे हैं।

नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्षों में देश के छोटे व्यापारियों के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं, जिनसे देश में व्यापार में वृद्धि हुई है और इसी नीति के आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप आने वाले वर्षों में व्यापार के अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद है। घरेलू व्यापार और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, भारत के वैश्विक निर्यात में हिस्सेदारी सुधारने ओपी और कर संरचना को सरल बनाने के लिए नई पहल तथा व्यापार एवं लघु उद्योग के लिए नीतिगत समर्थन और महत्वपूर्ण कदम की आशा है ताकि कर अनुपालन आसानी से हो और सरकार के राजस्व में वृद्धि हो सके तथा जिसके बल पर भारत विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सके। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान में सकारात्मक माहौल और अपेक्षित राजनीतिक स्थिरता को देश के मजबूत विकास की कुंजी माना जा रहा है।

## भीषण गर्मी के बीच मई में एसी की बिक्री हो गई दोगुनी

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बीच मई में एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री में लगभग दोगुनी वृद्धि हुई है। प्रमुख एसी विनिर्माता कम ऊर्जा खपत वाले मॉडल के भंडार में कमी की समस्या से जूझ रहे हैं पर पारा 45 डिग्री से ऊपर चल रहा है। वहीं, एसी विनिर्माता असाधारण मांग से निपट रहे हैं, और इस महीने में अबतक की सबसे अच्छी बिक्री दर्ज की गई है। वोल्टास, एलजी, डाइकिन, पैनासोनिक और ब्लू स्टार जैसे प्रमुख ब्रांड की मई में मजबूत बिक्री देखी गई और उद्योग को पिछले साल की तुलना में 2024 में उनकी बिक्री में 30 से 35 प्रतिशत की समग्र वृद्धि की उम्मीद है।

## 10 कंपनियों में आठ का 2.08 लाख करोड़ घट गया बाजार पूंजीकरण

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,08,207.93 करोड़ रुपये की गिरावट हुई। सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और इन्फोसिस को हुआ।

इसके अलावा आईटीसी, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण भी घटा। वहीं एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) लाभ में रहीं। पिछले सप्ताह 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,449 अंक या 1.92 प्रतिशत टूटा था। शुक्रवार को यह 75.71 अंक या 0.10 प्रतिशत बढ़कर 73,961.31 अंक पर बंद हुआ। इससे पांच दिन से जारी गिरावट का सिलसिला टूटा। सूचकांक की प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 67,792.23 करोड़ रुपये घटकर 19,34,717.12 करोड़ रुपये रह गया, जबकि टीसीएस का एमकैप 65,577.84 करोड़ घटकर 13,27,657.21 करोड़ रुपये रह गया है।

## ग्राहक सेवा के लिए एआई का लाभ उठा रहीं हैं एयरलाइन कंपनियां

**नई दिल्ली।** भारतीय एयरलाइंस ग्राहक सेवा कर्मचारियों के काम के बोझ को कम करने और यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का लाभ उठा रही हैं।

एयर इंडिया ने अपनी पांच वर्षीय बदलाव योजना के तहत एआई का व्यापक उपयोग करने की तैयारी की है। इसका जेनरेटिव एआई वर्चुअल एजेंट एआई.जी 1,300 से अधिक विषयों को संभालता है। इसी तरह देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के पास एआई चैटबॉट 6एस्काई है, जिसमें 1.7 लाख करोड़ मानक हैं, जिससे यह आसानी से सवालों के जवाब दे सकता है।

## रेपो दर में कटौती नहीं करेगा रिजर्व बैंक

मुंबई, एजेंसी

- 5-7 जून के लिए निर्धारित एमपीसी की बैठक को लेकर विशेषज्ञों ने जताई संभावना




मुद्रास्फीति की चुनौतियों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 5-7 जून के लिए निर्धारित है।

विशेषज्ञों ने कहा कि एमपीसी दर में कटौती से परहेज कर सकती है, क्योंकि आर्थिक वृद्धि जोर पकड़ रही है। रेपो दर फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत पर कायम है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी बैठक के फैसले की घोषणा 7 जून (शुक्रवार) को की जाएगी। लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे। यदि सात जून को ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया जाता है, तो यह यथास्थिति बनाए रखने का आठवां मौका होगा। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि पिछली नीति के बाद से आर्थिक स्थितियां काफी हद तक अपरिवर्तित बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि पीएमआई और जीएसटी संग्रह जैसे उच्च आवृत्ति संकेतक दिखाते हैं कि वृद्धि सही दिशा में है। उन्होंने आगे कहा कि मुद्रास्फीति पर चिंता बनी हुई है और गर्मी ने विशेष रूप से सब्जियों की कीमतों को प्रभावित किया है। उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने भी उम्मीद जताई कि आगामी एमपीसी बैठक में रेपो दर को अपरिवर्तित रखने की उम्मीद है, क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है।

## मेक्सिको को मिल सकती है पहली महिला राष्ट्रपति


निवर्तमान राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज और प्रथम महिला बीट्रिज गुटिरेज मेलर रविवार को मेक्सिको सिटी में आम चुनाव के दौरान मतदान करने पहुंचे। ● एजेंसी

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के लोग रविवार को देश के इतिहास में संभवता पहली महिला राष्ट्रपति चुनेंगे। इस बार राष्ट्रपति पद के तीन उम्मीदवारों में से दो महिलाएं हैं। इनमें से एक पूर्व शिक्षाविद् हैं जिन्होंने वर्तमान नेता की लोकलुभावन नीतियों को आगे बढ़ाने का वादा किया है तथा एक पूर्व सीनेटर एवं तकनीकी उद्यमी हैं जिन्होंने मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े गिरोहों से निपटने का वादा किया है। राष्ट्रपति पद के लिए दोनों प्रमुख उम्मीदवार महिलाएं हैं। तीसरे उम्मीदवार जॉर्ज अल्वारेज मेनेज हैं। निवर्तमान राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर की जगह नए राष्ट्रपति के चुनाव के लिए देश में 10 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं।

## इजराइली पासपोर्ट धारकों पर मालदीव लगाएगा प्रतिबंध

**माले।** मालदीव सरकार ने इजराइली पासपोर्ट धारकों को हिंद महासागर द्वीपसमूह में प्रवेश करने से प्रतिबंधित करने के लिए कानूनों में संशोधन करने का रविवार को फैसला किया। यह फैसला गाजा पर इजराइली सेना द्वारा किए गए हमलों को लेकर मालदीव में बढ़ते जनाक्रोश के बीच लिया गया है।

समाचार पोर्टल सन.एमवी की खबर के अनुसार, राष्ट्रपति कार्यालय में एक आपातकालीन प्रेस वार्ता में गृह मंत्री अली इहुसन ने इस फैसले की घोषणा की। मंत्रिमंडल ने इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए मंत्रियों की एक विशेष समिति गठित की है। मालदीव में हर साल दस लाख से अधिक पर्यटक आते हैं। इसमें इजराइल से लगभग 15,000 पर्यटक शामिल हैं।

# जीवन है अनमोल इसलिए हेलमेट का सही चयन जरूरी

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022 में भारत में सड़क दुर्घटना में 1,68,491 लोगों की मौत हो गई, जिसमें से 52000 लोगों की मौत हेलमेट न पहनने के कारण हुई। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के मुताबिक दोपहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। लेकिन भारत में तो अधिकांश लोग सिर्फ चालान से बचने के लिए हेलमेट पहनते हैं। इसलिए वे सस्ते और कमजोर हेलमेट खरीद लेते हैं। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि हेलमेट की क्वालिटी कैसी है। इसलिए आज बात हेलमेट क्वालिटी की। अगर आप हेलमेट खरीदने जा रहे हैं तो किन बातों का ध्यान रखें। क्वालिटी चेक कैसे करें।

### इन मौकों पर विशेष ध्यान रखें

- ऑफिस आने-जाने वक्त बाइक का इस्तेमाल के समय
- प्रोफेशनल बाइक राइडिंग के वक्त
- हाईवे पर बाइक से लॉन्ग ट्रैवल के समय

### हेलमेट सर्टिफिकेशन आवश्यक, मानदंडों का पालन करना अनिवार्य

हेलमेट बनाते हुए सुरक्षा के कुछ जरूरी मानदंडों का पालन करना अनिवार्य होता है। विभिन्न देशों में अलग-अलग संस्थाएं इसे सर्टिफाइड करती हैं। डॉट- यह सबसे कॉमन सर्टिफिकेशन है, लेकिन यह सबसे सुरक्षित नहीं है। ईसीई सर्टिफिकेशन- इसका सबसे कॉमन ईसीई 22.05 है। हालांकि नया मानक ईसीई 22.06 है। स्नेल- यह अमेरिकन संस्था है, जो हर 5 साल में अपने टेस्ट के मानकों को अपडेट करती है। आईएसआई- भारत में हेलमेट आईएसआई सर्टिफिकेशन के साथ होना जरूरी है। हालांकि इसके पास कोई मानक टेस्ट प्रक्रिया नहीं है, लेकिन एक मानदंड यह है कि वजन बहुत ज्यादा नहीं होना चाहिए।



### हेलमेट खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान

- हवा और साउंड के लिए प्रॉपर वेंटिलेशन
- ऊपरी हिस्से में अंदर की तरफ सॉफ्ट कुशनिंग
- हेलमेट का ग्लास एरिया और आई व्यू
- हेलमेट का साइज ऐसा हो जो सिर में बिल्कुल फिट रहे

### ऐसे जांचें अच्छी क्वालिटी है या नहीं

दोपहिया वाहन चलाते हुए सबसे बुनियादी और जरूरी चीज है हेलमेट। हेलमेट ऐसा होना चाहिए कि सिर पर चाहे कितने जोर की चोट लगे, सिर बिल्कुल सही-सलामत रहे। इतना मजबूत होना चाहिए कि हथौड़ा मारो तो भी नहीं टूटे। हेलमेट कोई फैशन एक्सेसरी तो है नहीं।

## एक नजर

### लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत पर हमला

**सना।** यमन के अंसार अल्लाह आंदोलन जिसे आमतौर पर हूती के नाम से भी जाना जाता है, ने लाल सागर में एक अमेरिकी विमानवाहक पोत और कई जहाजों पर हमला किया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या साड़ी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा हूती नौसेना की मिसाइल इकाइयों और ड्रोन ने छह अभियान चलाए हैं। अमेरिकी विमानवाहक पोत ड्वाइट आइजनहावर पर उत्तरी लाल सागर में मिसाइलें और ड्रोन के साथ कई लोगों ने हमला किया था। इसके अलावा लाल सागर में एक अमेरिकी विध्वंसक पर भी हमला किया गया।

### प्रसारण संघ का अभिनेता को पुरस्कार नहीं देने का फैसला

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के एक प्रसारण संघ ने मशहूर अभिनेता रॉबर्ट डी नीरो को एक नियोजित पुरस्कार नहीं देने का फैसला किया है क्योंकि उन्होंने न्यूयॉर्क में अदालत के बाहर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ टिप्पणियां की थीं। रॉबर्ट डी नीरो को अगले सप्ताह वाशिंगटन में नेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्रॉडकास्टर्स (एनएबी) द्वारा पुरस्कार दिया जाना था।

### ईरान ने स्वीडन के राजदूत को तलब किया

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को तेहरान के खिलाफ अपने देश के निराधार और पक्षपातपूर्ण आरोपों पर स्वीडन के राजदूत को तलब किया। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि विदेश मंत्रालय ने स्वीडिश दूत के साथ बैठक के दौरान स्टॉकहोम में एक स्वीडिश अधिकारी द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों के खिलाफ तेहरान के विरोध से अवगत कराया। इरना के अनुसार यह टिप्पणी दुष्प्रचार पर आधारित और इज़रायल के प्रभाव में की गई थी।

### वैश्विक महामारियों से निपटने के लिए मजबूत कदम जरूरी

**जिनेवा।** डब्ल्यूएचओ के सदस्य देशों ने कोविड-19 और एमपॉक्स जैसी वैश्विक महामारियों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर तैयारी में सुधार करने संबंधी नए कदमों को शनिवार को मंजूरी दी और वृहद संधि पर सहमत होने के लिए नयी समय सीमा तय की। डब्ल्यूएचओ ने यह जानकारी दी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि देशों ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों में संशोधन करने पर सहमति जताई जैसे कि वैश्विक महामारी आपातकाल शब्द को परिभाषित करना और विकासशील देशों को वित्तपोषण एवं चिकित्सा उत्पादों तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करना।

# चीन ने चंद्रमा के सुदूर हिस्से में उतारा अंतरिक्ष यान, चट्टानों के लेगा नमूने

## चाइना के मून मिशन के लिए काफी अहम माना जा रहा है यह चंद्रयान


**बीजिंग, एजेंसी**

- मिशन का नाम चीन की पौराणिक चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया

चीन के स्पेस मिशन ने रविवार को बड़ी कामयाबी हासिल की है। बीते माह लॉन्च किए गए चांग ई-6 मून लैंडर ने लगभग एक महीने बाद रविवार सुबह चांद के सुदूर हिस्से पर सफल लैंडिंग की। ये लैंडिंग चीन के मून मिशन के लिए काफी अहम मानी जा रही है। इसके जरिए चीन चांद के अंधेरे हिस्से से सैंपल लाने वाला पहला देश बनना चाहता है। चीन की स्पेस एजेंसी के मुताबिक चांग ई-6 लैंडर चांद के दक्षिणी ध्रुव-ऐटकेन बेसिन में उतरा। यहां से चंद्रमा की सतह के नमूने इकट्ठा करना शुरू करेगा।

यह चीन का अब तक का सबसे मुश्किल मून मिशन है। पहली बार चीन ने ही 2019 में अपने चांग''ई-4 मिशन के जरिए ऐसा किया था। सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक चांग ई-6 की सफलता से चीन चांद पर बेस बनाने में अमेरिका और दूसरे देशों से आगे निकल सकता है। अगर सब उम्मीद के मुताबिक हुआ तो लैंडर चांद की सतह से 2 किलो के सैंपल लाएगा। सैंपल लेने के लिए लैंडर में ड्रिल कर खोदने और फिर मलबे को उठाने की मैकेनिकल आर्म लगाई गई है।

सैंपल को लैंडर के सबसे ऊपर लगे हिस्से में रखा जाएगा। इसके बाद एक दूसरा स्पेसक्राफ्ट चांद के इस हिस्से में भेजकर लैंडर को वापस धरती पर लाया जाएगा। इसकी लैंडिग 25 जून के आसपास मंगोलिया में होगी। चांद के इस हिस्से पर लैंडिंग दूसरे हिस्सों के मुकाबले ज्यादा मुश्किल है। इसकी वजह ये है कि चांद के इस हिस्से में अंधेरा होता है, ये उबड़-खाबड़ है। इसके चलते यहां संपर्क मुश्किल होता है और लैंडिंग में परेशानी आती हैं।


चंद्रमा की सतह पर रोवर।

### 2030 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजना चाहता है चीन

चीन को 2030 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजना है। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चीन एक रिसर्च बेस बनाना चाहता है। एक्सपट्र्स के मुताबिक चांग ई-6 लैंडर जो सैंपल लेकर आएगा उनसे चंद्रमा, पृथ्वी और सौर मंडल के बनने और उनका विकास होने से जुड़े सुराग मिल पाएंगे। इस डेटा का इस्तेमाल चीन के आने वाले मून मिशन्स में होगा। 2020 में चीन का चांग ई-5 भी चांद से 1.7 किलो सैंपल लेकर लौटा था। हालांकि, ये सैंपल चांद के पास के इलाके ओशिएनस प्रोसेलेरम से लिए गए थे। चीन तीन और मून मिशन की तैयारी में है।

### पिछले साल भारत ने दक्षिणी ध्रुव पर उतारा था प्रज्ञान रोवर

भारत पिछले साल चंद्रमा के कम खोजे गए दक्षिणी ध्रुव हिस्से के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया था। प्रज्ञान रोवर को लेकर पहुंचा चंद्रयान-3 का लैंडर वहां सफलतापूर्वक उतरा था। चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र तक मिशन भेजना ज्यादा मुश्किल है क्योंकि यह पृथ्वी के सामने नहीं होता जिसके कारण संचार बनाए रखने के लिए रिले उपग्रह की आवश्यकता होती है। साथ ही यह हिस्सा अधिक उबड़-खाबड़ है जहां लैंडर के उतरने के लिए बहुत ही कम समतल भूमि है।

## दिव्यांगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए शुरू किया अभियान

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक गैर सरकारी संगठन ने बौद्धिक रूप से दिव्यांग लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने के लिए एक नई पहल शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत पहले साल भारत में 10 हजार लोगों की मदद की जाएगी। हितार्थ परियोजना के तहत अमेरिका स्थित वायस ऑफ स्पेशियली एबल्ड पीपुल (वीओएसएपी) ने सामाजिक कार्यकर्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए परिवार एनसीपीओ (नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ पैरेंट्स ऑर्गेनाइजेशंस) के साथ साझेदारी की है।

इसमें कहा गया है कि इस साझेदारी का मकसद बौद्धिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को जरूरी चिकित्सा, दंत चिकित्सा, ओपीडी सेवा सुलभ कराने में सहायता करना तथा भारत सरकार की 'निरामय' योजना के तहत प्रति वर्ष एक लाख रुपये तक की प्रतिपूर्ति प्राप्त कराना है। वीओएसएपी के कैलिफोर्निया स्थित संस्थापक प्रणव देसाई ने कहा हम वीओएसएपी प्रभाव को विस्तारित करने के लिए इस नए मॉडल के साथ उपलब्ध अवसरों को लेकर बहुत उत्साहित हैं जो भारत सरकार के मौजूदा कार्यक्रमों और परिवार जैसे हमारे विश्वसनीय और प्रतिष्ठित साझेदारों की ताकत का लाभ उठाता है।

# जेलेंस्की ने कहा- चीन के दखल से जंग लंबी खिंचेगी

**सिंगापुर, एजेंसी**

- वह रूस को हथियार मुहैया करा रहा, दुनिया के लिए गलत संदेश



यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन-रूस जंग में चीन रूस का समर्थन कर रहा है। चीन के दखल से यह जंग लंबे समय तक चलेगी। जेलेंस्की ने यह बात सिंगापुर में आयोजित शांगरी ला मंच में कही है। जेलेंस्की ने कहा कि चीन का यह कदम दुनिया के लिए गलत संकेत है। इससे चीन की नीतियां भी गलत साबित होती हैं। चीन कहता है कि वह हर देश की स्वतंत्रता का समर्थन करता है। इसके बाद किसी देश को बर्बाद करने के लिए हथियार या समर्थन देना कोई अच्छी बात नहीं है।

अमेरिका भी चीन पर यही आरोप लगा चुका है कि वह लगातार रूस को हथियार दे रहा है। इसके लिए कई बार चीन को चेतावनी दी गई है पर चीन ने इन आरोपों को खारिज किया है।

जेलेंस्की ने कहा कि चीन लगातार दावा करता रहा है कि वह शांति समर्थक है, जबकि वह लगातार रूस की आर्थिक मदद कर रहा है। फरवरी 2022 से शुरू हुई जंग के बाद चीन लगातार रूस से अपने संबंध मजबूत बनाने में लगा है।

**रूस कई देशों को सम्मेलन में शामिल होने से रोक रहा :** जेलेंस्की ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शांति सम्मेलन को बाधित करने के लिए रूस कई देशों को दिए जाने वाले कृषि, खाद्य और रासायनिक उत्पादों पर बैन लगाने की धमकी दे रहा है। रूस कई देशों से कह रहा कि वे इस शिखर सम्मेलन में न जाए। जेलेंस्की ने कहा कि शिखर सम्मेलन में चीन के शामिल नहीं से पता चलता है चीन किसे चाहता है।

### रूस के हमलों के बाद यूक्रेन में हुई बिजली गुल

**कीव।** रूस द्वारा बुनियादी ऊर्जा ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमले किए जाने और पूर्वी दोनेत्स्क प्रांत में बढ़त हासिल करने का दावा किए जाने के एक दिन बाद यूक्रेन ने रविवार को देश के अधिकांश हिस्सों में आपातकालीन बिजली कटौती लागू कर दी। शनिवार को ऊर्जा संयंत्रों को लक्ष्य बनाकर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए जाने के बाद यूक्रेन के तीन इलाकों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। इन हमलों में कम से कम 19 लोग घायल हुए हैं।

## रूपर्ट मर्डोक ने 93 साल की उम्र में पांचवी बार की शादी



**न्यूयॉर्क।** मीडिया दिग्गज रूपर्ट मर्डोक ने 93 साल की उम्र में पांचवी बार शादी की। उनकी कंपनी न्यूज कॉर्प ने इस जानकारी की पुष्टि की। मर्डोक और 67 वर्षीय रूसी मूल की सेवानिवृत्त आणविक जीवविज्ञानी एलेना जुकोवा ने शनिवार को कैलिफोर्निया के बेल एयर स्थित अपने फार्म हाउस में शादी की। मर्डोक ने इससे पहले साल 2016 में अभिनेत्री जेरी हॉल से शादी की थी। हालांकि 2022 में उनका तलाक हो गया था।

## कचरे से लदे 600 से अधिक गुब्बारे द. कोरिया में गिराए

**सोल, एजेंसी**

- उत्तर कोरिया की कारस्तानी दक्षिण कोरिया जवाबी कदम उठाने पर विचार कर रहा

उत्तर कोरिया के कचरा ढोने वाले 600 से अधिक गुब्बारे लगातार पांच दिनों से जीपीएस सिग्नल जाम होने के बीच दक्षिण कोरिया में गिरे है। सोल की सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया जवाबी कदम उठाने पर विचार कर रहा है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उसने 600 से अधिक गुब्बारों का पता लगाया है जो दोनों कोरिया को अलग करने वाली सैन्य सीमांकन रेखा के पार तैरते हुए शनिवार रात आठ बजे से रविवार सुबह दस बजे के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में गिरे थे। जेसीएस के अनुसार गुब्बारों में पिछले गुब्बारों की तरह ही सिगरेट के टुकड़े, कागज और प्लास्टिक की थैलियां जैसे कचरे के विभिन्न टुकड़े थे। दक्षिण कोरिया के कार्यकर्ताओं द्वारा भेजे गए प्योंगयांग विरोधी पर्चों के खिलाफ जैसे को तैसा कार्रवाई की चेतावनी दी।



## कुवैत में नए क्राउन प्रिंस बने शेख सबा

**कुवैत सिटी।** कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने शेख सबा अल-खालिद अल-सबा को नया क्राउन प्रिंस नियुक्त करने का फरमान जारी किया है। कुवैत के सरकारी टेलीविजन ने शनिवार को यह जानकारी दी।



1953 में कुवैत में जन्मे शेख सबा ने पहले 2019 से 2022 तक देश में प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। कुवैत विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में डिग्री के साथ स्नातक होने के बाद, नए राजकुमार ने एक बार संयुक्त राष्ट्र में कुवैत के स्थायी प्रतिनिधि, सऊदी अरब में राजदूत और विदेश मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

# नाबालिग के मां-बाप 5 तक हिरासत में

**पुणे, एजेंसी**

### पुणे कार हादसा

- रक्त के नमूने बदले जाने के मामले में चल रही जांच
- सबूत नष्ट करने पर कोर्ट से मांगी गई थी दोनों की हिरासत



पुणे की एक अदालत ने रविवार को पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय लड़के के माता-पिता को सबूत नष्ट करने के मामले में 5 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। महाराष्ट्र के पुणे शहर में 19 मई को हुई कार दुर्घटना के बाद नाबालिग के रक्त के नमूने बदले जाने में उनकी कथित भूमिका के लिए दोनों के खिलाफ जांच की जा रही है।

इस हादसे में दो आईटी पेशेवरों की जान चली गई थी। नाबालिग आरोपी की मां शिवानी अग्रवाल को 1 जून को यह खुलासा होने के बाद गिरफ्तार किया गया था कि नाबालिग के रक्त के नमूने को मां के नमूने से बदल दिया गया था। आरोपी के पिता एवं रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल को मामले में सबूत नष्ट करने में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने नाबालिग के माता-पिता को यहां की एक अदालत में पेश किया और उनकी रिमांड का अनुरोध किया। दोनों को पांच जून तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

### ड्रिंक एंड ड्राइव के चालान छोड़ मालिश करा रहा था ट्रैफिक उप निरीक्षक

**पुणे।** जिस रात नाबालिग पब से शराब पीकर निकला था उसी रास्ते में डिंक एंड ड्राइव की चेकिंग के लिए यरवदा यातायात उप निरीक्षक तैनात थे। एक वायरल वीडियों में वह चेकिंग के बजाय मालिश कराते दिख रहे हैं। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस उपायुक्त ने स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने कहा है कि वह दो दिन से ड्यूटी पर था इसलिए टांगों की राहत के लिए मालिश करा रहा था। उन्होंने यह भी कहा है कि मामले की जांच जारी है। अगर वह दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## बॉलीवुड हलचल

### सोनू सूद की फिल्म फतेह में हुई नसीरउद्दीन शाह की एंट्री



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म फतेह में नसीरउद्दीन शाह की एंट्री हो गयी है। सोनू सूद काफी दिनों से फिल्म फतेह को लेकर चर्चा में बने हुये हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह की एंट्री हो गई है। सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है, साथ ही उन्होंने नसीरुद्दीन के साथ काम करने को लेकर अपनी राय रखी हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में सोनू सूद ने लिखा, नसीर सर आपका तहे दिल से स्वागत है। जिस शख्स की पूरी जिंदगी मैंने सिर्फ और सिर्फ तारीफ की है, उसका निर्देशन करना मेरे लिए बेहद खास रहा। आपको फतेह पर काफी गर्व होगा सर। फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ जैकनील फर्नांडीस अहम रोल में नजर आने वाली हैं।

### सन्नी देओल, प्रीति जिंटा की लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सन्नी देओल और अभिनेत्री प्रीति जिंटा की आने वाली फिल्म लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी हो गयी है। आमिर खान निर्मित और राजकुमार संतोषी निर्देशित गदर 2 के बाद अब दर्शकों को सन्नी देओल की लाहौर 1947 का बेसब्री से इंतजार है।



इस बात की जानकारी प्रीति जिंटा ने अपने एक पोस्ट के जरिए दी है। प्रीति जिंटा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें फिल्म के सेट की कई सारी तस्वीरें नजर आ रही हैं। शूटिंग रैप अप होने की खुशी में सेट इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि लाहौर 1947 का रैप अप और मैं इस अविश्वसनीय अनुभव के लिए पूरी कास्ट और क्रू की जितनी आभारी हूं, उतना कम है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप सभी इस फिल्म की उतनी ही सराहना करेंगे और इसका उतना ही आनंद लेंगे, जितना हमने इसे बनाते समय लिया।

## ईरान के पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद ने दाखिल किया नामांकन

**दुबई।** ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रविवार को नामांकन दाखिल किया। देश के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलीकॉप्टर हादसे में मृत्यु के बाद वहां चुनाव कराए जा रहे हैं। अहमदीनेजाद के नामांकन से सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई दबाव में आएंगे।

अहमदीनेजाद ने 85-वर्षीय सर्वोच्च नेता को खुली चुनौती दी थी और 2021 के राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की उनकी कोशिशों को अधिकारियों ने विफल कर दिया था। उन्होंने ऐसे वक्त में अपना नामांकन दाखिल किया है जब ईरान और पश्चिमी देशों के बीच तेहरान के परमाणु कार्यक्रम, रूस को हथियार देने और असंतुष्टों पर कार्रवाई को लेकर तनाव बढ़ रहा है। पत्रकारों ने तेहरान में देखा कि अहमदीनेजाद गृह मंत्रालय पहुंचे और चुनाव के लिए पंजीकरण शुरू की।

**खुलासा** | जम्मू-कश्मीर के डीजीपी ने कहा- पाकिस्तान नशा सामग्री को भेजने से बाज नहीं आ रहा

# सीमा पार से घुसपैठ की फिराक में 70 आतंकवादी

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि रंजन स्वैन के अनुसार एलओसी के पार स्थित लॉन्च पैड पर सक्रिय लगभग 60 से 70 आतंकवादी भारत में घुसपैठ की फिराक में हैं। उन्होंने कहा कि घटती क्षमता के बावजूद पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में लोगों और नशा सामग्री को भेजने से बाज नहीं आ रहा है। ड्रोन के जरिये हथियार समेत अन्य सामग्री गिराए जाने की चुनौतियां लगातार जारी हैं। स्वैन ने कहा कि भारतीय सुरक्षाकर्मियों की दृढ़ प्रतिबद्धिता के कारण दुश्मन का सफल होना बहुत मुश्किल है।


डीजीपी रश्मि रंजन स्वैन।

जम्मू-कश्मीर पुलिस और अपराध जांच विभाग (सीआईडी) का दोहरा कार्यभार संभाल रहे स्वैन ने कहा हमारे सुरक्षा साझेदारों के साथ बैठकों में हम आमतौर पर इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि यह एक तथ्य है कि प्रतिद्वंद्वी या दुश्मन ने लोगों और सामग्री को भेजने पर रोक नहीं लगाई है।

उन्होंने क्षेत्र में पश्चिमी पड़ोसी देश से आए विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को अस्थिर करने की दुश्मन की क्षमता को और कम करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। मैं कहूंगा कि दुश्मन का इरादा वही है, क्षमता निश्चित रूप से कम हुई है, लेकिन कभी-कभार व्यवस्था को झकझोरने और आपको अस्थिर करने की क्षमता उसमें अब भी मौजूद है।

### चुनौतियों से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध : स्वैन

स्वैन ने कहा कि किसी एक समय पर संभवता पाएंगे कि अलग-अलग स्थानों पर पांच या छह के समूहों में लगभग 60-70 लोग हमारी तरफ भेजे जाने का इंतजार कर रहे हैं। सेना, अर्धसैनिक बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच तालमेल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं कि हम दुश्मन की सफलता को मुश्किल बना देंगे। ड्रोन से सामान गिराए जाने के मुद्दे पर स्वैन ने कहा कि ये गतिविधियां एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करती हैं क्योंकि ये हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक, नकदी की तस्करी को सुगम बनाती हैं। इस खतरे का मुकाबला करने में प्रगति हुई है फिर भी इन गतिविधियों को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए निरंतर सतर्कता की आवश्यकता है।

### पाक के लिए हिसाब रखने वालों ने चुनावी प्रक्रिया में लिया भाग

डीजीपी ने कहा है कि अतीत में दुश्मन के लिए काम करने और हिसाब-किताब रखने वाले लोगों ने इस बार चुनावी प्रक्रिया में भाग लिया। स्वैन ने लोगों के भयमुक्त होने को रेखांकित करते हुए कहा इस साल के लोकसभा चुनाव में जम्मू कश्मीर में उल्लेखनीय मतदान प्रतिशत रहा। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से जम्मू कश्मीर में हुए पहले बड़े चुनावी मुकाबले में, (कश्मीर) घाटी की तीन लोकसभा सीट श्रीनगर, बारामूला और अनंतनाग-राजौरी में पिछले तीन दशकों में अब तक का सर्वाधिक मतदान हुआ।